✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 328 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 27 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



मुंगेर के तारापुर में अपने पिता शकुनी चौधरी से आशीर्वाद लेते सीएम सम्राट चौधरी

### मुख्यमंत्री ने ढोल पहाड़ी पर 12.49 करोड़ की लागत से रखी इको-टूरिज्म परियोजना की आधारशिला

# लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा पूरा : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को तारापुर विधानसभा के असरगंज पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस धरती पर उनका जन्म हुआ वहीं पहली बार मुख्यमंत्री बनकर सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों के प्यार और समर्थन का परिणाम है और अब क्षेत्र के हर अधूरे सपने को पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक नीतीश कुमार ने बिहार को संवारा है, अब उसे समृद्धि की ओर ले जाना उनके लिए चुनौती है, जिस पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के लिए वित्त की कोई कमी नहीं है और सभी लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को उद्योग से



जोड़ने, बच्चियों की शिक्षा और युवाओं को रोजगार से जोड़ने को अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सीएमओ स्तर से ब्लाक, अंचल और थाने की मानिटरिंग की बात कही। हर माह दो दिन विशेष अभियान चलाकर लंबित मामलों का निपटारा होगा और एक माह से अधिक आवेदन रोकने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। ढोल पहाड़ी पर 12.49 करोड़ की लागत से इको-टूरिज्म परियोजना की आधारशिला रखते हुए इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई। इसे फोरलेन सड़क से जोड़कर सुल्तानगंज तक सीधी कनेक्टिविटी दी जाएगी। देवघरा पहाड़ के लिए 26 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026 तक पांच लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य है। इसमें पीरपैंती पावर प्लांट में 1.36 लाख करोड़ निवेश हो रहा है। युवाओं को राज्य में ही रोजगार देने और महिलाओं को जीविका योजना के तहत सहायता राशि शीघ्र देने का भरोसा भी दिलाया। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीन ड्राइव परियोजना से गंगा के पानी को नियंत्रित किया जाएगा। साथ ही हनुमाना डैम, खड़गपुर झील और फूलीडूमर तक पानी पहुंचाकर किसानों को लाभ मिलेगा। सोलर ऊर्जा के माध्यम से हर घर को एक किलोवाट बिजली उपलब्ध कराने की योजना है। जमीन अधिग्रहण पर स्पष्ट रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि विकास के लिए यह जरूरी है और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी हाल में बर्दाश्त नहीं होगा।

## पुलिस ने इनामी टिंकू यादव को मारी गोली

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रोह थाना क्षेत्र में पुलिस और एक इनामी बदमाश के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम पर फायरिंग करने के बाद जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी टिंकू यादव क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## जमुई में नकली पेट्रोल-डीजल फैक्ट्री का भंडाफोड़, माफियाओं में हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** जिले में अवैध पेट्रोल-डीजल कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नकली पेट्रोल और डीजल बनाने वाली एक फैक्ट्री का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सक्रिय तेल माफियाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस कप्तान के निर्देश पर चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के बासुकीटांड़ चौक के पास छापेमारी की गई जहां लंबे समय से अवैध रूप से मिलावटी ईंधन तैयार किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मौके से करीब 60 ड्रमों में भरा हुआ लगभग 12 हजार लीटर नकली पेट्रोल और डीजल बरामद किया। इसके साथ ही एक मकान से 100 से अधिक खाली ड्रम, ईंधन बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल, कच्चा माल, मोटर, पाइप और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार यह गिरोह बड़े पैमाने पर नकली ईंधन तैयार कर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था। इस संयुक्त कार्रवाई में चकाई और चंद्रमंडीह थाना की पुलिस टीम शामिल रही। मौके पर चकाई थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार, चंद्रमंडीह के प्रभारी थानाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद और अवर निरीक्षक रितेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। पूरे अभियान को बेहद सावधानी और गोपनीयता के साथ अंजाम दिया गया। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि जब्त किए गए सभी ड्रमों को सुरक्षित कर लिया गया है और मामले की जांच के लिए आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया है। जांच के बाद यह स्पष्ट होगा कि नकली ईंधन में किन-किन रसायनों का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में संबंधित आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। साथ ही इस गिरोह के नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि नकली ईंधन किन पेट्रोल पंपों या दुकानों तक पहुंचाया जा रहा था। इस कार्रवाई को जमुई पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है जिससे न केवल अवैध कारोबार पर रोक लगेगी बल्कि आम लोगों को मिलावटी ईंधन से होने वाले नुकसान से भी बचाया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** रून्नीसैदपुर प्रखंड के बघौनी गांव में एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना रुन्नीसैदपुर प्रखंड के बघौनी गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी शिव नारायण साह की 10 वर्षीय बेटी निशा कुमारी और 12 वर्षीय अनिल कुमार रविवार की सुबह करीब 9 बजे अपने घर से निकलकर पास से बहने वाली बागमती नदी में स्नान करने गए थे तभी डूबने से दोनों की मौत हो गयी।

### डिग्री कॉलेजों में मेरिट लिस्ट से मिलेगा प्रवेश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नये डिग्री कॉलेजों में नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन फार्म में अपनी पसंद के कॉलेजों को प्राथमिकता क्रम में चुनाव करना होगा। 12वीं कक्षा के अंकों (मेरिट लिस्ट) के आधार पर विश्वविद्यालय प्रथम मेरिट लिस्ट जारी करेगा। यदि नाम पहली सूची में नहीं आता है तो दूसरी या तीसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन होगा। नामांकन मई से जून तक होगा और एक जुलाई से कक्षाएं संचालित होंगी।

### पीएमसीएच में छह विभागों में 42 जूनियर रेजिडेंट बहाल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पीएमसीएच के छह विभागों में 42 जूनियर रेजिडेंट बहाल किए गए हैं। इसमें न्यूरो सर्जरी, एनेस्थीसिया, प्लास्टिक सर्जरी, टीवी, एंकोलॉजी और क्लिनिकल विभाग शामिल हैं। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जूनियर रेजिडेंट के बहाल होने से मरीजों के इलाज में सुविधा होगी। मरीज को इंतजार नहीं करना होगा। उन्होंने बताया कि कुल 62 जूनियर रेजिडेंट को बहाल करना है।

### मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप के लिए साक्षात्कार 30 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप योजना के लिए 30 अप्रैल को बोधगया स्थित आईआईएम में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इसमें बिहार के युवाओं को राज्य सरकार के सरकारी विभागों में महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं विकास कार्यों से जुड़े पदों पर कार्य करने का मौका मिलेगा। रविवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने बताया कि इसमें सचिवालय स्थित मुख्यालय में अपनी सेवा देने के लिए कुल सात रिक्त पद हैं। वहीं जिला मुख्यालयों में काम करने के लिए कुल 12 रिक्त पद हैं।

## सरकार ने 600 से अधिक राजस्व अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनगणना कार्य में लापरवाही और असहयोग बरतने वाले अधिकारियों पर राज्य सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। सरकार ने 600 से अधिक राजस्व अधिकारियों पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह राशि संबंधित अधिकारियों के वेतन से काटी जाएगी। इस कार्रवाई के दायरे में मुजफ्फरपुर जिले के पांच अधिकारी भी शामिल हैं। विभागीय आदेश के अनुसार इन अधिकारियों पर जनगणना कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं देने का आरोप है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सह राज्य नोडल पदाधिकारी सी.के. अनिल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में बाधा डालना या असहयोग करना नियमों का उल्लंघन है, जिस पर सेंसस एक्ट के तहत दंड का प्रावधान है। जानकारी के मुताबिक कई अधिकारी सामूहिक अवकाश या हड़ताल पर चले गए थे, जिससे जनगणना का कार्य प्रभावित हुआ। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने सेंसस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि जनगणना का पहला चरण 17 अप्रैल से 1 मई तक निर्धारित है, जिसमें सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरा चरण 2 मई से 31 मई तक चलेगा। ऐसे महत्वपूर्ण समय में कार्य बाधित होने पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है।

## राजनीति सेवा के लिए है, मेवा के लिए नहीं : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के 12 दिन बाद जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार अपनी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। नीतीश कुमार के समर्थकों ने जमकर उनके समर्थन में नारेबाजी की। इसी बीच कुछ कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार पर बनाए गए गीतों को बजाया। इन गीतों को सुनकर नीतीश कुमार ताली बजाने लगे और मंच पर बैठे लोगों से ताली बजवाई। नीतीश कुमार के साथ दोनों डिप्टी सीएम विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव भी मौजूद थे। दरअसल, रविवार यानी 26 अप्रैल को भामाशाह जयंती पर जदयू दफ्तर में कार्यक्रम का आयोजन किया




गया था। इसमें ही नीतीश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जदयू कार्यालय में एक पंपलेट भी बांटा गया। इसमें भामाशाह के परिचय के अलावा नीतीश कुमार का संदेश भी लिखा था। इसमें नीतीश कुमार के हवाले से लिखा गया था कि मैं काम करता हूं, मेरा काम ही बोलता है। राजनीति सेवा के लिए है, मेवा के लिए नहीं। न्याय के साथ विकास यानी हर क्षेत्र और हर तबके का विकास। आधे मन से कोई बड़ा काम नहीं होता है। बिहार को मैं उस ऊंचाई पर ले जाना चाहता हूं, जहां से चाहकर कोई भी नीचे नहीं जा सकता है। इधर, नीतीश कुमार और अन्य नेताओं की भी जदयू समर्थक निशांत कुमार को भी खोज रहे थे। वह निशांत कुमार को बड़ी जिम्मेदारी देने की मांग कर रहे थे। कुछ कार्यकर्ता तो उन्हें बिहार का अगला मुख्यमंत्री तक बता रहे थे। इसी बीच डिप्टी सीएम विजय चौधरी से कुछ पत्रकारों और निशांत कुमार और मंत्रिमंडल विस्तार पर सवाल पूछ लिया। उन्होंने कहा कि निशांत पार्टी में आ चुके हैं। वह काफी सक्रिय भी हैं। जदयू की पूरी टीम उन्हें पसंद करती है। मंत्रिमंडल विस्तार पर उन्होंने कहा कि बातचीत चल रही है। एनडीए में सबकुछ ठीक है। जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा।

## गंभीर बीमारी से परेशान पुलिसकर्मी ने लगाई फांसी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सचिवालय थाना क्षेत्र में गंभीर बीमारियों से पीड़ित एक पुलिसकर्मी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी)-1 में बतौर हवलदार के पद पर तैनात था और मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था। बीमारी के कारण वह कई महीनों से तनाव में था। पुलिस ने कमरे में फंदे से लटक रहे शव को उतारकर आईजीआईएमएस में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बीएसएपी-1 (गोरखा बटालियन) में हवलदार के पद पर तैनात नवराज सुनार ने सचिवालय के पटेल गोलंबर स्थित गोरखा बटालियन के बैरक में रहता था। सुबह उसने दरवाजा नहीं खोला तो सहकर्मियों को आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव फंदे से लटक रहा था।

## समाजसेवा करना एकमात्र उद्देश्य : दिनेश राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार राय का रविवार को डिहरी में भव्य स्वागत किया गया। शाहाबाद प्रक्षेत्र के चर्चित चिकित्सक एवं जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने उन्हें अंगवस्त्र, फूलों की माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गुड्डू पटेल, मुन्ना कुशवाहा, अजय सिंह, सीताराम पटेल, हरिमोहन कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। मोहन बिगहा स्थित डॉ. निर्मल कुशवाहा के आवास पर बातचीत के दौरान दिनेश कुमार राय ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अपनी एवं अपनी टीम की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं हैं और स्वैच्छिक सेवानिवृति के बाद समाज सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शुभचिंतकों द्वारा जनसंपर्क स्थापित करने का आग्रह किया जा रहा था। चुनाव के बाद उनकी गतिविधियां भले ही कुछ कम हुई थीं लेकिन वे कभी लोगों से दूर नहीं हुए। आज भी उन्हें लोगों का भरपूर स्नेह और समर्थन मिल रहा है। श्री राय ने कहा कि उनका



डॉ. निर्मल कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया स्वागत

आचरण हमेशा जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर रहा है। उनके साथ सभी वर्गों के लोग जुड़े हुए हैं और वे भी सभी के साथ समान रूप से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी वे समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगार युवाओं के मार्गदर्शन जैसे कार्यों में सक्रिय रहे हैं और आगे भी इन क्षेत्रों में काम करते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका यह अभियान पूरी तरह गैर राजनीतिक है और इसका उद्देश्य केवल समाज सेवा है। शाहाबाद क्षेत्र में वे लोगों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं-चाहे वह छात्रों की हो, मजदूरों की या आम जनता की हो, उसका समाधान कराने की दिशा में कार्य करेंगे।

## ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले में गरज के साथ तेज बारिश के दौरान ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना आजमनगर, कोढ़ा और सेमापुर थाना क्षेत्र का है। इस हादसे में आजमनगर के शीतलमनी पंचायत के रहने वाले 65 वर्षीय मो. अब्बास, कोढ़ा प्रखंड के चंदवा पंचायत के 27 वर्षीय मंगलेश कुमार, सेमापुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर सुखासन गांव के 45 वर्षीय अकमल हुसैन की मौत हो गयी है। मौत की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। वहीं प्रशासन की ओर से अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची। उचित मुआवजे की प्रक्रिया देने का भी आश्वासन दिया है। शीतलमनी पंचायत अंतर्गत कोरोबारी गांव में बहियार मवेशी लाने गए व्यक्ति की ठनका की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही ग्रामीण घटनास्थल पहुंचकर लाश को लेकर लेकर घर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वृद्ध व्यक्ति मोहम्मद अब्बास 65 वर्ष घर के इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत चंदवा पंचायत के खुदना गांव में ठनका गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मंगलेश कुमार यादव रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि अचानक मौसम खराब होने के दौरान मंगलेश कुमार यादव ठनका की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल उन्हें बचाने का प्रयास किया गया लेकिन घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## 33 हजार एकड़ में बसेगा हरिहरनाथपुरम टाउनशिप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में तेजी से बढ़ती शहरी आबादी और अनियोजित विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार ने सुनियोजित योजना के तहत नए शहर बसाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सारण, वैशाली और राजधानी पटना के त्रिकोण पर स्थित हरिहर क्षेत्र सोनपुर सहित राज्य के 11 प्रमुख शहरों के आसपास ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसे लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने चिन्हित क्षेत्रों की चौहद्दी तय करते हुए वहां जमीन की खरीद-बिक्री, हस्तांतरण और निर्माण कार्यों पर फिलहाल रोक लगा दी है जो मास्टर प्लान तैयार होने तक लागू रहेगी। बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली धरती हरिहर क्षेत्र को आधुनिक शहरी स्वरूप देने की यह पहल राज्य के शहरी विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। इससे न केवल शहरों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सकेगा बल्कि रोजगार, निवेश और बुनियादी सुविधाओं के नए अवसर भी पैदा होंगे। सोनपुर के पास प्रस्तावित हरिहरनाथपुर टाउनशिप विशेष रूप से इस क्षेत्र को नई पहचान देगा। प्रस्तावित टाउनशिप स्टेशन से लगभग 6 किलोमीटर और प्रस्तावित एयरपोर्ट से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगी। इसके कोर क्षेत्र का विस्तार लगभग 2000 एकड़ और विशेष क्षेत्र का विस्तार करीब 33 हजार एकड़ निर्धारित किया गया है। इस परियोजना में सोनपुर के 42 ग्रामीण क्षेत्र और 6 शहरी वार्ड, दरियापुर के 98, परसा के 2 और दिघवारा के 4 गांव शामिल किए गए हैं। राज्य सरकार ने इसे 'हरिहरनाथपुरम' नाम से विकसित करने का निर्णय लिया है और 31 मार्च 2027 तक इसका मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। सरकार इस टाउनशिप को पारंपरिक भूमि अधिग्रहण के बजाय 'लैंड पूलिंग मॉडल' के माध्यम से विकसित कर रही है। इस मॉडल में सरकार और जमीन मालिक साझेदार के रूप में काम करते हैं। किसानों से उनकी अविकसित जमीन ली जाती है और विकास के बाद 55 प्रतिशत हिस्सा प्लॉट के रूप में उन्हें वापस कर दिया जाता है जबकि शेष 45 प्रतिशत जमीन सड़क, पार्क, ड्रेनेज, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए उपयोग की जाती है। सरकार का लक्ष्य इन टाउनशिप को आधुनिक और स्मार्ट शहरों की तर्ज पर विकसित करना है। मास्टर प्लान के तहत चौड़ी सड़कें, अंडरग्राउंड बिजली और ड्रेनेज सिस्टम, आईटी पार्क, लॉजिस्टिक हब, अस्पताल, स्कूल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही कुल क्षेत्र का एक हिस्सा हरित क्षेत्र, पार्क और स्टेडियम के लिए आरक्षित रहेगा। फिलहाल इन क्षेत्रों में जमीन की खरीद-बिक्री पूरी तरह बंद है और कोई आधिकारिक दर तय नहीं की गई है। सरकार का कहना है कि विकसित होने के बाद जमीन की कीमत कई गुना बढ़ेगी और जमीन मालिकों को नकद मुआवजे के बजाय विकसित प्लॉट के रूप में अधिक लाभ मिलेगा।



# बंगाल निर्णायक मोड़ पर, बचाने का यही सही समय : जी. किशन रेड्डी

## केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री का कोलकाता में बौद्धिक वर्ग के साथ संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**कोलकाता।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की पहल पर शहर के बौद्धिक वर्ग के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद आयोजित हुआ जिसमें समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, पेशेवरों और जनमत को प्रभावित करने वाले लोगों ने भाग लिया। इस विचारोत्तेजक बैठक को बंगाल के वर्तमान परिदृश्य और उसके भविष्य को लेकर एक व्यापक सामाजिक पहल की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री नारायण चक्रवर्ती, जिष्णु बोस सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही जिससे संवाद की गंभीरता और मुद्दों की तात्कालिकता स्पष्ट हुई। बैठक का उद्देश्य केवल राजनीतिक चर्चा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसे सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया गया जहां कोलकाता के जागरूक और प्रभावशाली मतदाताओं को एक मंच पर लाकर राज्य के भविष्य पर विमर्श किया गया। अपने संबोधन में जी. किशन रेड्डी ने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक चिंतित नागरिक के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल बेहतर का हकदार है और इसके पुनर्निर्माण के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने राज्य में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा कि इनका प्रभाव सामाजिक संरचना और दीर्घकालिक स्थिरता पर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को शासन और विकास में बाधा बताया। बैठक में बंगाल के ऐतिहासिक गौरव और वर्तमान चुनौतियों के बीच तुलना की गई। कभी शिक्षा, उद्योग और सांस्कृतिक नेतृत्व में अग्रणी रहा यह राज्य आज कई सवालों का सामना कर रहा है। औद्योगिक ठहराव, पूंजी का पलायन और रोजगार के सीमित अवसरों को प्रमुख चिंताओं के रूप में रेखांकित किया गया। संवाद में शहरी मतदाताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। यह वर्ग, जो हमेशा से विचारशील और सक्रिय रहा है, उसे अब निष्क्रियता छोड़कर निर्णायक भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। उनसे अपील की गई कि वे सवाल उठाएं, संवाद करें और स्पष्ट सोच के साथ मतदान करें। बैठक में बंगाल के पुनरुत्थान के लिए शिक्षा में सुधार, उद्योगों के पुनर्जीवन, सुशासन की बहाली और सांस्कृतिक आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया। अंत में यह संदेश स्पष्ट रहा कि अब केवल चर्चा का समय नहीं, बल्कि निर्णय और दिशा तय करने का समय है। बंगाल के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

## आलोक चोपड़ा नागालैंड के राज्यपाल के हाथों हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार हितैषी जिला केंद्रीय पुस्तकालय के द्वारा आयोजित 142वें वर्षगांठ समारोह व कवि सम्मेलन के अवसर पर लघु कथाकार व रंगकर्मी आलोक चोपड़ा को नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव के हाथों सम्मान दिया गया। सम्मान स्वरूप रूप इन्हें प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। उनके सम्मान मिलने पर पटना एवं पटना के बाहर के कलाकार व साहित्यकारों के बीच हर्ष व्याप्त है। नारायणी कन्या विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नसीरुद्दीन,चर्चित बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद के संस्थापक विश्वमोहन चौधरीसंत, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के डॉक्टर अनिल सुलभ, मानवोदय के प्रभात कुमार धवन, क्रिएटिव नोशन के जितेंद्र मोहन, आर्ट विंग के संजय रॉय, कलाकार अरुण कुमार गौतम, ज्योति प्रसाद तांती, प्रियंका श्रीवास्तव, उषा कुमारी, सुचित्रा कुमारी, पिंकी मेहता, शबनम परवीन, नाहिद परवीन व अमीना खातून ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भामाशाह का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायी : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ द्वारा दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। पटना स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों ने भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके जीवन और उनके आदर्शों को याद किया। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह योगदान उस समय अत्यंत महत्वपूर्ण था और आज भी राष्ट्रभक्ति की सर्वोच्च मिसाल के रूप में देखा जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि शूरवीर भामाशाह का त्याग, समर्पण और राष्ट्र के प्रति उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्शों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज को उनके विचारों और मूल्यों की अधिक आवश्यकता है।

## समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु नूतन पांडेय को 'राष्ट्र गौरव सम्मान'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नूतन पांडेय को प्रतिष्ठित 'राष्ट्र गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना में आयोजित एसएचएसएस'25 स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया जहां विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास वैभव (आईपीएस) ने नूतन पांडेय को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है और नूतन पांडेय का प्रयास इस दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि परिवार और नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ समाज सेवा में सक्रिय योगदान देना किसी भी महिला के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन नूतन पांडेय ने इन सभी बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

## 'मन की बात' ने फिर छुआ देशवासियों का मन : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने एक बार फिर देशवासियों के हृदय को स्पर्श किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री लगातार देश के नागरिकों से संवाद स्थापित कर रहे हैं जिससे समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश को एकजुट करने और जनभागीदारी को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि 'मन की बात' आज एक जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है जो देश के कोने-कोने में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर रहा है। इस कार्यक्रम के जरिए आम लोगों की प्रेरणादायक कहानियां और सकारात्मक प्रयास सामने आ रहे हैं जिससे समाज में जागरूकता और प्रेरणा दोनों बढ़ रही हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सार्थक पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास देश के सामाजिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सरकार और जनता के बीच दूरी को कम करते हैं, बल्कि नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## डिजिटल दौर में बदलते रिश्तों की सच्चाई : डॉ. आनंद रंजन झा की कविता 'आधुनिक युग का प्यार' जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा/वैशाली।** आज के डिजिटल युग में जहां मोबाइल और सोशल मीडिया ने लोगों के जीवन और रिश्तों के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है, वहीं रचित कविता 'आधुनिक युग का प्यार' आधिकारिक रूप से जारी की गई। यह कविता आधुनिक समय में प्रेम और रिश्तों की बदलती परिभाषा को अत्यंत सरल, संवेदनशील और प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत करती है। इसमें दर्शाया गया है कि कैसे आज के दौर में भावनाएं आमने-सामने व्यक्त होने के बजाय मोबाइल स्क्रीन, चैट और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त की जा रही हैं।

कविता की प्रमुख पंक्तियां इस प्रकार हैं–

'आधुनिक युग का प्यार'

मोबाइल की स्क्रीन में सिमट गया है अब इजहार, दो दिलों के बीच खड़ा है इंटरनेट का संसार। न आंखों की भाषा, न खामोशी का असर, अब 'टाइपिंग' में छुपा रहता है दिल का हर सफर। नीली टिक से तय होता है रिश्तों का मान, ऑनलाइन दिखे तो खुशी, ऑफलाइन तो परेशान। इमोजी में हंसी और जी.आई.एफ में दर्द छुपाते हैं, आजकल लोग दिल नहीं, 'स्टेटस' बताते हैं। वीडियो कॉल में चेहरों की मुस्कान सजती है, पर पास बैठकर बात करने की आदत घटती है। हजारों फोटो में यादें कैद हो जाती हैं, पर असल लम्हों की गर्मी कहीं खो जाती है। फिर भी इस डिजिटल दुनिया में कुछ सच्चाई है, कुछ रिश्तों में आज भी वही गहराई है। अगर दिल से दिल तक सच्चा रास्ता बन जाए, तो हर 'ऑनलाइन प्यार' भी अमर कहलाए।

इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा कि तकनीक ने जहां दूरियों को कम किया है, वहीं रिश्तों की वास्तविक गर्माहट को भी प्रभावित किया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे डिजिटल माध्यमों के साथ-साथ अपने रिश्तों में सच्चाई और भावनात्मक जुड़ाव को बनाए रखें। स्थानीय युवाओं एवं बुद्धिजीवियों ने इस कविता की सराहना करते हुए इसे आज की पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक एवं जागरूक करने वाली रचना बताया है।

## डॉ. बी. राजेन्दर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं आईटी प्रबंधकों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के मिशन निदेशक डॉ. बी. राजेन्दर ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों एवं आईटी प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अधिवेशन भवन, पटना में आज बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के मिशन निदेशक डॉ. बी. राजेन्दर की अध्यक्षता में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों एवं आईटी प्रबंधकों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम तथा संबंधित डिजिटल व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना एवं व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करना रहा। बैठक का शुभारंभ मिशन निदेशक डॉ. बी. राजेन्दर के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने लोक शिकायत निवारण तंत्र को आमजन के लिए अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में 12 जुलाई 2025 को आयोजित पिछली समीक्षा बैठक की कार्यवाही के अनुपालन पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसके उपरांत बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई जिसमें शिकायतों के निष्पादन, लंबित मामलों और प्रक्रियागत सुधारों पर चर्चा हुई। लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान सेवा वितरण को और प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। एनआईसी द्वारा सर्विस प्लस पोर्टल में सामान्य प्रशासन विभाग की सेवाओं हेतु साक्ष्य के रूप में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों से संबंधित नई व्यवस्था पर प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। बैठक में डीटीपीएल द्वारा बिहार सदन, नई दिल्ली स्थित लोक सेवा केंद्र से बीआरपीजीआरए के तहत परिवाद/शिकायत प्राप्त करने तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए विकसित व्यवस्था पर भी प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही एचआरएमएस के क्रियान्वयन से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के अंतिम चरण में प्रतिभागियों से व्यापक फीडबैक प्राप्त किया गया तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर शिकायत निवारण एवं सेवा वितरण तंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

## एजुकेटर्स कॉन्क्लेव 2026 में एके ठाकुर को बिहार गौरव सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** अरका जैन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एजुकेटर्स कॉन्क्लेव 2026 में स्पोकन इंग्लिश एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए द लैंग्वेज लैब के प्रबंध निदेशक ए.के. ठाकुर को 'बिहार के गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिहार विधान परिषद के सदस्य अनिल शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, विद्यार्थियों के संचार कौशल विकास तथा व्यक्तित्व निर्माण में विशेष योगदान को देखते हुए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। एके ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक नई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने इसका श्रेय अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों, सहयोगियों और अभिभावकों को दिया जिनके विश्वास और सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि द लैंग्वेज लैब का उद्देश्य युवाओं को बेहतर अंग्रेजी संप्रेषण, आत्मविश्वास और प्रभावशाली व्यक्तित्व के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है।

## सत्ता से बेदखल होने वाली है ममता सरकार : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान की सराहना करते हुए दावा किया कि भाजपा यहां विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। अब बंगाल भय नहीं बल्कि भरोसे के साथ है। यहां की जनता टीएमसी के कार्यकर्ताओं के डर से पहले उनके पक्ष में वोटिंग करती थी। मगर अब केंद्रीय बलों की तैनाती ने डर दूर किया और सभी ने भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान किया है। अब 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है।

## दी ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन, बिहार की वार्षिक आम सभा ए. एम. प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न

### मानवाधिकार मुद्दों पर सक्रिय रूप से किया जाएगा कार्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दी ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन, बिहार की वार्षिक आम सभा ए. एम. प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. उमा शंकर प्रसाद, महासचिव एम. के. दास, सहायक महासचिव डॉ. कुमकुम नारायण, सचिव प्रो. अनिल प्रसाद, उपेन्द्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. ए. के. वर्मा तथा सदस्यगण संयोगिता सहाय, डॉ. ज्योत्स्ना प्रसाद, के. पी. सिंह, डॉ. निलेश नारायण, अली फिरदौसी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन एवं वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया गया जिस पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकारिणी सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में विभिन्न मानवाधिकार मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा।

## बैरिया स्थित पाटलिपुत्र बस स्टैंड में बनेगा नया फ्यूल स्टेशन, प्रक्रिया चालू

### बस स्टैंड के विस्तार के लिए भी 5 एकड़ जमीन का किया जा रहा अधिग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के बैरिया स्थित पाटलिपुत्र बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा के लिए नयी व्यवस्था शुरू की जा रही है जिससे अब एक ही छत के नीचे बस स्टैंड से चलने वाले वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी पेट्रोल व डीजल सभी तरह के ईंधन डलवाने के जियो बीपी पंप की व्यवस्था की जा रही है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए बस स्टैंड के स्टैंडिंग कमिटी अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को बुडको व जिला प्रशासन की टीम द्वारा नापी व निरीक्षण का काम किया जा रहा है जिससे यात्रियों व सवारी गाड़ियों को आसानी से ईंधन भराने के लिए उचित व्यवस्था की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बस स्टैंड में बढ़ती वाहनों की संख्या को देखते हुए 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है जिससे भविष्य में बसों की संख्या बढ़ने के बाद भी भीड़-भाड़ की परिस्थिति नहीं उत्पन्न हो।

**गर्मियों में यात्रियों के लिए लगाये गये पेयजल व्यवस्था का किया गया विस्तार**

स्टैंडिंग कमिटी सदस्यों ने कहा कि गर्मियों में यात्रियों के लिए खास निशुल्क पेयजल की व्यवस्था का विस्तार किया गया है जिसके तहत 4 प्याऊ लगाये गये हैं। बता दें कि बस स्टैंड में चार वाटर एटीएम व्यवस्थित रूप से पूर्व ही लगाये जा चुके हैं। इसके अलावा शुद्ध जल के लिए 26 नलों की सुविधा भी सुचारू रूप से बहाल कर दी गयी है। वहीं स्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए 150 सीटों व पंखे की व्यवस्था किया गया है। रोजाना इस बस पड़ाव से 700-800 बसों का संचालन हो रहा है। बस स्टैंड विस्तार के लिए निरीक्षण करने वाली टीम का नेतृत्व प्रबंधक सह सचिव सुनील कुमार, नगर प्रबंधक पंकज कुमार व एजेंसी प्रबंधक सुधीर कुमार, अंकुर कश्यप, राजीव कुमार समेत अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

## टीएमसी की घबराहट आंकड़ों से नहीं, बंगाल की जागृत जनता से : धर्मेंद्र प्रधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के संदर्भ में टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन पर तीखा हमला बोला है। श्री प्रधान ने कहा कि चुनावी शुचिता के लिए की गई 'वोटर लिस्ट की सफाई' से टीएमसी का विचलित होना उनकी राजनीतिक असुरक्षा को दर्शाता है। डेरेक ओ ब्रायन के बयानों पर पलटवार करते हुए श्री प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा है कि आपका चुनिंदा अंकगणित केवल उसी बिंदु को पुख्ता करता है जिसे आप नकारने की कोशिश कर रहे हैं जब मतदाता सूची से अवैध घुसपैठियों, डुप्लीकेट प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों को हटा दिया जाता है तो मतदान प्रतिशत स्वाभाविक रूप से एक स्वच्छ और अधिक विश्वसनीय आधार को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने बंगाल की जनता के साहस की सराहना करते हुए कहा कि तमाम सुधारों के बावजूद 3 करोड़ से अधिक नागरिकों ने बाहर निकलकर वोट डाला है। यह स्पष्ट संकेत है कि बंगाल के लोग अब भय और राजनीतिक डराने धमकाने के बजाय लोकतांत्रिक भागीदारी को चुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देखना राजनीतिक रूप से शर्मनाक है कि टीएमसी वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों के बजाय हटाए गए संदिग्ध नामों का बचाव अधिक दृढ़ विश्वास के साथ कर रही है। श्री प्रधान ने सीधा सवाल दागते हुए कहा कि जिस पार्टी ने जन विश्वास के साथ शासन किया हो, उसे चुनावी शुचिता का स्वागत करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल वही लोग जांच से डरते हैं जिन्होंने वर्षों से दोषपूर्ण मतदाता सूचियों और नियंत्रित मतदान पैटर्न के भरोसे अपनी राजनीति चलाई है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के भीतर दिख रही बेचैनी आंकड़ों की नहीं, बल्कि इस एहसास की है कि बंगाल के असली मतदाता की आवाज अब गूंजने लगी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मतगणना के दिन कोई चुनिंदा डेटा नहीं, बल्कि बंगाल की जनता का अंतिम फैसला बोलेगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी के लिए सबसे बड़ा झटका वह शांतिपूर्ण तरीका होगा जिससे बंगाल में कमल खिलेगा।

## बांस उद्योग की चर्चा कर पीएम ने महिलाओं को सशक्तिकरण का दिया बड़ा मंत्र : संजय सरावगी

### प्रत्येक देशवासी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाता है 'मन की बात' कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज बांकीपुर विधानसभा के गोलघर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 113, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आम जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मासिक उद्बोधन 'मन की बात' के 133 वें एपिसोड को सुना। इस मौके पर पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम लोग बीआईए हॉल में जुटे और पीएम मोदी के प्रेरक प्रसंगों को सुना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने 'मन की बात' के प्रेरक प्रसंगों को सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद देशवासियों में कर्तव्यबोध, राष्ट्रप्रेम और सकारात्मक सोच को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणा देने वाला पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक देशवासी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाता है। यही कारण है कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के श्रोताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज अपने मन की बात में जहां गणित ओलंपियाड की चर्चा कर छात्राओं का उत्साह बढ़ाया वहीं नॉर्थ ईस्ट में बांस उद्योग की चर्चा कर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नए अवसर को रेखांकित कर उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए यह मार्ग सुझाया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अब रोजगार और नवाचार का बड़ा केंद्र बन गया है। इससे महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और आय के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उत्तर-पूर्व को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र न सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है, बल्कि यहां अपार प्रतिभा और अवसर भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बांस को केवल एक साधारण संसाधन या बोझ की तरह देखा जाता था, लेकिन आज यही बांस लाखों लोगों की आजीविका और रोजगार का मजबूत आधार बन चुका है। खासकर उत्तर-पूर्व के राज्यों में बांस आधारित उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और इसमें नवाचार की बड़ी भूमिका है। उन्होंने इसके जरिए बांस बहुलता वाले इलाकों की महिलाओं के लिए बड़ा मंत्र दिया। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के ताजा संस्करण में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में देश की उपलब्धि का जिक्र किया और कहा कि यह राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। उन्होंने इस क्रम में सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम पर चर्चा कर इससे किसानी से लेकर आधुनिक नवप्रवर्तकों को मिल रहे लाभ की जानकारी भी देशवासियों को दी।

# लू से बचाव एवं राहत को लेकर डीएम ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भीषण गर्मी के साथ लू के मद्देनजर बचाव एवं राहत व्यवस्था हेतु जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त, सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, सहायक अभियंता पीएचईडी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी कनीय अभियंता पीएचईडी, मुखियागण, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आहुत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को भीषण गर्मी एवं लू से बचाव एवं राहत व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विशेष रूप से पीएचईडी विभाग को नल-जल योजना के कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया गया, ताकि किसी भी वार्ड में पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं हो। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि पर्याप्त संख्या में मरम्मति दल रखते हुए युद्ध स्तर पर सभी अकार्यरत योजनाओं की मरम्मति कराकर अगले 7 दिनों के भीतर उन्हें क्रियाशील करायें जिससे लोगों को पेयजल की समस्या नहीं हो। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि अगर किसी योजना अन्तर्गत विशेष / वृहत मरम्मति कार्य की आवश्यकता हो तो वर्तमान में आपातकालीन व्यवस्था के तहत योजना को चालू कर योजना के पास ही 5 अदद स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण कर उससे जलापूर्ति चालू कर दें, जिससे उस वार्ड के आमजनों को पेयजल समस्या न हो सके। उक्त प्राप्त निर्देश के आलोक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही कुल - 3158 अदद योजनाओं के विरूद्ध अकार्यरत पाई गयी कुल-866 अदद योजनाओं को विशेष अभियान चलाकर अबतक कुल - 340 अदद योजनाओं को क्रियाशील कर जलापूर्ति चालू कराया गया है। शेष 526 अदद अकार्यरत योजनाओं अन्तर्गत मरम्मति का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है जिन्हें एक सप्ताह के भीतर मरम्मति कराकर चालू करा दिया जाएगा। वर्तमान में जिला अन्तर्गत लगभग 70 अदद मरम्मति दल कार्यरत है जिनके द्वारा युद्धस्तर पर योजनाओं की मरम्मति हेतु कार्य कराया जा रहा है। जिलान्तर्गत चापाकलों की मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखंड में चापाकल मरम्मति दल कार्यरत है। माह मार्च, 2026 से अबतक कुल 1694 अदद चापाकलों की मरम्मति कराकर कर चालू कराया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि सभी पंचायतों में भ्रमणशील रहकर युद्धस्तर पर चापाकलों की मरम्मति कराना सुनिश्चित करेंगें। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर जल संकट वाले क्षेत्रों में निगरानी रखते हुए उन क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि इस भीषण गर्मी के मौसम में सुचारू रूप से निर्बाध जलापूर्ति बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथकिता है। इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान करें। साथ ही पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने एवं वहां के निवासियों को पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया।

# सदर अस्पताल में लू से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में बढ़ती गर्मी और लू (हीटवेव) के खतरे को देखते हुए सदर अस्पताल, सासाराम में व्यापक और विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि लू से प्रभावित मरीजों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके। जिला प्रशासन ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सदर अस्पताल में लू से प्रभावित मरीजों के लिए 12 बेड का एक विशेष हीट स्ट्रोक वार्ड स्थापित किया गया है। इस वार्ड में कूलर, पंखे, एसी तथा स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर कूलर की समुचित व्यवस्था की गई है जिससे मरीजों को राहत मिल सके। मरीजों को ठंडक और हाइड्रेशन उपलब्ध कराने के लिए ओआरएस घोल, ठंडा पानी एवं ग्लूकोज की व्यवस्था की गई है। साथ ही शरीर का तापमान नियंत्रित करने हेतु आइस पैक भी उपलब्ध कराए गए हैं। अस्पताल में 40 से अधिक आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिनमें थर्मामीटर, बीपी मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि शामिल हैं, ताकि हर स्थिति में मरीजों का समुचित इलाज किया जा सके। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए डॉक्टरों और नर्सों की एक विशेष टीम तैनात की गई है। यह टीम किसी भी समय लू से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एम्बुलेंस सेवाओं को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि मरीजों को समय पर अस्पताल लाया जा सके और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तुरंत उच्चतर चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जा सके। जन जागरूकता के लिए अस्पताल परिसर में पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं जिनके माध्यम से लोगों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। लोगों को अधिक पानी पीने, धूप से बचने तथा हल्के और ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है। इसके अतिरिक्त ट्रॉमा सेंटर में पहले से लगे वाटर कूलर की मरम्मत कर दी गई है। साथ ही एक नया वाटर कूलर की भी व्यवस्था कर दी गई है, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके।

# विचार मंच ने किया पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड अंतर्गत बेरकप पंचायत के खेल मैदान, भरकुड़िया में रविवार की संध्या विचार मंच के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। समारोह का उद्देश्य बिहार बोर्ड मैट्रिक एवं इंटर वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना रहा। मंच संचालन शिक्षक विनीत कुमार ने किया। पैक्स अध्यक्ष नंद कुमार सिंह उर्फ नंदू जी, मनोज सिंह, सनोज सिंह, संजीत कुमार, धनोज सिंह, अनिल कुमार, गोलू, डॉ. अनिल शर्मा एवं गुप्तेश्वर सिंह ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, कलम व डायरी देकर स्वागत किया। बीईओ संजय कुमार सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, मेडल, कलम एवं डायरी देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने आयोजक कमिटी को बधाई दी और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। इस अवसर पर शिक्षक राजकिशोर, जनपयारी देवी, नसीम अख्तर, अरूण वर्मा, विकास रंजन सहित अभिभावक सुदर्शन सिंह, विनोद सिंह, रामजी सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन/तिलौथू।** रोहतास जिले के डिहरी एवं तिलौथू क्षेत्र में सोनभद्र लायन्स क्लब डिहरी, तिलौथू द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतर्गत लायंस आंख अस्पताल में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह स्वास्थ्य शिविर डॉ लाल पैथलैब के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें स्थानीय प्रतिनिधि शाहिद अनवर का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया तथा विभिन्न स्वास्थ्य जांचों पर विशेष छूट भी दी गई। आंखों की जांच संजय प्रसाद द्वारा की गई जबकि मरीजों की व्यवस्था एवं

**रोहतास में लायन्स क्लब की पहल**



परामर्श हेतु डॉ. एस.पी. सिन्हा ने लाइन प्रबंधन एवं जांच कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया। शिविर में प्रमुख चिकित्सकों के रूप में डॉ. एस.पी. सिन्हा (जनरल फिजिशियन एवं स्किन स्पेशलिस्ट), डॉ. आई. हक (डीएनबी चेस्ट स्पेशलिस्ट), डॉ. नवनीत कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. ए.ए. हाशमी (डेंटल सर्जन) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। विशेष रूप से वेदांता अस्पताल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत कुमार ने एक दिन का समय निकालकर लगभग 30 से 35 मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श किया। वहीं पटना से पधारे डॉ. आई. हक ने भी अपनी विशेषज्ञ सेवाओं से मरीजों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम की सफलता में सचिव लायन सांवली सिन्हा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही जिनके कुशल नेतृत्व एवं सतत देखरेख में यह दो दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही पास्ट अध्यक्ष लायन इकबाल का भी सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में लायन्स क्लब के अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें लायन रत्ना सिन्हा (अध्यक्ष), लायन मनीष कुमार, लायन सुमन कुमार, लायन असलम अख्तर तथा लायन अनुराग सिन्हा सहित कई सदस्य शामिल रहे। शिविर का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया जिससे भीषण गर्मी के बीच भी आमजन को सुविधाजनक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकीं। यह आयोजन दर्शाता है कि रोहतास जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की अत्यधिक आवश्यकता है और लायन्स आई हॉस्पिटल, तिलौथू इस दिशा में एक सशक्त विकल्प के रूप में उभर रहा है। स्वस्थ समाज की दिशा में यह पहल निश्चित रूप से प्रेरणादायक मानी जा रही है।

# मेधावी छात्र प्रखंड टॉपर प्रिंस कुमार हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रखंड क्षेत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल हुए छात्रों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मुखिया अनुराधा देवी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। समारोह में प्रखंड टॉपर प्रिंस कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मान देकर उनकी भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर बंजारी पंचायत, तेलकप पंचायत और रसूलपुर पंचायत के कई मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मनोबल को बढ़ाना और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में अजय, दीपक कुमार, लक्ष्मी चौधरी, ललित कुमार, शशि राज, नवीन कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने छात्रों को बधाई दी और उन्हें आगे भी मेहनत कर सफलता की ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

# दावथ में अवैध अतिक्रमण से रोजाना जाम, एंबुलेंस फंसी, मरीजों की जान पर खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ थाना क्षेत्र के मलियाबाग इलाके में दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण ने आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मुख्य सड़क के दोनों किनारों पर दुकानें, ठेले और अस्थायी अतिक्रमण के कारण रास्ता काफी संकरा हो गया है जिससे यहां प्रतिदिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते दिनों जाम में एक मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस करीब 40 मिनट तक फंसी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने से मरीजों की जान पर सीधा खतरा मंडराता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मलियाबाग अब अवैध अतिक्रमण का गढ़ बन चुका है। दुकानदारों ने नाली तक पर कब्जा कर लिया है जिससे पैदल चलने तक की जगह नहीं बची है। लोगों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सबसे बड़ी लापरवाही दावथ पुलिस की कार्यशैली को लेकर सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं। सड़क पर दिनभर पुलिस की मौजूदगी नहीं रहती जबकि आमजन घंटों जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय समाजसेवी राजकुमार सिंह ने कहा प्रशासन को कई बार लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कार्रवाई शून्य है। यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना होना तय है। लोगों ने जिला प्रशासन और रोहतास पुलिस अधीक्षक से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ यहां स्थायी पुलिस पिकेट अथवा पर्याप्त संख्या में चौकीदारों की तैनाती की जानी चाहिए, ताकि जाम की समस्या से स्थायी समाधान निकल सके। स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि इस सड़क से छोटे-बड़े सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है, लेकिन इसके बावजूद समस्या की अनदेखी की जा रही है। लोगों ने सवाल उठाया कि जब पर्याप्त संख्या में चौकीदार उपलब्ध हैं तो उनकी तैनाती यहां क्यों नहीं की जा रही है।

# 9 मई को होगा नि:शुल्क इज्तिमाई निकाह, 6 जरूरतमंद बच्चियों का होगा विवाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए इज्तिमाई निकाह कमेटी तिलौथू सरैया के तत्वावधान में 9 मई को तिलौथू सरैया स्थित भोज मियां मैदान (डॉ. कादरी लॉज के सामने) पहले नि:शुल्क इज्तिमाई निकाह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कमेटी के अध्यक्ष इलियास अंसारी, संस्थापक अमानत हुसैन, सचिव नितिश कुमार एवं संचालक जॉन अहमद ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में 6 जरूरतमंद बच्चियों का निकाह संपन्न कराया जाएगा। यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ी राहत और सामाजिक सहयोग का सशक्त उदाहरण बनेगी। आयोजन को सफल बनाने में स्वामी कृष्णमोहन दास जी, बशीर अहमद, आमिर इकबाल, गोल्डन, वकील अंसारी, बबलू खान, रिजवान, संतोष शुक्ला, हरि मोहन, डॉ अबुल हसन, डॉ ए के अंसारी, जावेद, संतराज (धीरज), सुखदेव कु. वर्मा, डॉ आकाश पासवान, सुदर्शन सिंह, डॉ लक्ष्मण देवा, अजीज अख्तर, दानिश, अजय कुमार, मुकेश कुमार और वसीम अंसारी सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बनेगा क्योंकि इसमें मुस्लिम और हिंदू दोनों समुदाय के लोगों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। निकाह समारोह में शामिल होने वाले सभी अतिथियों के लिए शुद्ध शाकाहारी भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई है। कमेटी ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे इस नेक पहल में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और समाज में एक सकारात्मक संदेश दें।

# सासाराम में 'विद्यापीठ पाठशाला' सेंटर का शुभारंभ, घर पर ही होगी आईआईटी,जेइइ व नीट की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम में जिले के विद्यार्थियों के लिए अब आईआईटी-जेइइ और नीट जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी करना आसान हो गया है। प्रतिष्ठित एड-टेक संस्थान फिजिक्स वालाह ने सासाराम में अपने 'विद्यापीठ पाठशाला' सेंटर की शुरुआत की। उद्घाटन विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह डायरेक्टर प्रतीक कुमार एवं डिहरी वैश्य समाज के अध्यक्ष यमुना प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डायरेक्टर प्रतीक कुमार ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से अब छात्रों को कोटा और दिल्ली जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं अपने ही जिले में मिलेंगी। यहां आइआइटी,नीट व पीएचडी धारक



शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जाएगी, साथ ही एसएसटी जैसे विषयों के लिए यूपीएससी मेंस क्वालिफाइड विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं। उन्होंने 'रिवर्स माइग्रेशन' की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि अब रोहतास के छात्र यहीं रहकर सफलता हासिल करेंगे। बनारस और पटना से भी छात्र यहां दाखिला ले रहे हैं। इससे छात्रों को घर के माहौल में रहकर बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। डिहरी में छात्रों के लिए 'आभार सेमिनार' का आयोजन किया गया जिसमें रजिस्ट्रेशन पर 40% तक छूट और मेधावी छात्रों के लिए 90 से 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप की सुविधा दी गई। कार्यक्रम में विधायक ने अलख पांडेय एवं टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करने की सलाह दी। इस अवसर पर विभिन्न विषयों के फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे।

# हजारों मवेशियों के साथ गंगा तट की ओर पलायन कर रहे पशुपालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र के नक्सलाइट रोड बेलाव-भगवानपुर व सबार मुख्य सड़क पर इन दिनों पलायन का एक मार्मिक दृश्य देखने को मिल रहा है। अधौरा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों के पशुपालक अपनी हजारों भैंसों के साथ अप्रैल के अंतिम सप्ताह में गंगा किनारे वाले इलाकों की ओर प्रस्थान कर गये हैं। ये पशुपालक सिंघी, मझिआंव, खजुरा व पसाई होते हुए पुसौली हाइवे पार कर सकलडीहा व सैयदराजा के रास्ते गाजीपुर (यूपी) के जमनिया स्थित गंगा तट पर चार माह के लिए डेरा डालेंगे। रविवार को जब इन पशुपालकों से जानकारी ली तो बभनी, रैता, विठोर, डुमरांव, सड़की, सुड़ा, बांधा, दुग्धा, आथन, बहेरा व शील सहित दर्जनों गांवों के पशुपालकों ने अपना दर्द साझा किया। मदन कुमार, शंकर यादव, शर्मा यादव व पलकधारी यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि अप्रैल शुरू होते ही अधौरा क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। मनुष्यों के लिए तो जैसे-तैसे पानी का इंतजाम हो जाता है, लेकिन पशुओं के लिए जल का कोई स्रोत नहीं बचता।

# ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिला के बारुन थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सोहन राम के पुत्र छोटू राम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार छोटू डिहरी ऑन -सोन से ट्रेन पकड़कर मजदूरी करने गया जंक्शन की ओर जा रहा था। इसी क्रम में गेट पर उसका पैर फिसल गया और वह पाली पुल के समीप ट्रेन से नीचे गिर गया। इस घटना में छोटू गंभीर रूप से जख्मी हो गया तथा घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि छोटू मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह परिवार में एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति था। उसके छोटे-छोटे बच्चे हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के आश्रितों ने रेल प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि परिवार का भरण पोषण हो सके।

# 16 लाख की चोरी मामले में पहुंची प्रयागराज पुलिस, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** 16 लाख की हुई चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के धूमनगंज थाने की पुलिस भभुआ पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से एक आरोपित को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार रविवार को करीब 11:30 बजे धूमनगंज थाने के एसआइ सुधीर कुमार पांडेय सागर, हेड कांस्टेबल प्रभुनाथ तथा पुलिसकर्मी मंजित सेखरन भभुआ थाना पहुंचे थे। बताया जाता है कि प्रयागराज निवासी राकेश तिवारी द्वारा धूमनगंज थाने में चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। आवेदन में बताया गया था कि घर में रखे जेवर और लगभग 16 लाख के आसपास पैसे चोरी की गयी थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए यूपी पुलिस ने भभुआ पुलिस से संपर्क साधा और संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान भभुआ नगर के वार्ड एक स्थित भूपेश गुप्त कॉलेज के पीछे से ताजवर वजीम नामक युवक को हिरासत में लिया गया। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जहां पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गयी।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नटवार थाना क्षेत्र के महरोड गांव के पास स्पीड ब्रेकर पर गिरकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान बडहरी थाना क्षेत्र के जलवइया गांव निवासी टूना राम के 30 वर्षीय पुत्र रमाशंकर राम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, महरोड गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से चकमा खाकर रामाशंकर असंतुलित हो गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में रमाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सासाराम के सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। लेकिन पटना पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। शव लेकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# सूर्यपुरा में 23 सौ लीटर महुआ पॉस विनष्ट, अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2300 लीटर महुआ पॉस विनष्ट किया तथा एक अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। रविवार सुबह ग्राम कोसन्दा, रतनपट्टी मुशहरी और जमुआरा मुशहरी में चलाए गए छापेमारी अभियान से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कोसन्दा गांव में काव नदी के किनारे संचालित एक अवैध महुआ शराब भट्ठी पर पुलिस ने छापा मारकर उसे ध्वस्त कर दिया। मौके से करीब 1000 लीटर महुआ पॉस बरामद कर मौके पर ही विनष्ट किया गया। इसके अलावा रतनपट्टी मुशहरी से 500 लीटर तथा जमुआरा मुशहरी से लगभग 800 लीटर महुआ पॉस जब्त कर नष्ट किया गया। इस प्रकार कुल 2300 लीटर महुआ पॉस को नष्ट किया गया। छापेमारी के दौरान शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किए गए। इस अभियान में स्थानीय पुलिस बल के साथ उत्पाद विभाग की टीम भी शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की लगातार सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर योजनाबद्ध तरीके से यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई में जुटी है। थानाध्यक्ष के हवाले से बताया गया कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा और किसी भी हाल में इस अवैध धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल है।

# मानवीय संवेदना ने पार की पशु क्रूरता की हदें

## खूटे से बंधे छह मवेशियों की 22 दिनों में तड़पकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** नासरीगंज थाना क्षेत्र के पडुरी गांव से पशु क्रूरता की एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है जहां इंसानों के आपसी विवाद, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक संवेदनहीनता के कारण छह बेजुबान जानवरों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल को जमीनी विवाद में भांजे द्वारा अपने मामा बैद्यनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नामजद आरोपी मंजू देवी और रणजीत मौआर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया



जबकि अन्य आरोपी और परिजन घर छोड़कर फरार हो गए। इसी दौरान घर में खूटे से बंधे दो गाय, दो भैंस और दो बकरियां वहीं कैद रह गईं। घर बंद हो गया, लेकिन इन बेजुबानों के लिए न किसी ने दरवाजा खोला, न चारा-पानी की व्यवस्था की। लगातार 22 दिनों तक भूख और प्यास से तड़पते हुए एक-एक कर सभी छह मवेशियों ने दम तोड़ दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब शुक्रवार को बंद घर से तेज दुर्गंध आने लगी। बदबू से परेशान ग्रामीणों को शक हुआ जिसके बाद उन्होंने पुलिस और मीडिया को सूचना दी। नासरीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी

# महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य जलभरी शोभा यात्रा, क्षेत्र भक्तिमय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा स्थित महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह महावीर महायज्ञ के तहत शनिवार को भव्य जलभरी शोभा यात्रा निकाली गई। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। यह शोभा यात्रा महावीर मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर प्रसिद्ध शक्तिपीठ भलूनी धाम देवी मंदिर पहुंची। वहां मंदिर परिसर स्थित तालाब पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया। जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर पुनः यज्ञ स्थल की ओर लौटे। पूरे यात्रा मार्ग में 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली की जय' के जयकारों से वातावरण पूरी तरह गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते-नाचते आगे बढ़ते रहे जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक उल्लास से भर गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई थी। वहीं यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शरबत की भी व्यवस्था की गई थी। इस धार्मिक आयोजन से न केवल क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण का संचार किया, बल्कि आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना का भी संदेश दिया।

# नवादा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 38 लोगों को किया गिरफ्तार, शराब बरामद

## विशेष अभियान में हत्या के प्रयास, पॉक्सो सहित कई मामलों के वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस दौरान विभिन्न मामलों में कुल 38 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, वारंट और अन्य संगीन मामलों के आरोपी शामिल हैं। अभियान के दौरान हत्या के प्रयास के तीन, पॉक्सो एक्ट के एक, वारंट के 11 तथा अन्य मामलों में 23 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा शराबबंदी अभियान के तहत 20 लीटर देसी शराब और 0.75 लीटर विदेशी शराब भी बरामद की गई है। पुलिस ने 14 वारंट का निष्पादन किया, जबकि कुर्की का कोई मामला सामने नहीं आया। वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 890 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने पर 3 लाख 47 हजार 300 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अन्य बरामदगी में एक मोटरसाइकिल, एक ट्रैक्टर, चार तमंचा, 15 लीटर महुआ शराब और दो भट्ठी विनष्ट करने की कार्रवाई शामिल है। महत्वपूर्ण गिरफ्तारी के तहत गोविंदपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 0.75 लीटर विदेशी शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी तरह पकरीबरावां थाना क्षेत्र में 15 लीटर महुआ शराब के साथ तस्करों को पकड़ा गया। नरहट थाना पुलिस ने भी पांच लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया। वहीं वारिसलीगंज थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## डकैती कांड में शामिल आरोपित गिरफ्तार, नवादा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**कार्रवाई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बहुचर्चित डकैती कांड में शामिल एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला वर्ष 2022 का है, जब ट्रक लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, 17 जुलाई 2022 की रात करीब 12:15 बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि बेगूसराय से पटना की ओर जा रहे एक ट्रक को सातो बुथिया के पास अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर रोक लिया और चालक को डराकर ट्रक लूट लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की और वादी के बयान के आधार पर कांड संख्या 775/22 के तहत धारा 395/412 में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार छापेमारी और तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान झारखंड पुलिस से भी संपर्क स्थापित किया गया।

इसी क्रम में 26 अप्रैल 2026 को तकनीकी साक्ष्य और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कांड में शामिल आरोपी सुरज कुमार (पिता- शिव प्रसाद सिंह, निवासी- बांगड़े, थाना- तेतरहाट, जिला- कोडरमा, झारखंड) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने अपराध में संलिप्तता स्वीकार कर ली।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। शेष आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी थे, जिसके तहत यह सफलता मिली है।

फिलहाल, गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है और पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

# 50 हजार का इनामी टिंकू यादव गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में दबोचा गया वांछित अपराधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश टिंकू यादव को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई रोह थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान की गई, जहां आरोपी को गोली लगने के बाद पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल की रात करीब 2:30 बजे रोह थाना को सूचना मिली कि रोह थाना कांड संख्या 30/26 का आरोपी टिंकू यादव ग्राम कोशी में किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के थानों को भी अलर्ट किया गया। घेराबंदी के दौरान करीब 3:25 बजे दो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो एक युवक ने हथियार निकालकर पुलिस पर दो राउंड फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी नियंत्रित तरीके से दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपी के बाएं पैर में लग गई। घायल होने के बाद उसे पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा युवक मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम टिंकू यादव, पिता नागेश्वर यादव, निवासी नवाडीह, थाना लड्डूआर, जिला जमुई बताया। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और बाद में न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, टिंकू यादव एक कुख्यात अपराधी है, जो कई संगीन मामलों में वांछित था। रोह थाना कांड संख्या 30/26 में उस पर हत्या सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है, जिसमें एक व्यक्ति की हत्या कर शव को जलाने का आरोप भी शामिल है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से छापेमारी की जा रही थी और फरार रहने के कारण उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। फिलहाल फरार दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

## सूर्य मंदिर तालाब में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**हिलसा (नालंदा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के सूर्य मंदिर तालाब में रविवार की अहले सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत पानी में डूबने से मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने तालाब के पश्चिमी छोर पर पानी में तैरता हुआ शव देखा। इसके बाद आसपास के लोगों में खबर तेजी से फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के बीच चर्चा रही कि मृत युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता था और पिछले दो-तीन दिनों से इलाके में लावारिस हालत में घूमते देखा गया था। सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला गया। प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत पानी में डूबने से होने की आशंका है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है।

# हिलसा में वाहन जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई, हथियार व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच के क्रम में पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किया गया हैं। रविवार को हिलसा थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी सुश्री शैलजा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के बुढ़वा महादेव स्थान के पास एक केटीएम बाइक पर सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों के पास से तीन देशी कट्टा, .315 बोर के 23 कारतूस, 7.65 बोर के 20 कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा एक बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खोरमपुर गांव के हर्ष राज एवं सैदनपुर गांव के प्रदीप कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में हिलसा थाना में कांड संख्या 310/26 दर्ज कर पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और हथियारों के नेटवर्क की जांच में जुट गई है। छापेमारी दल में अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

## दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कौआकोल पुलिस ने रविवार को न्यायालय के आदेश पर फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के महुडर गांव निवासी विजय मांझी (पिता- द्वारिका मांझी) तथा कलौध गांव निवासी नागेश्वर महतो (पिता- रामबली महतो) को न्यायालय के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# रालोमो की बैठक में शराबबंदी बरकरार रखने और तंबाकू पर प्रतिबंध की उठी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ़।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के सांगठनिक चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति तय की गई। बैठक में नियुक्त पर्यवेक्षकों और जिला संयोजकों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा संबंधित सामग्री भी वितरित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 अप्रैल से 15 मई तक पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद 15 मई से 26 मई तक प्रखंड अध्यक्ष, 26 मई से 6 जून तक जिला अध्यक्ष के चुनाव होंगे। 7 जून को पटना में प्रदेश अध्यक्ष और 14 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक आलोक कुमार सिंह ने की जबकि संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल ने किया। इस दौरान पूर्व मंत्री दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (संगठन) मदन चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता फ़ज़ल इमाम मलिक, प्रदेश प्रवक्ता ब्रजेन्द्र कुमार पप्पू, सुशील सिंह, रजनीश कुमार, अंजलि कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। रालोमो जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने बयान देते हुए कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून को हर हाल में लागू रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी नीतीश सरकार के इस फैसले को बरकरार रखने की बात कही है। साथ ही उन्होंने राज्य में तंबाकू, गुटखा और सिगरेट पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई। इस मौके पर उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा सदस्य बनने पर महान सम्राट अशोक का मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व मंत्री दीपक प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

# वार्षिक बिजनेस सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

## राजगीर में डाक विभाग का वार्षिक बिजनेस सम्मेलन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा विश्व विद्यालय राजगीर के सुषमा स्वराज साभागार मे डाक विभाग बिहार परिमंडल द्वारा डिविजनल एवं सब डिविजनल हेड्स सम्मान समारोह के साथ साथ वर्षित बिजनेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल एम अब्दाली द्वारा किया गया। इस दौरान इस कार्यक्रम मे डाक महाध्यक्ष उत्तरी प्रक्षेत्र पवन कुमार सिंह एवं मीनाक्षी वर्मा, महाप्रबन्धक वित्त डाक डाक लेखा, पटना ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप मे शिरकत की। सम्मेलन में बिहार के सभी मण्डल एवं अनुमण्डल प्रमुखों ने भी भाग लिया। पिछले वित्तीय वर्ष मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं डाक कर्मियों को मुख्य डाक महाध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि चीफ पोस्टमास्टर जनरल एम अब्दाली ने पिछले वित्तीय वर्ष मे किए गए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही साथ अपने सम्बोधन मे इस वित्तीय वर्ष मे और भी अधिक समन्वय बना कर और भी अधिक प्रयास के साथ लोगों को जोड़ने पर बल दिया। उन्होने कहा कि डाक विभाग लगातार अपने कार्यों से लोगों को जोड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों मे भी अपनी योजनाओ से आम जन मानस को लाभ पहुंचा रहा है। चाहे डिजिटल ट्रांजेक्शन की बात हो, बचत खाता, डाक जीवन बीमा, पार्सल सेवा, आधार सेवा की ही बात हो, डाक विभाग अपनी सेवा का विस्तार काफी तेजी से कर रहा है। आज हर घर की जरूरत डाक विभाग की है। डाक विभाग ही एक ऐसा विभाग है जो हर घर तक अपनी पंहुच को बना कर रखा है। उन्होंने सम्मेलन के दौरान सभी उपस्थित डाक कर्मियों को एक बड़ी ज़िम्मेदारी दी और कहा कि आज हर लोग हर परिवार डाक विभाग की तरफ देख रहा है और यह महसूस कर रहा है कि डाक विभाग ही एक ऐसा विभाग है जो सही मायने मे लोगों को हर जरूरत को पहुंचा रहा है। अतः हम सभी की विशेष ज़िम्मेदारी है इस वित्तीय वर्ष मे भी बिहार खाता खोलने से ले कर हर कार्य मे पूरे भारत मे अव्वल स्थान प्राप्त करें। बताते चले कि पिछले वित्तीय वर्ष मे बिहार पूरे भारत मे खाता खोलने के मामले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है और इसके लिए मंत्री बिहार को सम्मानित भी किया गया है। सम्मेलन के दौरान पवन कुमार सिंह, डाक महाध्यक्ष उत्तरी प्रक्षेत्र द्वारा भी सम्बोधन किया गया। अपने सम्बोधन मे उन्होने बताया कि इस बार बिहार ने एक अमिट छाप छोड़ी है और पूरे भारत मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है और यह हम सभी को और भी अधिक मेहनत से कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्हे इस बात पर विशेष बल दिया कि, इस वित्तीय वर्ष मे भी बिहार हर क्षेत्र मे अव्वल स्थान प्राप्त करेगा और इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। सम्मेलन के दौरान नालंदा डाक मण्डल भी विशेष चर्चा का केंद्र रहा, नालंदा डाक मण्डल भी पूरे बिहार मे खाता खोलने मे प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ डाक जीवन बीमा / ग्रामीण डाक जीवन बीमा के क्षेत्र मे भी नालंदा पूरे बिहार मे तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोशल मीडिया मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए नालंदा डाक मण्डल के डाक अधीक्षक कुन्दन कुमार को सम्मानित किया गया। यही नहीं अनुमंडल स्तर पर खाता खोलने के क्षेत्र मे भी दक्षिणी अनुमंडल राजगीर पूरे बिहार मे प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिए रमाशीष कुमार डाक निरीक्षक दक्षिणी अनुमंडल को सम्मानित किया गया। विकास राय, डाक निरीक्षक सेंट्रल अनुमंडल को भी पूरे बिहार मे तीसरा स्थान पाने के लिए सम्मानित किया गया । रंजीत कुमार डाक निरीक्षक, पूर्वी अनुमंडल, नालंदा को भी डाक जीवन बीमा के क्षेत्र मे पूरे बिहार मे प्रथम स्थान पाने के लिए सम्मानित किया गया। उपडाकघर स्तर पर भी नालंदा डाक मण्डल ने ही बाजी मारी एवं पूरे बिहार मे इस्लामपुर उपडाकघर दूसरे स्थान पर एवं हरनौत उपडाकघर तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। इस बार नालंदा डाक मण्डल ने बहुत ही बेहतर कार्य किया है जिसकी चर्चा पूरे सम्मेलन के दौरान होती रही। डाक जीवन बीमा के क्षेत्र मे आलोक प्रखर एवं प्रीति गुप्ता को भी पूरे बिहार मे बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। शाखा डाकघर स्तर पर भी नालंदा ने ही बाजी मारी और बडगाव शाखा डाकघर के शाखा डाकपाल राजीव कुमार मे खाता खोलने मे पूरे बिहार मे प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिए राजीव कुमार को सम्मानित किया गया।

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों एवं योजनाओं की दी गई जानकारी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा अरविन्द कुमार के निर्देश पर दिनांक 26 अप्रैल 2026 को नवादा प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा परिसर में दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो0 साजिद अयुब खान, पी0एल0वी0 रामनुज कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो0 साजिद अयुब खान ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क अथवा रियायती दर पर कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति की व्यवस्था तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के दिव्यांग बच्चों के पालन-पोषण, पोषण आहार एवं विशेष देखभाल के लिए भी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें तथा उनके अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

# मंडल कारा के निरीक्षण में बंदियों की सुविधाओं एवं विधिक सहायता व्यवस्था की हुई समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा अरविंद कुमार एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नवादा राहुल किशोर के संयुक्त दल द्वारा दिनांक 25.04.2026 को मंडल कारा नवादा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में संयुक्त दल द्वारा मंडल कारा के सभी वार्डों का बारी-बारी से जायजा लिया गया। साथ ही बंदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कारा के रसोईघर का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित कर्मियों को भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए गए।

संयुक्त दल द्वारा बीमार एवं वृद्ध बंदियों का हाल-चाल लिया गया तथा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे बंदियों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं उन्हें समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान जेल विजिटिंग लॉयर उमेश्वर प्रसाद सिंह, मोहम्मद साजिद अयूब खान एवं रूपम कुमारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा द्वारा उन्हें निर्देश दिया गया कि नये आने वाले बंदियों को विधिक सहायता संबंधी आवश्यक जानकारी दें तथा पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराकर कारा मुक्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

महिला वार्ड के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ महिला बंदी अपने छोटे बच्चों के साथ रह रही हैं। इस पर जेल अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि ऐसे बच्चों की समुचित शिक्षा एवं देखभाल हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# श्रद्धा और शौर्य के साथ संपन्न हुई बाबा राह पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सदर प्रखंड के समाय गांव, जिला नवादा (बिहार) में विजय पासवान द्वारा अपने परिवार, ग्रामीणों एवं सगे-संबंधियों के सहयोग से बाबा राह पूजा का भव्य आयोजन किया गया। पासवान समाज द्वारा आयोजित यह पूजा अत्यंत पारंपरिक, धार्मिक और वीरता पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। राह बाबा की पूजा पासवान समाज के लोग अपने वंश, कुल देवताओं को प्रसन्न करने तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए करते हैं।

पूजा के दौरान श्रद्धालु भक्तों ने अपनी मन्नतें मांगीं और धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस विशेष आयोजन में लोगों ने आग पर चलकर अपनी आस्था और साहस का प्रदर्शन किया, वहीं लंबे बांस पर चढ़कर पारंपरिक शौर्य का परिचय दिया। ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक गीतों और धार्मिक उत्साह से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से आए समाज सेवक एवं दिल्ली प्रदेश दुसाध जाति के अध्यक्ष विजय प्रधान उपस्थित रहे। साथ ही राजगीर जिला परिषद सदस्य नूतन देवी ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त पूर्व थाना प्रभारी एवं पुलिस इंस्पेक्टर महेंद्र पासवान, पुलिस अधिकारी निरीक्षक हंस कुमार पासवान सहित नवादा जिले के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बाबा राह पूजा ने सामाजिक एकता, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का संदेश दिया। यह आयोजन पासवान समाज की धार्मिक आस्था, परंपरा और सामूहिक शक्ति का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## बालू लदे दस ट्रैक्टरों को पुलिस ने किया जब्त

**नारदीगंज, नवादा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के वनगंगा चौक पर रविवार को अहले सुबह में खनन विभाग और नारदीगंज की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान बालू लदा दस ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा बालू लदा दस ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। उन्होंने कहा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बेनार-सकसोहरा मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप हुई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक रामानंद (पुत्र मंगल महतो), निवासी मोगलानी गांव, थाना बेलक्षी, और शेखपुरा जिले के पूरनकामा गांव निवासी झुनिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सदर अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात झुनिया देवी की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, झुनिया देवी अपनी बहन के साथ जक्की गांव से ई-रिक्शा पर सवार होकर अपने गांव लौट रही थीं, तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। बिंद थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि दुर्घटना में दो लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।

# शेरघाटी नगर परिषद में करोड़ों के घोटाले का आरोप, जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिले के शेरघाटी नगर परिषद में बड़े पैमाने पर आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। पूर्व मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा शेरघाटी के मीडिया प्रभारी विनय कुमार ने मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी पर मिलीभगत कर लगातार घोटाले करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में विनय कुमार ने बिहार सरकार के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। विनय कुमार के अनुसार नगर परिषद में फाउंटेन टेंडर के तहत सुनियोजित तरीके से जय शिव कंस्ट्रक्शन, के इंटरप्राइजेज और सनराइज इंटरप्राइजेज जैसी कंपनियों को काम दिया गया जबकि इन कंपनियों के पास आवश्यक दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, जीएसटी और अन्य वैध कागजात नहीं थे। आरोप है कि केवल औपचारिक कागजों के आधार पर टेंडर देकर नियमों की अनदेखी की गई। उन्होंने बताया कि फाउंटेन और पेंटिंग कार्य में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। करीब 70 हजार स्क्वायर फीट पेंटिंग का काम दिखाया गया, लेकिन यह कार्य निर्धारित स्थानों पर न होकर नेशनल हाईवे पर किया गया जिसकी आवश्यकता नहीं थी। इस कार्य के लिए 1 करोड़ 14 लाख 20 हजार रुपये का टेंडर दिया गया और प्रति स्क्वायर फीट 163 रुपये 14 पैसे की दर से भुगतान किया गया। विनय कुमार ने वाटर एटीएम, एलईडी लाइट, डिस्प्ले और ओपन जिम जैसी योजनाओं में भी घोटाले का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि टेंडर नियमों का पालन नहीं किया गया और कई कार्य मुख्य पार्षद व कार्यपालक पदाधिकारी के करीबी लोगों या संबंधित फर्मों को दिए गए। यहां तक कि एक फर्म नगर परिषद के जूनियर इंजीनियर के पिता के नाम पर पंजीकृत बताई गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ फर्में निविदा जारी होने से महज दो माह पहले ही पंजीकृत हुई थीं और फिर भी उन्हें काम आवंटित कर दिया गया। साथ ही ड्रिंकिंग वाटर एटीएम का टेंडर उस समय जारी किया गया जब कार्यपालक पदाधिकारी का तबादला हो चुका था। विनय कुमार ने निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने, संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने और पिछले 10 माह के टेंडरों की समीक्षा कराने की मांग की है। उन्होंने कॉल डिटेल की जांच कराने की भी मांग की है, ताकि निविदा प्रक्रिया में संभावित सांठगांठ का खुलासा हो सके। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय, संबंधित मंत्री, विधायक और जिला पदाधिकारी को भी भेजी गई है।

# नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं, विपक्ष को चुकानी पड़ेगी कीमत : मैथिली ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** शहर के सर्किट हाउस में मैथिली ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस कर नारी शक्ति और महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि एक महिला होने के नाते वह सभी महिलाओं का सम्मान करती हैं। प्रेस वार्ता का मुख्य विषय 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रहा जिस पर उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन सकता था, लेकिन विपक्ष द्वारा इसे बाधित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के नेतृत्व में महिलाओं को 33% आरक्षण देने की बात हो रही थी, तब विपक्ष ने नकारात्मक राजनीति करते हुए इसका विरोध किया। मैथिली ठाकुर ने कहा कि यदि यह बिल पास होता तो जनगणना के आधार पर संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलती। उन्होंने विपक्ष पर नारी विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि इसका खामियाजा उन्हें भविष्य में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि हम दीया और बाती लेकर तैयार थे, लेकिन उसे जलने नहीं दिया गया जिससे महिलाओं की उम्मीदों को ठेस पहुंची है। इसके साथ ही पप्पू यादव के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। वहीं धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर उन्होंने संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह व्यक्तिगत पसंद का विषय है, लेकिन नेताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी जनता के विकास और समाज के उत्थान के लिए काम करना होना चाहिए।

# मगध विश्वविद्यालय में एमसीए कोर्स को एआईसीटीई की मान्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि के रूप में, विश्वविद्यालय के बोधगया परिसर स्थित आर्यभट्ट ब्लॉक में संचालित कंप्यूटर विज्ञान विभाग के एमसीए पाठ्यक्रम को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मान्यता प्रदान की गई है। इस कोर्स में 60 सीटों पर नामांकन की स्वीकृति मिली है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। कुलपति प्रोफेसर एस.पी. शाही ने संबंधित विभाग को बधाई देते हुए कहा कि उनके तीन वर्षों के कार्यकाल में यह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कोर्स के शुरू होने से विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे और भविष्य में प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से प्लेसमेंट की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी की निदेशक प्रोफेसर संजय कुमार तिवारी ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन लंबे

# मगध विश्वविद्यालय में प्रथम पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन पर भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित

## प्रो. शशि प्रताप शाही ने की कलाकारों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रयासों की प्रशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय में प्रथम पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 'महासंगम-2026' के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया तथा प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसकी समन्वयक डॉ. मीनाक्षी तथा सह-समन्वयक डॉ. ममता मेहरा थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथि सम्मान के साथ हुआ। सांस्कृतिक संध्या का आरंभ रुपाली कुमारी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ जिसने कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। तान्या बनर्जी की श्रीकृष्ण स्तुति, सौरभ एवं पूजा कुमारी का युगल गीत, अन्नू कुमारी की मनमोहक कथक प्रस्तुति तथा उत्पल एवं पूजा कुमारी के युगल नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चांदनी कुमारी द्वारा सुगम संगीत, प्रिया सिंह के लोकनृत्य तथा निखिल, उत्पल, पूजा एवं रुपाली के समूह नृत्य ने कार्यक्रम में विविधता और उत्साह का संचार किया। समूह नृत्य में रिया, पूजा एवं वैभव द्वारा लाइव गायन, ईशान द्वारा तबला वादन तथा हारमोनियम संगत ने प्रस्तुति को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के सहायक अमितेश प्रकाश की 9 वर्षीय पुत्री अन्या की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने भी सभी का दिल जीत लिया। आमंत्रित कलाकार अनुष्का साक्षी एवं सृष्टि श्रुति की प्रस्तुति को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भागलपुर से आए सूफी बैंड की मनमोहक प्रस्तुति रही जिसमें वीरेश मिश्र, गजेन्द्र मिश्र एवं आदित्य की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को विशेष रूप से मंत्रमुग्ध किया और संध्या को यादगार बना दिया। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन के प्रातःकालीन सत्र में आशीष, सौरभ, ईशान, सोनी, नीलम, चांदनी, रिया, पूजा एवं वैभव द्वारा वंदे मातरम तथा कुलगीत की सुरम्य प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी कलाकारों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा सभी को निरंतर सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता मेहरा, कुमारी उरूज तौकीर तथा डॉ. मीनाक्षी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीनाक्षी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सांस्कृतिक संध्या में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रंजीत कुमार वर्मा, स्वामी सत्यानंद गिरि, शबी अरफीन शम्सी के साथ ही प्रो. सुधीर कुमार, कुलसचिव बी.के. मंगलम, प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ से अभिषेक कुमार, प्रो. प्रमोद चौधरी, प्रो. के.डी. वर्मा, प्रो. निभा सिंह, इंद्र के.आर. सिंह, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. रेनू रानी, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, डॉ. तरन्नुम जहां, डॉ. जियाउल्लाह अनवर, डॉ. जन्मेजय सिंह, डॉ. कविता कुमारी, डॉ. विनीता कुमारी, डॉ. श्वेता गोयल, डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. दीप्तिशिखा पांडेय, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. प्रीति, डॉ. शिप्रा सोलंकी, डॉ. मीनाक्षी प्रसाद, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. अविनाश, डॉ. शम्साद अंसारी तथा अन्य कई शिक्षकों, गैर-शैक्षणिक कर्मियों, पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं, विद्यार्थियों एवं अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# तिलक समारोह से लौट रहे युवक को हाइवा ने कुचला, मौके पर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के भीखनपुर गांव निवासी युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। गया शहर के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत घुटिया गांव स्थित एनएच-22 मुख्य सड़क मार्ग पर अज्ञात हाइवा ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भीखनपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक नागेंद्र यादव के 24 वर्षीय पुत्र सोनू रंजन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोनू रंजन शनिवार को रात्रि में तिलक समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान घुटिया गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि सोनू रंजन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। वहीं अज्ञात वाहन की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। इधर जैसे ही हादसे की खबर भीखनपुर गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोनू रंजन काफी मिलनसार और सरल स्वभाव के युवक थे। उनकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# मन की बात कार्यक्रम में लोगों ने पीएम के संदेशों को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित 133वें 'मन की बात' कार्यक्रम को किसान मोर्चा कार्यालय, बूथ संख्या 200 पर कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के साथ उत्साहपूर्वक सुना गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्येक माह 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं राष्ट्रहित से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री ने भारतीय टेक्नोलॉजी, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा देश के नवाचारों पर विशेष प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के वैज्ञानिक निरंतर नई-नई खोजों और तकनीकी विकास के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती के अवसर पर उनके शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने में सक्षम हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने नॉर्थ इस्ट राज्यों के कारीगरों द्वारा लकड़ी से निर्मित सुंदर एवं आकर्षक हस्तशिल्प वस्तुओं की सराहना करते हुए 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत किया जा सकता है। राष्ट्रीय डिजिटल जनगणना के विषय में भी विस्तार से जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, योजनाओं का सही लाभ लोगों तक पहुंचेगा तथा प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। आगामी 9 मई को रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती के संबंध में भी प्रधानमंत्री ने उनके साहित्य, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक योगदान को स्मरण किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया की पावन धरती से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायक संदेश राष्ट्र निर्माण में अत्यंत सहायक हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम है। मन की बात सुनने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, अभिषेक कुमार, शेखर कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता महेश यादव तथा बबलू गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाली गांव की महिला की मौत, 4 माह की बेटी घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/मोहनपुर (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के बाली गांव की एक विवाहिता की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसकी चार माह की मासूम बेटी घायल हो गई। घटना रविवार को मोहनपुर थाना क्षेत्र के पथरा गांव के समीप हुई। मृतका की पहचान सिंपी कुमारी (पति इंद्रजीत वर्मा) के रूप में की गई है। वह अपने देवर के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी चार माह की बेटी को लेकर मायके रघवाचक गांव जा रही थी जहां उन्हें चचेरी बहन की शादी समारोह में शामिल होना था। मिली जानकारी के अनुसार पथरा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे सिंपी कुमारी सड़क पर गिर पड़ीं। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी हालत गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला और बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनपुर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने सिंपी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल मासूम बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया है। बताया जाता है कि सिंपी कुमारी की शादी करीब दो वर्ष पूर्व बाली गांव निवासी इंद्रजीत वर्मा के साथ हुई थी। मायके में चचेरी बहन की शादी को लेकर खुशियों का माहौल था, लेकिन हादसे की खबर मिलते ही खुशी मातम में बदल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# चोरी के पांच मोबाइलों के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** गया जंक्शन पर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करनेवाले गिरोह के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पांच चोरी के मोबाइल बरामद किये गये हैं जिनकी कीमत करीब 80 हजार रुपये आंकी गयी है। गिरफ्तार युवकों की पहचान बोकारो स्टील सिटी निवासी राजू कुमार गुप्ता, मानपुर प्रखंड के बुनियादगंज थाना क्षेत्र निवासी रंजीत कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव और रेल थानाध्यक्ष शिव कुमार ने बताया कि सहायक अवर निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गया स्टेशन यार्ड के पास से दो मोबाइल के साथ राजू कुमार को पकड़ा गया। वहीं दिल्ली छोर स्थित फुट ओवर ब्रिज के पास से तीन मोबाइल के साथ रंजीत और रोहित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि वे ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करते थे। चोरी के मोबाइल को छोटे दुकानों में बेच दिया करते थे। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की गहरायी से जांच कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# बिहार में 90 फीसदी मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम मजदूरी का लाभ : चंद्रप्रकाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार में 90 फीसदी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का लाभ नहीं मिल पा रहा है जब से वर्तमान सरकार केन्द्र में आयी है। यूपीए ने जो श्रमिकों के लिए कानून बनाये थे उस पर हमला हो रहा है। श्रमिकों के अधिकारी को छिनने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें रविवार को शहर के राजेन्द्र आश्रम में इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के साथ अत्याचार नहीं होने देंगे। मजदूरों के प्लायन मामले में बिहार दूसरा राज्य है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार युवाओं को रोजगार व नौकरी नहीं दे पा रही है जिसके कारण यहां के युवा पलायन कर रहे हैं। दैनिक मजदूर के रूप में कर रहे हैं। इनका नियमित होना चाहिए। इन मजदूरों के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अमित उर्फ रिंकू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रिका यादव, इंटक जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह, ओंकार शक्ति, मनीषा सिंह, पिंकी कुमारी, अरविंद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कैमूर के निर्देश पर रविवार को भभुआ प्रखंड के पंचायत भवन सीवों में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकारों व मुख्यधारा से जोड़ने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गयी। पैनल अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों व प्रतिनिधियों को बताया कि नालसा 2021 योजना केवल एक नियम नहीं, बल्कि दिव्यांग बच्चों के लिए सुरक्षा कवच है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी दिव्यांग बच्चा विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य व सरकारी योजनाओं में मिलने वाले आरक्षण व अधिकारों पर भी प्रकाश डाला। पीएलवी हसन राय ने आगामी नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोग अपने सुलह योग्य वादों, जैसे बैंक ऋण, बिजली बिल, पारिवारिक विवाद व अन्य दीवानी मामलों का इस लोक अदालत में आपसी सहमति से निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामलों के निबटारे से समय व धन दोनों की बचत होती है व आपसी भाईचारा बना रहता है। शिविर में विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए टोल-फ्री नंबर 15100 व जिला न्यायालय स्थित डीएलएसए कार्यालय के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वृद्ध महिला की हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** थाना क्षेत्र के मटहा गांव में शुक्रवार की रात अंध विश्वास में बिफनी देवी (60) की गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना मटहा गांव रामसागर आहार के पास की है। थानेदार राजू कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले की गुत्थी सुलझा ली है। मृतका के पुत्रवधू सुनीता कुमारी ने अपनी सास की हत्या करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस ने हत्या में संलिप्त मटहा गांव के रामब्रत यादव और भगवान ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं इन सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है। मटहा गांव से 29 अप्रैल को बारात जानी थी। लेकिन, उससे पहले ही हत्या के आरोप में पुलिस ने रामब्रत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# तैलिक साहू सभा ने की 28 को सामूहिक विवाह की तैयारी : संजू लाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिला तैलिक साहू सभा द्वारा आगामी 28 अप्रैल को भामाशाह जयंती के अवसर पर भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर सभा के जिलाध्यक्ष संजू लाल के आवास पर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष संजू लाल ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सामाजिक एकता, सहयोग और पारंपरिक मूल्यों को मजबूत करेगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस सामूहिक विवाह समारोह में देशभर से समाज के कई महत्वपूर्ण अतिथियों के आगमन की संभावना है। समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी जिम्मेदारियां अलग-अलग लोगों को सौंप दी गई हैं। बैठक में समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए और आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष), सुरेश प्रसाद, सुनील कुमार, मोहन लाल गुप्ता, अजय कुमार, किशोर कुमार, विनोद कुमार, रामनाथ साह, संजय कुमार, राजीव कुमार, गनौरी प्रसाद, उमाशंकर, शिशु कुमार, रामनारायण प्रसाद, रजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के सदस्यों ने विश्वास जताया कि भामाशाह जयंती के अवसर पर आयोजित यह सामूहिक विवाह समारोह समाज में एक सकारात्मक संदेश देगा और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

# बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मंझियावां गांव में शनिवार की रात बच्चों के बीच हुए पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष से रामबरत यादव (49 वर्ष) एवं श्रीकांति देवी (45 वर्ष) सहित अन्य लोग घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से आलोक यादव सहित अन्य के घायल होने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि तीन-चार दिन पूर्व बच्चों के बीच मामूली कहासुनी और झगड़ा हुआ था जिसे उस समय ग्रामीणों ने शांत करा दिया था, लेकिन शनिवार रात विवाद ने तूल पकड़ लिया और मारपीट में बदल गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज जारी है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कोंच क्षेत्र से शराब कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** शराबबंदी वाले बिहार में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोंच थाना पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसआई चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में धनछुहा और खजुरी गांव में छापेमारी की गई। धनछुहा गांव से नन्हक दास के घर से 5 लीटर और खजुरी गांव से हरी लाल दास के घर से 20 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**संपादकीय**

# 'आप' को तगड़ा झटका

'आम' आदमी पार्टी के दल के वरिष्ठ नेता और पिछले दिनों राज्यसभा में दल के नेता पद से हटाए गए राघव चड्ढा ने तगड़ा झटका दिया है। पार्टी के 10 में से 7 राज्य सभा सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी में विलय का ऐलान कर दिया है। खुद राघव चड्ढा और उनके सात साथियों ने बीजेपी में शामिल होने की घोषणा कर दी है। हालांकि आप नेता इसके पीछे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 'साजिश' बता रहे हैं, लेकिन इसके पीछे असली कारण पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मनमानी कार्यशैली है। पार्टी के यह झटका इसलिए भी बहुत बड़ा इसलिए है, क्योंकि अगले साल पंजाब में जहां, आप सत्तारूढ़ है, विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में आप की इस फूट का असर निचले स्तर तक दिखेगा। राघव चड्ढा के साथ रास सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने तय किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो तिहाई सदस्य संविधान के प्रावधानों के अनुसार बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। इनके अलावा स्वाति मालीवाल और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भी भाजपा में शामिल होंगे।

दरअसल पार्टी के भीतर इस नई अंतर्कलह की शुरूआत आम आदमी पार्टी द्वारा इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर की ज़िम्मेदारी राघव चड्ढा की जगह अशोक कुमार मित्तल को देने से शुरू हुई थी। तब राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी के फ़ैसले पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह जनहित के मुद्दे उठाते रहे हैं और सवाल पूछा कि इससे आम आदमी पार्टी का क्या नुक़सान हुआ होगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी, जिसे मैंने अपने खून पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी युवावस्था के 15 साल दिए, वह अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और बुनियादी नैतिकताओं से पूरी तरह भटक चुकी है। अब यह पार्टी देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है, बल्कि निजी स्वार्थ के लिए काम कर रही है। राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी अब देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है। बल्कि व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य कर रही है। मजे की बात है कि राघव चड्ढा के साथ अशोक मित्तल भी भाजपा में जा रहे हैं।चूंकि आप के दो तिहाई रास सांसद भाजपा में शामिल होंगे, इसलिए उन पर दलबदल कानून लागू नहीं होगा। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में कुल 10 सांसद हैं और तीन सांसद लोकसभा में हैं। लोस के तीनों सांसद पंजाब से जीते हैं। असल में केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थीं, जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिणति के साथ लंदन में मौज मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। एक जमाने में राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल के काफी नजदीकी माने जाते थे। 2015 में उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे 2019 में दक्षिण दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़े लेकिन हार गए। 2020 में राजेंद्र नगर से दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्हें आम आदमी पार्टी का पंजाब प्रभारी बनाया गया। 2022 को आप ने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया। वे दिल्ली के राजेंद्र नगर विधानसभा सीट से 2022 तक विधायक रह चुके हैं। आप में जो कुछ हो रहा है, वो पार्टी के गर्त में जाने की निशानी है। केजरीवाल की मनमानी से अधिकांश नेता परेशान हैं और दूसरा रास्ता ढूंढ रहे हैं।

# भारत न्यूज़ीलैंड एफटीए: किसानों, युवाओं, नौकरियों और विकास के लिए महिलाओं के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक समझौता



**पीयूष गोयल**

भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिस पर सोमवार को हस्ताक्षर किये जायेंगे, विकसित दुनिया के साथ भारत की सहभागिता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह वैश्विक आर्थिक साझेदारियों को किसानों, महिलाओं, युवाओं और रोजगार सृजक उद्योगों के लिए ठोस लाभ में बदलने से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण में हुई निर्णायक प्रगति को प्रतिबिंबित करता है।

यह एफटीए प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिसमें यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ शामिल हैं, के साथ हुए कई ऐतिहासिक व्यापार समझौतों के बाद हो रहा है। ये समझौते वैश्विक बाजारों में भारत की स्थिति को मजबूत करते हैं और निर्यातकों को दुनिया की कुछ सबसे लाभकारी अर्थव्यवस्थाओं में, यहां तक कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितता और उथल-पुथल के बीच भी, प्रतिस्पर्धा आधारित बढ़त प्रदान करते हैं।

**निर्यात और रोजगार को मजबूत बढ़ावा:** दोनों पक्षों के लिए समान रूप से लाभकारी इस समझौते के केंद्र में न्यूजीलैंड की यह प्रतिबद्धता है कि वह तुरंत ही सभी भारतीय उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा, जिससे उस बाजार में एक महत्वपूर्ण बाधा दूर होगी, जहाँ हमारे प्रमुख निर्यात पर वर्तमान में 10त्न शुल्क लगाया जाता है।

यह वस्त्र, कालीन, धागे, कपड़े, फुटवियर, बैग, बेल्ट, वाहन घटक, मशीनरी, उपकरण, रत्न और आभूषण तथा हस्तशिल्प जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। रोजगार के अवसरों का सृजन करने वाले ये उद्योग भारत के एमएसएमई इकोसिस्टम की रीढ़ हैं और इन्हें मूल्य प्रतिस्पर्धा और बाजार पहुँच से लाभ मिलेगा। इससे निर्यात बढ़ेगा और निर्माण केन्द्रों, कारीगर समुदायों और लघु उद्यमों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

यह समझौता उस व्यापक दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जो 2014 में मोदी सरकार के गठन के बाद से भारत की व्यापार नीति का मार्गदर्शन कर रहा है। यह समावेश, सशक्तिकरण और साझा समृद्धि में निहित है। व्यापार को राष्ट्रीय परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदायों को लाभ पहुंचाता है।

**नारी शक्ति:** इस समझौते की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता टीम की लगभग सभी सदस्य महिलायें थीं। इनमें मुख्य वार्ताकार, उप मुख्य वार्ताकार, क्षेत्र प्रमुख और न्यूजीलैंड में भारत की राजदूत शामिल हैं।

यह उपलब्धि मोदी सरकार में महिलाओं के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। यह शासन, नेतृत्व और विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के व्यापक प्रयासों के अनुरूप है और राष्ट्रीय विकास के संचालक के रूप में नारी शक्ति के विचार को सुदृढ़ करती है।



**किसान पहले:** एफटीए की संरचना कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गयी है। न्यूज़ीलैंड कीवी, सेब और शहद के लिए कृषि उत्पादकता कार्ययोजनाओं का समर्थन करेगा। इन पहलों में बेहतर बीज सामग्री, अनुसंधान सहयोग, किसानों के लिए क्षमता निर्माण, बागवानी प्रबंधन प्रथाएं, कटाई के बाद सुधार, खाद्य सुरक्षा प्रणाली और उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना शामिल है। सेब उत्पादकों और सतत मधुमक्खी पालन तौर-तरीकों के लिए परियोजनाएं उत्पादन और गुणवत्ता मानकों को बढ़ाएंगी, जिससे कृषि समृद्धि में वृद्धि होगी।

इसके साथ ही, भारत ने अपने प्रमुख कृषि हितों की मजबूती से सुरक्षा की है। डेयरी उत्पादों (जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही और पनीर); प्याज, चना, मटर, मकई, बादाम, चीनी और कुछ ख़ास तेल और वसा जैसी संवेदनशील वस्तुओं को शुल्क छूट से बाहर रखा गया है। समझौता सुनिश्चित करता है कि घरेलू किसान हानिकारक आयात प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित रहें। किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा करना सभी व्यापार वार्ताओं में भारत के दृष्टिकोण का केंद्र रहा है।

**युवा और पेशेवर:** समझौते का एक प्रमुख स्तंभ छात्रों और कुशल पेशेवरों के लिए बढ़ी हुई आवागमन की सुविधा है, जो भारत के युवाओं के लिए नए वैश्विक मार्ग का निर्माण करती है।

किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते में पहली बार, न्यूजीलैंड ने भारतीय छात्रों के आवागमन और अध्ययन के बाद काम करने के अवसरों के लिए एक संरचना-युक्त रूपरेखा पेश की है। भारतीय छात्रों पर कोई संख्यात्मक सीमा नहीं है। छात्रों को अध्ययन के दौरान प्रति सप्ताह कम से कम 20 घंटे काम करने की अनुमति दी जाएगी, जबकि अध्ययन के बाद काम करने के अधिकार - एसटीईएम स्नातकों के लिए तीन वर्षों तक और डॉक्टर डिग्री के शोधार्थियों के लिए चार वर्षों तक - बढ़ाए गये हैं।

समझौता किसी भी समय 5,000 भारतीय पेशेवरों तक के लिए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा मार्ग पेश करता है, जिसके तहत आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, निर्माण तथा योग, आयुर्वेद, भारतीय व्यंजन और संगीत शिक्षा जैसे चयनित पारंपरिक क्षेत्रों में तीन वर्षों तक रहने की अनुमति होगी।

इसके अलावा, एक वर्किंग हॉलीडे वीज़ा योजना प्रत्येक वर्ष 1,000 युवा भारतीयों को न्यूज़ीलैंड में 12 महीने तक रहने और काम करने की अनुमति देगी, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक अनुभव को मजबूती मिलेगी।

**निवेश और नवाचार:** न्यूजीलैंड ने भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इससे विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सेवाओं, नवाचार इकोसिस्टम और रोजगार सृजन को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक 'पुनर्संतुलन खंड' शामिल किया गया है, जिससे भारत को यह अधिकार मिलता है कि यदि निवेश संबंधी प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं होतीं हैं, तो वह सुधारात्मक कदम उठा सकता है। यह समझौता अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास और नवाचार-आधारित क्षेत्रों में सहयोग को भी बढ़ावा देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दीर्घकालिक विकासात्मक साझेदारियों में व्यापार पूरक भूमिका निभाएगा।

**व्यापार रणनीति:** भारत-यूज़ीलैंड एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करने की स्पष्ट और भरोसेमंद व्यापार रणनीति को प्रतिबिंबित करता है, जो भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए सार्थक बाजार पहुँच की सुविधा देता है और घरेलू संवेदनशीलताओं का सम्मान करता है।

आज भारत ताकत और विश्वसनीयता की स्थिति के साथ वार्ता करता है। पहले के दशकों में व्यापार समझौतों को अक्सर संवेदनशील क्षेत्रों को अपर्याप्त सुरक्षा दिए बिना अंतिम रूप दिया जाता था, इसके विपरीत वर्तमान वार्ताएं सुनिश्चित करती हैं कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें।

जैसे-जैसे भारत विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ अपनी सहभागिता को प्रगाढ़ कर रहा है, विकसित दुनिया के साथ हुए व्यापार समझौते इस तथ्य का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं कि व्यापार नीति को कैसे राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित किया जा सकता है, जिससे विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में समावेशी वृद्धि और दीर्घावधि आर्थिक सुदृढ़ता सुनिश्चित होती है।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)**

**अध्यात्म**

## कपट करने वाले लोगों की भक्ति हो जाती है असफल

एक गांव में एक ग्वाला रोज सुबह अपनी गायों को लेकर जंगल में चराने जाता और शाम को वापस लौट आता था। उसी जंगल में एक संत का आश्रम था। संत दिन-रात तप, ध्यान और मंत्र जाप में लीन रहते थे। ग्वाला भोला-भाला था, वह रोज संत को देखता, लेकिन उसकी समझ में यह नहीं आता था कि संत ऐसा क्यों करते हैं। एक दिन जिज्ञासा के कारण ग्वाला आश्रम पहुंचा और संत से पूछ बैठा, 'महाराज, आप रोज ये सब क्यों करते हैं?' संत ने मुस्कुराकर उत्तर दिया, 'मैं भगवान को पाने के लिए भक्ति करता हूं। तप, ध्यान और पूजा से भगवान के दर्शन होते हैं।' ग्वाले के मन में भी भगवान को देखने की इच्छा जाग उठी। उसने सोचा कि अगर संत ऐसा करके भगवान को पा सकते हैं, तो वह भी कोशिश करेगा। वह जंगल में एक शांत स्थान पर गया, एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया और एक पैर पर तप करने लगा। उसने इतना कठोर संकल्प लिया कि सांस लेना भी धीमा कर दिया और मन ही मन निश्चय किया कि जब तक भगवान के दर्शन नहीं होंगे, वह ऐसे ही रहेगा। उसकी सच्ची लगन और कठोर तपस्या से भगवान प्रसन्न हो गए और तुरंत उसके सामने प्रकट हो गए। उन्होंने कहा, 'पुत्र, आंखें खोलो, मैं तुम्हारे सामने हूं।' ग्वाले ने बिना आंखें खोले पूछा, 'आप कौन हैं?' भगवान ने उत्तर दिया, 'मैं वही ईश्वर हूं, जिनके दर्शन के लिए तुम तप कर रहे हो।' ग्वाले ने आंखें खोलीं, लेकिन उसने कभी भगवान को देखा नहीं था, इसलिए उसे संदेह हुआ। सच्चाई जानने के लिए उसने भगवान को रस्सी से पेड़ के साथ बांध दिया और संत को बुलाने दौड़ पड़ा। जब संत वहां पहुंचे, तो उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं दिया। ग्वाले ने आश्चर्य से भगवान से पूछा कि संत को आप क्यों नहीं दिख रहे। भगवान ने कहा, 'मैं केवल उन्हीं को दिखाई देता हूं जो निस्वार्थ भाव से मेरी भक्ति करते हैं। जिनके मन में स्वार्थ और कपट होता है, वे मुझे नहीं देख सकते।' इस घटना ने संत को भी आत्ममंथन करने पर मजबूर कर दिया और ग्वाले की सच्ची भक्ति का महत्व संत को भी समझ आ गया।

**सीख:** ग्वाले की भक्ति में कोई स्वार्थ नहीं था। वह केवल भगवान को देखने की सच्ची इच्छा रखता था। जीवन में जब हम बिना स्वार्थ के काम करते हैं, तो सफलता और संतुष्टि दोनों मिलती हैं। भक्ति में भी ऐसा ही होता है। ग्वाले ने जो ठान लिया, उसे पूरी ईमानदारी से किया। यही समर्पण हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाता है।

# खादी और बिहार की अर्थव्यवस्था



**अविनाश कुमार झा**

खादी बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कई हड्डियों में से एक महत्वपूर्ण हड्डी है। ये सिर्फ कपड़ा नहीं, सैंकड़ो हजारों परिवारों की रोजी-रोटी है। यह बिहार में रोजगार सृजन का एक विशिष्ट उपाय है। जिस पर इंदिन बिहार सरकार की नज़र गयी है। बिहार में 3.5 लाख से अधिक कारीगर खादी से सीधे जुड़े हैं, जिनमें 70त्न से ज्यादा महिलाएं हैं - चरखा कातना, बुनाई, कढ़ाई, रंगाई – ये सब काम गांव-घर में होता है। इससे पलायन रुकता है और इससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बनती हैं।

**इसका मुख्य केंद्र:** मधुबनी, भागलपुर, गया, नालंदा, दरभंगा। इनमें भागलपुरी सिल्क खादी तो विश्व प्रसिद्ध है।

इसका बिहार की अर्थव्यवस्था में बहुत ज्यादा योगदान है।- बिहार खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के तहत हर साल 300 करोड़ का उत्पादन होता है।

बिहार खादी मॉल पटना में खुलने के बाद बिक्री में बड़ा उछाल आया। सम्प्रति ऐसा ही खादी मॉल भागलपुर और मुज़फ्फरपुर में भी खुले हैं। सरकारी दफ्तरों में एक दिन खादी पहनना को अनिवार्य करने से भी मांग बढ़ी है।

मुख्यमंत्री की ÷खादी को बढ़ावा÷ योजना के तहत सरकारी खरीद, छूट और इसकी ब्रांडिंग पर जोर है। बिहार के फैशन डिज़ाइनर नीतीश चंद्रा ने ÷खादियोलॉजी÷ के नाम से खाड़ी के कपड़ो का उपयोग नई पीढ़ी में बढ़ाने के लिए प्रयास किया है।

इससे न सिर्फ ग्रामीण बिहार की महिला शक्ति के सशक्तिकरण की नई राह खुलती है बल्कि इसे नए आयाम भी मिलते हैं।

कामकाजी महिलाओं के लिए यह खादी दोहरा फायदा देती है:-

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं खादी बनाकर 6-12 हजार महीना कमा रही हैं।
- ऑफिस जाने वाली महिलाएं कंफर्ट और फॉर्मल लुक के लिए खादी कुर्ता-साड़ी चुनती हैं।

किंतु अभी इसके समक्ष कई कड़ी चुनौतियां हैं। जैसे -

- मशीन के कपड़ों से मुकाबला
- युवाओं में ब्रांडिंग की कमी
- कारीगरों को समय पर भुगतान का न होना और
- आधुनिक डिजाइन की ट्रेनिंग में दिक्कतें।

**आगे की राह**

-------------------

बिहार सरकार अब खादी को सिर्फ प्रोडक्ट के रूप में ही नहीं देखकर अब फैशन प्रोडक्ट बना रही है।

निफ्ट के साथ टाई-अप, अमेज़न फ्लिपकार्ट, मीशो, मियंत्रा इत्यादि लोकप्रिय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिक्री, और ÷खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन÷ कैंपेन से मांग बढ़ रही है।



खादी बिहार के लिए सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि गांव की महिलाओं का रोजगार, राज्य की पहचान और सतत विकास की अर्थव्यवस्था का मॉडल है।। अब बात करते हैं, खादी का उपयोग बढ़ने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसके कई सकारात्मक प्रभाव की।

**खादी की मांग बढ़ना मतलब सीधा गांव और ग्रमीणों की जेब में पैसा जाना। इसके 6 बड़े फायदे हैं:-**

1. रोजगार में बढ़ोतरी
सीधा रोजगार- 1 मीटर खादी बनाने में औसतन 4 घंटे की मजदूरी लगती है।
मांग दोगुनी - कारीगरों के काम के दिन दोगुने।
2- महिलाओं की भागीदारी- चरखा और बुनाई का 70त्न काम महिलाएं करती हैं। घर बैठे 6-15 हजार महीना कमाने का जरिया बनता है। इससे पलायन रुकता है।
3. नकदी का प्रवाह गांव में बढ़ता है क्योंकि
खादी का पैसा बिचौलियों की बजाय सीधे कातने-बुनने वाले के हाथ में जाता है। बिहार में ही 3.5 लाख कारीगर हैं। अगर हर कारीगर की आय 2000/महीना भी बढ़े तो सालाना 840 करोड़ सीधे गांव में पहुंचेगा। ये पैसा किराना, स्कूल, दवाई पर खर्च होगा। यह लोकल दुकानदार की भी कमाई है।
4. इससे कृषि पर दबाव कम होता है।
बिहार की लगभग 76त्न आबादी कृषि पर निर्भर है। खादी से जुड़ा गैर-कृषि रोजगार मिलने से छोटे किसान परिवार की आमदनी के अन्य स्रोत हो जाते हैं। फसल खराब हो तो भी घर चलता रहेगा।
5. कौशल और उद्यमिता
मांग बढ़ने से युवा डिजाइन, मार्केटिंग, ई-कॉमर्स में आएंगे। यह इस प्रकार काम करता है। स्वयं सहायता समूह ? खादी ब्रांड ? स्टार्टअप। मधुबनी पेंटिंग + खादी जैसे कॉम्बो से प्रीमियम प्रोडक्ट बनते हैं।
6. पलायन में कमी -
गांव में सम्मानजनक काम मिलेगा तो दिल्ली-पंजाब मजदूरी करने जाने की मजबूरी घटेगी। परिवार टूटने से बचते हैं, बच्चे पढ़ पाते हैं।
7. सतत विकास - खादी हैंडमेड है, बिजली-पानी कम लगता है इससे यह पर्यावरण फ्रेंडली हो जाती है।
- कपास, रेशम, ऊन सब लोकल किसान से आता है,इससे कृषि को भी बाजार मिलता है
8- ÷वोकल फॉर लोकल÷ का असली उदाहरण है, जिससे जिले का अधिकतम पैसा जिले में ही घूमता है।

अंततः खादी की मांग बढ़ने का सीधा प्रभाव है। गांव की महिलाओं के हाथ में पैसा, युवाओं के हाथ में काम, और बिहार की अर्थव्यवस्था के खुरदरे पहिये में जबरदस्त ग्रीस।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार खादी की बिक्री 450 करोड़ पार कर गई। अगर ये 1000 करोड़ हो जाए तो 2 **(दो) लाख नए लोगों को अंशकालिक रोजगार मिल सकता है।**

**आज का कार्टून**




## राशिफल

**मेष**
आपको कार्यक्षेत्र में नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें। प्रेम सम्बन्धों में थोड़ी अनबन हो सकती है।

**वृषभ**
आपके ऊपर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। ससुराल पक्ष के लोगों को परेशानी हो सकती है। अपनी बुद्धि का उचित प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं।

**मिथुन**
आय के नये स्रोत बनेंगे, लेकिन आपके खर्च भी बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से सराहना प्राप्त होगी। धन की कमी से रुके कार्य प्रारम्भ हो सकते हैं। आपको व्यापार में बड़े अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह**
यदि आपका वजन बढ़ा हुआ है, तो आपको इस पर नियन्त्रण करना चाहिये। लोग आपकी आलोचना करेंगे। जीवनसाथी के साथ नोंक-झोंक होने की आशंका है।

**कन्या**
आज घर में आपका मन नहीं लगेगा। तीर्थस्थल की यात्रा हो सकती है। हिसाब-किताब में पारदर्शिता रखें। अपने स्वाभिमान से समझौता न करें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र का वातावरण अत्यन्त सुखद रहेगा। आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चे काफी अनुशासित रहेंगे। रिश्तेदारों के घर जाने का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक**
समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। पिताजी के साथ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**धनु**
आपकी दिनचर्या अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। मन में अज्ञात कारणों से चिन्ता रहेगी। करियर को लेकर आप पूरी तरह से फोकस्ड रहेंगे।

**मकर**
नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। सन्तान की उन्नति से आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। पूर्व में किया गया निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। आपकी प्रतिभा और योग्यता की प्रशंसा होगी।

**कुंभ**
राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर वक्तव्य देना चाहिये। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका मन अत्यन्त प्रसन्न रहेगा।

**मीन**
अटके हुये काम दोबारा शुरू होंगे। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना डेयरी प्रोजेक्ट द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना डेयरी प्रोजेक्ट के द्वारा अपार्टमेंट ड्राइव के तहत ग्रैंड पल्लवी अपार्टमेंट,जजेज रोड गांधी मैदान (पटना) में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें सुधा दुध एवं




दुग्ध उत्पादक की गुणवत्ता के बारे में विपणन प्रभारी श्री संजय कुमार ने लोगो को बताया। अपार्टमेंट के लोगों ने इस कार्यक्रम में गर्मजोशी से भाग लिया।बच्चों ने पासिंग गेम एवं महिलाओं ने म्यूजिकल चेयर गेम का खूब आनन्द लिया। पटना डेयरी प्रोजेक्ट द्वारा गेम में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया इस मौके पर पटना डेयरी प्रोजेक्ट के विपणन प्रभारी श्री संजय कुमार एवं मार्केटिंग ऑफिसर, सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### फरार अभियुक्त के घर औरंगाबाद जाकर साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी डकैती कांड में फरार चल रहे आप प्राथमिक अभियुक्त के घर पर मसौदे पुलिस औरंगाबाद जाकर इश्तिहार चैट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है थाना अध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मसौढ़ी थाने में कांड संख्या 410 एवं 411/12 के अप्राथमिकी अभियुक्त अखिलेश पासवान पिता स्व सीताराम पासवान जो बिहारीबिगहा थाना ओबरा जिला औरंगाबाद का रहनेवाला है,उसके विरुद्ध विधिवत तौर इश्तहार तामिला करते हुए सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है,ससमय सरेंडर नहीं करने पर कूर्की की कारवाई की जायेगी, घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि वर्ष 2012 में नूरा बाजार के आसपास



दंपति के साथ हथियार के बल पर कार एवं आभूषण लूट पाट करने का मामला दर्ज कराया गया था इसी मामले में फरार चल रहे हैं कई अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया है एवं कई अप्राथमिकी अभियुक्त के खिलाफ इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है।

### जुगाड़ गाड़ी और बाइक की टक्कर में तीन जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार की सुबह सकसोहरा रोड पर बेढना गांव के पास एक जुगाड़ गाड़ी पर बैठकर शादी समारोह मे मिठाई बनाने का काम करने के लिए मजदूर सकसोहर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग ने लहरिया कट बाइक चलाते हुए तेज स्पीड में जुगाड़ गाड़ी को सीधे टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि जुगाड़ गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई इसके बाद हलकी-फुलकी चोट लगे बाइक सवार पर बैठे तीनों लोग कुछ देर के बाद अपने घर की तरफ भाग निकले वही जुगाड़ गाड़ी पर बैठे विनय कुमार और कारू कुमार सहित एक और मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसमें कारू की हालत चिंताजनक है सभी को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### शोरूम में काम करने वाले युवक के साथ मारपीट कर जख्मी किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सविता सिनेमा हॉल के पास रविवार की संध्या 4:30 बजे के आसपास एक प्रतिष्ठित कपड़ा एजेंसी के शोरूम में काम करने वाले 25 वर्षीय शिवम कुमार पूरन बीघा गांव निवासी को कुछ लोगों ने बेरहमी से सरे आम पिटाई कर दे और घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मोटरसाइकिल पर बैठकर चले गए। इस दौरान लोगों की भी इकठ्ठा हो गई और गंभीर रूप से घायल शिवम को लोगों ने उठकर बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवा दिया। शिवम ने बताया कि मारपीट करने वाले अचानक चाय दुकान पर आए और बिना कुछ कहे हुए ताबड़तोड़ मारपीट करने लगा मारपीट करने वाले हाथ में पंजा पहने हुए था। जिसके चलते उनके चेहरे और माथे पर गंभीर चोटें आई है। घायल ने बताया कि मारपीट करने वालों की उसने पहचान कर ली है जो एनटीपीसी थाना क्षेत्र के ढकवाहक के पास के मुजाहिद पुर गांव के रहने वाले हैं । घटना के बाद घायल युवक इसकी लिखित शिकायत करने बाढ़ थाना जाने की बात कही है घटना के करण के बारे में पुलिस छानबीन कर रही है।

### एक ही परिवार के सगे भाई-बहन के डॉक्टर बनने पर मुहल्लेवासियों मे खुशी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी स्थित पटेल चौक, लक्खीबाग मोहल्ले में एक ही घर के भाई बहन डॉक्टर बनने से पुरे मुहल्ले मे खुशी की लहर है दरअसल बिन्ध्याचल कुमार सिन्हा के परिवार में उस वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब उनके पुत्र और पुत्री दोनों ने डॉक्टर बनकर परिवार और इलाके का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।जानकारी के अनुसार, उनके पुत्र मृत्युंजय कुमार ने वाराणसी स्थित हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से तथा पुत्री सुभद्रा कुमारी ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, उत्तर प्रदेश से



एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। एक ही परिवार के सगे भाई-बहन के डॉक्टर बनने पर लोगों ने इसे गर्व का क्षण बताया है।परिवार के सदस्यों ने बताया कि दोनों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से आसपास के छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर नवीन सिंह,संजय कुमार, नागेंद्र सिंह समेत परिचितों ने घर पहुंचकर दोनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 'पाटलिपुत्र टाउनशिप' के लिए भूमि अधिग्रहण का पुनपुन में ग्रामीणों ने किया विरोध




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार ने ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की प्रक्रिया मे जुट गई है। ऐसे में पाटलिपुत्र टाउनशिप ग्रीनफील्ड बसाने कवायद शुरू होते ही इसका विरोध होने लगा है। ऐसे में रविवार को पुनपुन प्रखंड के गवसपुर में सैकड़ो रैयत किसानों ने इसका विरोध जताया है और इस फैसले को एक तरफ और किसान विरोधी बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। दरअसल किसानों का कहना है की राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की है कि पुनपुन में 1010 एकड़ में 'पाटलिपुत्र टाउनशिप' का निर्माण किया जाएगा। इस अधिसूचना के साथ ही हमारे गांवों सहित कई इलाकों में जमीन की खरीद-बिक्री, हस्तांतरण और भवन निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। सरकार के इस एकतरफा फैसले से हम सभी ग्रामीण अत्यंत भयभीत और आक्रोशित हैं। इस अधिग्रहण और खरीद-बिक्री पर लगी रोक के कारण हमारे सामने निम्नलिखित गंभीर संकट उत्पन्न हो गए हैं,अचानक जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगने से हम ग्रामीणों के आवश्यक कार्य ठप हो गए हैं। गांव में किसी को बेटी की शादी करनी है, किसी को गंभीर बीमारी का इलाज करवाना है, तो किसी को बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए पैसों की आवश्यकता है। किसान मुसीबत के समय अपनी थोड़ी सी जमीन बेचकर ही इन जरूरतों को पूरा करता है। इस रोक ने हमें हमारे ही मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया है एवं हम ग्रामीणों की आजीविका का एकमात्र साधन हमारी कृषि योग्य भूमि है। यदि यह

**जमीन खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटाने की मांग**

जमीन हमसे छीन ली गई, तो हमारी पूरी जीवनचर्या और रोजी-रोटी खत्म हो जाएगी। हमारे पास कोई अन्य कौशल या व्यवसाय नहीं है। यह अधिग्रहण हमारे लिए विकास नहीं, बल्कि जीने-मरने और भुखमरी का प्रश्न बन गया है। बाजार मूल्य और मुआवजे में भारी अंतर है। वर्तमान में इस क्षेत्र में जमीन का बाजार मूल्य बहुत अधिक है। सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के एवज में जो मुआवजा या टाउनशिप नीति (जैसे 55% विकसित भूमि वापसी) की बात कही जा रही है, वह हम गरीब किसानों के लिए पूरी तरह से अव्यावहारिक और घाटे का सौदा है। सरकारी दर पर मिलने वाला मुआवजा बाजार दर के मुकाबले काफी कम होगा, जिससे हम न तो कहीं और जमीन खरीद पाएंगे और न ही अपना जीवन स्तर बनाए रख सकेंगे।हम किसान जमीन के बदले कोई 'विकसित प्लॉट' लेकर क्या करेंगे,बहरहाल पुनपुन प्रखंड के सभी किसानों और स्थानीय लोगों ने टाउनशिप के 'कोर' या 'स्पेशल' एरिया से बाहर रखने की मांग की है। इसके अलावा जमीनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाते हुए जमीनों की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर लगी रोक को तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन नदपुरा, बाजितपुर, बसुहार, दूसरी, गवसपुर समेत दर्जन गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। जिसमें ओम सिंह,मनीष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, बिनोद सिंह, नागेंद्र प्रसाद सिंह, रामकिशोर सिंह,विनय कुमार राय, राजीव कुमार, संजीव समेत सैकडों लोग शामिल रहे।

## तपिश ने बढ़ाई बीमारियां, अनुमंडल अस्पताल मसौढी में उमड़ रही मरीजों की भीड़

**गर्मी का सितम, रोज अस्पताल पहुंच रहे हजारों मरीज, डायरिया-पेट दर्द की शिकायतें बढ़ी**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले करीब एक सप्ताह से मौसम के मिजाज में आए बदलाव ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और चढ़ते पारे से अब स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से उभरने लगी हैं। गर्मी की इस मार का सीधा असर मसौढी अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी में देखने को मिल रहा है जहां रोजाना मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचने वाले लोगों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। ओपीडी में हर रोज 200 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश मरीज उल्टी, दस्त, बुखार और पेट दर्द जैसी शिकायतों से पीड़ित हैं। चिकित्सकों का मानना है कि तापमान में अचानक हुई वृद्धि और गर्म हवाओं के कारण लोगों का पाचन तंत्र प्रभावित हो रहा है जिससे संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. लक्ष्मण ने लोगों को इस मौसम में विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में खानपान के प्रति थोड़ी सी भी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। संक्रमण से बचने के लिए लोगों को केवल घर पर बना पौष्टिक आहार ही लेना चाहिए। बाहर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों और कटे हुए फलों से पूरी तरह परहेज करना स्वास्थ्य के लिए बेहतर है, क्योंकि गर्मी में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनते हैं। डॉ. उपेंद्र ने कहा कि खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह धोना और स्वच्छ पानी का उपयोग करना अनिवार्य है। शरीर में पानी की कमी यानी डी-हाइड्रेशन से बचाव के लिए उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने का सुझाव दिया है। घर में बनी लस्सी, नींबू पानी और ताजे फलों का रस इस मौसम में शरीर को ठंडक प्रदान करने के साथ-साथ ऊर्जा भी बनाए रखते हैं।समय पर चिकित्सक से लें परामर्श एनएमएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर ने कहा कि यदि किसी को लगातार उल्टी, दस्त या चक्कर आने जैसी समस्या महसूस हो, तो उसे घरेलू नुस्खों पर निर्भर रहने के बजाय तुरंत नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। समय पर इलाज मिलने से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

## फर्जी नंबर लगाकर हाईवा से कर रहा था बालू ढुलाई

**पुलिस ने की 9 लाख 6500 का जुर्माना**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध बालू के खिलाफ चल रहे छापेमारी के दौरान रविवार को कादिरगंज पुलिस एवं खनन विभाग के द्वारा गिरपरता बिगहा गांव से एक बालू लदा हाईवा को जप्त किया है। जहां जांच पडताल के दौरान बालू लदा हाईवा का नंबर प्लेट भी मिसमैच था और बालू का चलान भी नहीं दे पाया, ऐसे में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर 16 चक्का का हाईवा से बालू की ढुलाई करने एवं बिना चालान के सोन नदी का बालू की बिक्री करने के मामले में खनन पुलिस निरीक्षक उत्तम मणी के द्वारा कादिरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें दो युवक को मौके से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार युवक का नाम रिजु कुमार एवं केशव कुमार दोनों पिता मृत्युंजय कुमार मसौढी सतिस्थान का निवासी है। खनन पदाधिकारी उत्तम मणी के द्वारा बिना चालान अवैध बालू की बालू धुलाई के मामले में 9 लाख 6500 का जुर्माना लगाया है। कादिरगंज थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया की पुलिस और खनन विभाग के संयुक्त कार्रवाई को लेकर इन दिनों अवैध बालू खनन और ढुलाई के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

## अथमलगोला स्टेशन बाजार से रहस्यमय ढंग से किशोरी लापता

**आईसक्रीम खाने के बहाने हुई लापता,परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है**

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार की संध्या अपनी बुआ के साथ आई एक 18 वर्षीय किशोरी खरीदारी के क्रम में बाजार से रहस्यमयी तरीके से लापता हो गई।मामला पटना जिले के अथमलगोला क्षेत्र अंतर्गत अथमलगोला स्टेशन बाजार का है। मिली जानकारी के अनुसार अथमलगोला थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली पिंकी कुमारी ( बदला हुआ नाम) अपनी बुआ के साथ मार्केटिंग करने अथमलगोला स्टेशन बाजार आई थी। परिजनों के अनुसार उसने आईसक्रीम खाने के बहाने अपनी बुआ को कहा की आप मार्केटिंग करो तबतक मै आईसक्रीम काम कर आती हूं।जब काफी देर तक वो नहीं लौटी तो बुआ ने आइसक्रीम पार्लर व प्लेटफार्म परिसर में युवती की तलाश की लेकिन वो कहीं नहीं मिली। आनन-फानन में बुआ ने युवती के माता पिता को स्टेशन बाजार बुलाकर खोजबीन की। लेकिन वो नहीं मिली। तब जाकर डायल 112 को सूचना दी गई। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर अथमलगोला स्टेशन बाजार में मामले की छानबीन की है। इस संबंध में राजकीय रेल पुलिस बाढ़ के थाना अध्यक्ष मणिकांत पाण्डेय ने बताया की लापता होने का मामला संज्ञान में आया है।लेकिन चूंकि मामला स्थानीय थाना ( अथमलगोला) का है। इसलिए आवेदन वहाँ दर्ज होगा, वाबजूद इसके रेल पुलिस ने इस संबंध में एक जवान को मामले की जांच के लिए अथमलगोला स्टेशन भेजा है। वहीं अथमलगोला थाने के अपर थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने कहा है की परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। बहरहाल परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और वो किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं।




## कचरा फेंकने से मना किया तो मारा चाकू, हालत गंभीर



**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के राणा बीघा गांव में शनिवार की देर रात कचरा गिराने से मना करने के बाद दो पक्षों में कहा सुनी हो गई। देखते ही देखते कहा -सुनी का मामला हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक युवक के पेट में चाकू घुसेड दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही विकास सिंह पड़ोस के एक युवक राजेश सिंह को पेट में चाकू मार कर गंभीर रूप स घायल कर दिया। ग्रामीण और परिजन द्वारा इलाज के लिए जल्दबाजी में बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना जाने की बात कही। चाकू पेट में गहरा फंसे होने की बात कह कर मामला गंभीर बताकर बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायल के पेट में चाकू घुसे होने के बाद युवक के पेट से बहुत ज्यादा ब्लड गिर चुका था और इस अवस्था में पटना ले जाया गया ,मिली जानकारी के अनुसार विकास सिंह शराब के नशे में था राजेश कुमार को घर के आगे कचरा नहीं गिरने से मना करने के बाद चाकू मार कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर करीब एक घंटा बाद पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजन का कहना है कि पूर्व से उनके साथ कोई विवाद नहीं था सिर्फ शराब के नशे में घटना को अंजाम दिया गया। वही हिंसक रूप धारण करने वाले के बारे में बताया जाता है कि अक्सर वह चाकू लेकर घूमा करते थे और हमेशा नशे की हालत में होने के चलते गांव के लोग दहशत में रहते थे।

## दो ऑटो आपस में टकराए, दो लोग जख्मी, आभूषण से भरा बैग लेकर भागा

**बदलापुर के निवासी किरण देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया एन एच 22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के मधुबन पुल के पास रविवार की तकरीबन 11:00 दो ऑटो आपस में आमने-सामने टकरा गई, जिसमे टेंपो पर सवार एक महिला और एक युवक जख्मी हो गए हैं। हालांकि जख्मी को बचाने के बजाय टेंपो यात्रियों के भरे हुए अटैची थैला लाखों का आभूषणों नगदी लेकर वह फरार हो गया है। मामला मधुबन पुल के पास की हैं, जहां पर खगोल के छोटकी बदलापुर के निवासी किरण देवी पति स्वर्गीय रविंद्र कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है की भूपतीपुर गोलंबर के पास में कोसुत जाने के लिए टेंपो पर बैठे थे जिसमें दो बहन और भाभी के साथ दो अटैची चार थैला के साथ शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे, जैसे ही मधुबन पुल के पास फोरलेन के पास पहुंचे दो ऑटो आपस में टकरा गए, जहां हमारी भाभी रीता देवी जख्मी हो गई, हम टेंपो पर से उतरकर जख्मी हालत में गिरे भाभी को देखने गए, वैसे ही टेंपो वाहन से फरार हो गया, टेंपो में हमारे दो अटैची और चार थैला में सोने का झुमका 10 ग्राम, डेढ़ भर सोने का चेन, चांदी का पायल, सोने का मंगलसूत्र, 5 हजार नगदी था, इसके अलावा भाभी के थैला में 2 हजार नगदी, पीतल का थाली, शादी का सामान कपड़ा वगैरह सभी लेकर भाग गया है, इस मामले में नदवां ओपी में पीड़ित के दिए गए आवेदन के आलोक में छानबीन की जा रही है फरार ऑटो की तलाश की जा रही है।

## पुनपुन में ट्रक का टायर फटने से ड्राइवर के साथ बैठे खलासी की हुई मौके पर मौत, चालक फरार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा सरमेरा पथ पर पुनपुन थाना क्षेत्र के गवसपुर पेट्रोल पंप के ठीक सामने रविवार की तड़के सुबह एक अचानक जोरदार आवाज हुई जहाँ आसपास के लोग कुछ समझ पाते की देखें की युवक ट्रक मे मौत हो गई है,और ट्रक के अगला टायर फट गया है,गौरतलब है की ट्रक का टायर फटने से जोरदार आवाज में ड्राइवर के साथ बैठा हुआ खलासी की मौत मौके पर हो गई है। मृतक की पहचान नूरुद्दीनपुर के राजेश कुमार पिता अनिल यादव के रूप में हुई है। दरअसल घटना तड़के सुबह तकरीबन 7:30 बजे की है, जहां पर एक ट्रक गवसपुर पेट्रोल पंप के पास से मसौढी की ओर जाना था उसी समय अचानक ट्रक का अगला टायर फट गया जिसे जोरदार आवाज हुई और ड्राइवर के साथ उसका ही मौसेरा भाई राजेश कुमार की मौत मौके पर ही हो गई घटना के बाद वह चालाक डर से भाग गया, सूचना मिलती ही मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि ट्रक के टायर फटने से यह मौत हुई है मामले की जांच की जा रही है, यह ड्राइवर के साथ बगल में ही बैठा हुआ था हालांकि ड्राइवर भाग गया है पूरी मामले की तहकीकात की जा रही है।

## पंच परिवर्तन के विषय पर, हिन्दू समाज को एक जुट रहने, पर्यावरण की संरक्षा का संकल्प




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रमुख जन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन प्लैटिनम जिम सेंटर के ऊपर किया गया। इस कार्यक्रम में मसौढ़ी नगर एवं खंड, पुनपुन, धनरूआ एवं संपतचक से काफी संख्या में अलग अलग क्षेत्रों के प्रमुख जनों प्रोफेसर, इंजिनियर, किसान, मजदूर, अन्य समाज एवं संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदय राज मिश्र, हिमालया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य तथा मुख्य वक्ता संघ के उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक राम नवमी रहे।राम नवमी ने पंच परिवर्तन के विषय पर, हिन्दू समाज को एक जुट रहने, पर्यावरण की संरक्षा, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य और कुटुम्ब प्रबोधन पर विस्तार से बतलाया तथा हिन्दू समाज को दो से अधिक बच्चा पैदा करने के लिए प्रेरित किया। राम नवमी जी ने प्रमुख जनों से पंच परिवर्तन विषय को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। प्रमुख जनों के संघ के प्रति जिज्ञासा का समाधान भी मुख्य वक्ता ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में संघ की ओर से जिला प्रचारक मनीष कुमार, सह जिला कार्यवाह प्रिंस कुमार, खंड संघचालक किशोरी, खंड कार्यवाह राघवेंद्र कुमार, लव प्रकाश, प्रभात कुमार, संतोष कुमार, सुरेन्द्र खत्री, संजय केशरी, अरुण यादव, अभिमन्यु पटेल एवं अन्य स्वयंसेवक मुख्य भूमिका में रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन लव प्रकाश ने किया।

## धनरूआ में बिजली एचटी टॉवर पर चढा युवक, दो घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा

**पारिवारिक कलह से तंग आकर बिजली टावर पर चढ़ा युवक, भाई और पिता ने की थी मारपीट**




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडा पंचायत के सीरिया गांव में रविवार की सुबह तकरीबन 11 बजे उस वक्त हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जहां एक युवक केंद्रीय बिजली ट्रांसमिशन सप्लाई की टावर पर चढ़ गया जिसमे चार लाख तेतीस हजार के बिजली करंट होती है।जहाँ उस टॉवर पर चढ कर अपनी जान देने की कोशिश की, सूचना मिलते ही आस पास के भारी संख्या में लोगों आ जुटान हो गया, सभी लोग उसे निचे उतर जाने के लिए मनाते दिखे,लेकिन वह.युवक मानने को तैयार नही,सूचना मिलते ही मौके स्थानीय पुलिस और उस युवक के परिवार के लोग आये और निचे उतर जाने के लिए मान मिन्नत करते रहे। उसे उतारने के लिए लगातार लोगों ने बहुत कोशिश की लेकिन वह युवक अपने जान देने पर उतारू रहा, युवक की पहचान सीरिया गांव के रामचंद्र बिंद का पुत्र सुजीत कुमार बताया जाता है,सुजीत कुमार बाहर किसी कंपनी मे काम करता था जो फिलहाल गांव पर दो महीने से आया हुआ था,उसके पिता रामचंद्र बिंद और उसके भाई ने रविवार को भी मारपीट की थी,पिछ्ले कई दिनो से घर मे परिवारीक विवाद चल रहा था,आरोप है कि गांव के किसी शादीशुदा महिला के साथ बात चित करता था,और उसके साथ एकतरफा प्यार करता था और नशा भी करता था,इसी को लेकर उसके पिता और भाई मारपीट करता था,और रविवार को भी ऐसा ही हुआ जिससे आजिज हो कर बिजली हाईटेंशन टॉवर पर चढ कर जान देने की कोशिश की,गनीमत रहा की उस हाईटेंशन की चपेट मे नहीं आया,किसी तरह दो घंटे बाद समझा बुझाकर उसे उतारा गया, मौके पर पहुंची पुलिस उसे थाने लाई जहाँ थानाध्यक्ष अमित कुमार, डीएसपी कन्हैया कुमार ने उस युवक से पुछताछ की तो वह बताया की घरवाले अनर्गल आरोप लगा कर मारपीट कर रहे थे,इसलिए हम जान देने के लिए बिजली टॉवर पर चढ गये।पुलिस ने सुझबुझ से मामला शांत कराते हुए उसके परिजनों से पुरे मामले की जांच पडताल कर परिवारीक कलह को खत्म करने की बात कही,बहरहाल इस घटना को लेकर पुरे गांव मे गहमागहमी का माहौल बना रहा, हर किसी के जुबान पर यही रहा की संयोग से हाईटेंशन के चपेट मे नही चार लाख तेतीस हजार वोल्टेज के टॉवर बहुत ही संवेदनशील माना जाता है।फिलहाल पुलिस मामले की मामले की तह तक तहकीकात मे जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीमार यात्री की ट्रेन में हुई मौत से मची अफरा तफरी

**भागलपुर से इलाज कराकर अपने घर लौट रहा था मृतक यात्री शैलेंद्र**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर खड़ी ट्रेन मालदा कियूल ट्रेन में उसे समय यात्रियों के बीच अपरा तफरी का माहौल देखा गया जब एक बीमा यात्री की ट्रेन में ही मौत हो गई। ट्रेन में हुई यात्री की मौत की जानकारी जैसे ही जमालपुर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार एवं आरपीएफ को दी गई तो ट्रेन पहुंचने के बाद यात्री के शव ट्रेन से जमालपुर में उतर गया। ट्रेन में हुई यात्री के मौत के बारे में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि प्लेटफार्म ड्यूटी कर रहे पदाधिकारी ने बताया कि मृतक यात्री की पहचान 50 वर्षीय शैलेंद्र कुमार बहादुरपुर लोहची बरियारपुर निवासी बताए गए हैं जो वर्तमान में जमालपुर में कहीं किराए के मकान में रहते हैं। मृतक यात्री की पत्नी ने बताई की पति का इलाज भागलपुर से कराकर जमालपुर लौट रहे थे बरियारपुर में अचानक तबीयत खराब हुई और उनकी सांस रुक गई। हालांकि जमालपुर स्टेशन में जब ट्रेन से मृतक यात्री को उतारा गया तो रेल चिकित्सक ने उन्हें उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक यात्री के शव को कानूनी प्रक्रिया के बाद साजन को सुपुर्द कर दिया।

### फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर क्लब की बैठक

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब की बैठक अवंतिका रोड जमालपुर में अध्यक्ष उमेश सिंह के अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित खेल प्रेमियों एवं क्लब के पदाधिकारी ने यह निर्णय लिया कि टूनामेंट का आयोजन जून महीने में आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारी में अभी से हम लोगों को जुट जाना होग। बैठक में शिवलाल रजक, अजीत कुमार, अशोक सिंह चौहान प्रहलाद राउत सहित कई मौजूद थे।

### रघुराय कैमरे से कविता लिखते थे : अशोक वर्मा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देश के जाने-माने फोटो जर्नलिस्ट रघुराय की मृत्यु पर जिले के फोटो जर्नलिस्टो में शोक व्याप्त हुआ। जिले के फोटो जर्नलिस्ट इम्तियाज अहमद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रघु राय की तसवीरे बोलती थी। उनका जीवन उनका कैमरा था। उनकी मृत्यु से हम सभी मर्माहत है। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए अशोक वर्मा ने कहा कि जब मैं 1980 के दशक में फोटो पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया तो मैं रघु राय के विजन को उनकी तसवीरो मे देखा और मेरे अंदर का फोटो पत्रकार जग गया, फिर मै उस समय से लगातार फोटो पत्रकारिता करता आ रहा हूं। उन्होंने कहा कि रघु राय का एक अपना परिपक्व विजन था और वे नेचुरल फोटो ग्राफ पर अधिक जोर देते थे। वह कैमरे से कविता लिखते थे. उनका विषय नेता के बजाय प्रकृति थी.उनके इंटरव्यू को भी मैंने देखा था। एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि आप दैनिक अखबार के प्रेस फोटोग्राफर के पद को छोड़कर स्वतंत्र फोटोग्राफी क्यों करते हैं? उसके जवाब में उन्होंने कहा था कि अखबार का एक अपना नियम और सिस्टम है और उस सिस्टम में काम करना होता है लेकिन सही फोटो जर्नलिस्ट स्वतंत्र रूप से ही काम कर सकता है बंधन में नहीं कर सकता,इसलिए मैं स्वतंत्र फोटोग्राफी के मार्ग को चुना और अपने काम से संतुष्ट हूं। श्री वर्मा ने कहा कि रघुराय की तस्वीरें बोलती है चाहे वह तांगे वाले की तस्वीर हो या नाई की दुकान की तस्वीर हो उनकी हर तस्वीर में एक संदेश छिपा होता था। दैनिक जागरण के प्रेस फोटोग्राफर भुवन श्रीवास्तव ने कहा कि रघुराय देश के कोई फोटोग्राफरो के प्रेरणा स्रोत रहे है,उनके कार्य हमेशा अमर रहेंगे। प्रभात खबर के प्रेस फोटोग्राफर पाठक ने उनके कई तस्वीरों की चर्चा की। अन्य कई छायाकारो एवं पत्रकारों ने भी रघु राय की मृत्यु को दुखद कहा और कहा कि उसकी भरपाई शायद ही निकट भविष्य में हो, शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रभूषण पांडे, अजहर हुसैन अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार हीरालाल, सिद्धार्थ वर्मा,संजीव शाह, अवनीश श्रीवास्तव, नरेंद्र झा, राजन दत्त द्विवेदी ,अरविंद श्रीवास्तव एवं अन्य कई छायाकार पत्रकार थे।



### माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के प्रोन्नति पत्र जल्द होंगे जारीः डीईओ

**एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने दूरभाष पर उठाया मुद्दा, 27 अप्रैल तक कार्रवाई का मिला आश्वासन।**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की लंबित समस्याओं और प्रोन्नति को लेकर बिहार विधान परिषद के सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) राजन कुमार गिरी से दूरभाष पर बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने शिक्षकों की प्रोन्नति से जुड़े लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने की मांग की। श्री पुष्कर ने स्थानीय निकाय के माध्यमिक शिक्षक, विद्यालय अध्यापक एवं विशिष्ट शिक्षकों को उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर तथा उच्च माध्यमिक शिक्षकों को वरीय उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में स्व-स्थानिक प्रोन्नति देने हेतु जल्द पत्र निर्गत करने का आग्रह किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री पुष्कर ने बताया कि डीईओ ने प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों के प्रोन्नति संबंधी पत्र कुछ दिन पूर्व जारी किए जाने की जानकारी दी है। साथ ही माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के प्रोन्नति संबंधी प्रक्रिया को भी शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। श्री पुष्कर के अनुसार, डीईओ ने स्पष्ट रूप से भरोसा दिलाया है कि 27 अप्रैल तक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित पत्र निर्गत कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के कई जिलों में इस दिशा में कार्य तेजी से हो चुका है, जबकि कुछ जिलों में अब भी देरी बनी हुई है। ऐसे में राज्य स्तर पर एक निश्चित समय-सीमा तय कर सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है, ताकि सभी पात्र शिक्षकों को समय पर प्रोन्नति और वेतन फिक्सेशन का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि समयबद्ध प्रोन्नति से शिक्षकों को आर्थिक लाभ मिलेगा और इससे शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक सुधार भी देखने को मिलेगा।

### देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक शराब कारोबारी को देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार की सूचना मिल रही थी। जिसके आधार पर छापेमारी करते हुए थाना पुलिस ने करीब चौदह लीटर देशी शराब के साथ मेऊरा फुलेलपुर से मौली पासवान को गिरफ्तार किया है। जिसके उपरान्त विभिन्न सुसंगत धारा के अधीन मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

### जनगणना प्रशिक्षण का उप विकास आयुक्त और एसडीओ ने किया निरीक्षण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद कार्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे बैच के पहले दिन जिला उप विकास आयुक्त कांत कुंडलिक खांडेकर और अनुमंडल पदाधिकारी दानापुर अनिरुद्ध पाण्डेय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता परखी और प्रशिक्षकों की सराहना की। बुधवार को डीडीसी खांडेकर और एसडीओ अनिरुद्ध पाण्डेय ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौजूद पर्यवेक्षकों और प्रगणकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता, समझ और कठिनाइयों के बारे में विस्तार से पूछताछ की। अधिकारियों ने प्रशिक्षण सामग्री, उपस्थिति और संचालन प्रक्रिया की भी जानकारी ली। प्रशिक्षक डॉ. संजय कुमार और पवन कुमार ने बताया कि निरीक्षण संतोषजनक रहा। अधिकारियों ने प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रगणकों को जनगणना के काम को गंभीरता और सटीकता से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन, सिटी प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, डॉ. संजय कुमार, पवन कुमार, संतोष कुमार, चंदन कुमार, विनोद कुमार, रितम्भरा, रोजी, विनय कुमार सिंहा, अशोक विजय कुमार सहित कई शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे। जनगणना का काम तय समय पर पूरा करने के लिए प्रशिक्षण को जरूरी बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि फील्ड में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संगठन की मजबूती ही समाज की प्रगति का सबसे बड़ा आधार: डॉ. नागमणि सिंह

**क्षत्रिय संघ की मासिक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर वक्ताओं ने दिया बल**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी विधानसभा (19) क्षत्रिय संघ की मासिक बैठक रविवार को मठिया जिरात स्थित अधिवक्ता मणिभूषण सिंह उर्फ पप्पू सिंह के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. नागमणि सिंह ने की, जबकि संचालन विनय सिंह ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं शहरी इलाकों से आए सैंकड़ो सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, समाज में एकजुटता बढ़ाने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष डॉ. नागमणि सिंह ने कहा, ॒संगठन की मजबूती ही समाज की प्रगति का सबसे बड़ा आधार है। समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, संगठन और आपसी सहयोग आवश्यक है।॒ उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक विस्तार देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद व समाजसेवी अमरेंद्र सिंह, कामेश्वर सिंह एवं इं. सचिन सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए वीर कुंवर सिंह और महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया' बैठक में संगठन को सशक्त बनाने और नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। साथ ही सदस्यता अभियान को तेज करने, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रतिभा सम्मान समारोह कराने पर सहमति बनी।वही विश्वनाथ सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।मौके पर उपस्थित रहेः ई.राजीव रंजन सिंह,ई. सचिन सिंह, मणिभूषण सिंह, सत्येंद्र कुमार, शशिभूषण सिंह, कामेश्वर सिंह, श्याम किशोर कुमार, आनंद कुमार सिंह, ई. सचिन राव चौहान, अमित कुमार सिंह, विकास सिंह, दिनेश सिंह, शशिनाथ सिंह, राम शंकर सिंह, आनंद सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, राणा नीलकंठ मणि, अरुण कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, चंदन सिंह, दीपक सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार, राकेश सिंह, इं. राजीव रंजन सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नदी में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**मछुआरे ने तीन को बचाया, गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने पर एक ने तोड़ा दम**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दोस्तों के साथ सिकरहना नदी में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हंसुआहा घाट पर घटी है। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़तरी मध्य पंचायत के फेनहारा वार्ड संख्या 5 निवासी रामसागर यादव के इकलौते पुत्र सचिन कुमार उर्फ संतु (25 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सचिन फेनहारा गांव निवासी रूपेश कुमार, विशाल कुमार व भूलन कुमार तथा लालबेगिया गांव के पप्पू कुमार सहित तीन अन्य युवक के साथ लालबेगिया पुल के समीप मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हंसुआहा घाट पर नहा रहा था। इसी दौरान सचिन तैरते हुए गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जिसे बचाने की भरपूर कोशिश उसके दोस्त रूपेश कुमार, विशाल कुमार व भूलन कुमार ने किया। लेकिन वह तीनों भी डूबने लगे। मौके पर नाव के सहारे मछ्ली पकड़ रहे एक मछुआरे की नजर उन पर पड़ी, जिसने साहस का परिचय देते हुए एक-एक कर चारो को बाहर निकाला। हालांकि, अधिक देर तक पानी में रहने के कारण सचिन की हालत गंभीर हो गई। दोस्तों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में मोतिहारी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची चिरैया पुलिस ने क्षेत्राधिकार को मुफ्फसिल थाना का मामला बताया। इसके बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया। परिजनों के अनुसार, सचिन बीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद मोतिहारी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह छह दिन पूर्व अपनी बहन के देवर की शादी में शामिल होने गांव आया था। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक चार बहनों में इकलौता भाई था। उसके पिता रामसागर यादव दिल्ली में एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां रेनू देवी और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि पिता के दिल्ली से लौटने के बाद सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

# एकमा थाना में एसएसपी के समक्ष गुंडा परेड में 42 आरोपियों ने थाने में लगाई हाजिरी, गैरहाजिरों पर कार्रवाई के निर्देश

**एसएसपी ने चौकीदारों को सौंपी निगरानी की जिम्मेदारी, थाने का किया औचक निरीक्षण**



**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा थाना परिसर में रविवार को सारण के एसएसपी विनीत कुमार के नेतृत्व में गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 42 आरोपियों ने थाने में उपस्थित होकर हाजिरी लगाई। अभियान का उद्देश्य दागी अपराधियों एवं शराब तस्करों में कानून का भय स्थापित करना था। परेड के दौरान सभी आरोपियों से उनके पूर्व आपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली गई। साथ ही संबंधित क्षेत्रों के चौकीदारों को निर्देश दिया गया कि वे आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें। पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों से गहन पूछताछ भी की। इस दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पूर्व में नासमझी में अपराध एवं अवैध गतिविधियों से जुड़े थे, लेकिन अब ऐसे कार्यों से दूर रहने की बात कही। एसएसपी ने थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि उपस्थित आरोपियों पर कड़ी नजर रखी जाए और जो आरोपी हाजिर नहीं हुए हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने वालों पर कठोर कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएगी।

# पर्यावरण जागरूकता को लेकर जेआरएस कॉलेज में निकाली गई रैली



**एनएसएस के तहत कॉलेज में चल रहा सात दिवसीय शिविर**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगजीवन राम श्रमिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर देवराज सुमन के उपस्थिति में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। आयोजित शिविर एवं जागरूकता रैली के बारे में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित यह शिविर 50 स्वयंसेवकों की भागीदारी में आगामी 30 अप्रैल तक आयोजित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गोद लिए गए चंदनपुरा गांव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर 28 अप्रैल को कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पौधा रोपण, संगोष्ठी एवं स्वयंसेवक सेविकाओं के द्वारा गांव में घर-घर जाकर सर्वे करने का काम करेंगे। इधर जागरूकता रैली अनुशासन का पालन करते हुए पंक्तिबद्ध होकर हाथ में स्लोगन-लिखित तख्तियां लिए आगे बढ़े और नवटोलिया मोहल्ले से होते हुए नौलखा गाँव होते हुए हवाई अड्डे के पास से होकर गुजरे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित लगातार नारे लगाए "पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ " और मोहल्लेवासियों से वातावरण स्वच्छ रखने, वृक्ष लगाने, पोलिथीन का उपयोग न करने, जल को स्वच्छ रखने, अनावश्यक चीजें न जलाकर वायु प्रदूषण से मुक्त रहने का आग्रह किया।वही प्राचार्य प्रो देवराज सुमन ने एनएसएस की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। मौके पर डॉ सबीहा नसरीन, डॉ सागर सरकार,डॉ कमलेश पाल,डॉ राजा कुमार, प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार,डॉ राजेश कुमार सिंह,स्वयंसेवकों में अभय, वैष्णवी, आकांक्षा, प्रियांशु, आस्था सहित कई मौजूद थे।

# चित्रकला, कार्ड मेकिंग व निबंध सह चित्रकला प्रदर्शनी मे 250 बच्चों ने लिया भाग





**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नंदलाल बसु इन्स्टीटच्यूट ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट् जमालपुर व मुंगेर के संयुक्त तत्वावधान मे 'आओ प्रतिभा दिखाएं शीर्षक पर चित्रकला निबंध,कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता सह चित्रकला प्रदर्शनी केन्द्रीय संस्थान,पूर्व रेलवे जमालपुर में सम्पन्न कराई गई। उद्घाटन मुख्य अतिथि इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल सह संस्थान की प्राचार्या आंशुलता सहित इरवो सचिव शालिनी मिश्रा, प्रीती प्रसाद इरवो ट्रेजर, मैडम शारदा, संयुक्ता, रतना प्रिया, मैडम श्वेता, प्रीती राजपूत, नजीरा खान, अभया रश्मी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रुप से डॉ नंदलाल बसु के तैलचित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर किया। बच्चो ने प्रतियोगिता मे विभिन्न विषय पर चित्रांकन व निबंध लेखन किये जूनियर वर्ग के बच्चो ने कार्टून,पक्षी, वारली आर्ट ,मेरे जीवन का लक्ष्य, अपना मन पसंद चित्र, प्राकृतिक दृश्य, फलों की टोकरी, जल संरक्षण, शिक्षा की शक्ति, पालस्टिक मुक्त शहर, गांव का दृश्य, बिजली एवम प्राकृति संरक्षण विषय पर चित्र बनाए। वही सीनियर वर्ग के छात्रो ने मेरे जीवन का आदर्श ,नशा मुक्ति अभियान ,साइबर क्राइम अवेयरनेसश,आत्म निर्भर भारत, नन्दलाल बसु का चित्र, पर्यावरण प्रदूषण, दहेज प्रथा, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, धूम्रपान निषेध जैसे देश कि गंभीर समस्याओं को कागज पर उकेरकर उनके निराकरण का सराहनीय प्रयास किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो ने अपने मन के भावो को अभिव्यक्त किया यह एक आंतरिक प्रेरणा है। जिससे बच्चो मे रचनात्मक, एकाग्रता, अनुशासन एवं मेडिटेशन के गुणों का विकास होता है। मै बच्चो से आशा रखती हूँ कि वे भी भारत के प्रसिद्ध चित्रकार डॉ नंदलाल बसु जी के तरह देश कि सेवा कर अपना नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संस्थान की प्रचार्या आशुंलता, शिक्षक सुजीत कुमार सिंह, बसुधंरा सिंह, शाम्भवी सिंह, शिक्षक नीरज कुमार, मोनिका शर्मा, दीपिका, जय श्रीविश्वास, श्री निवास उपाध्याय, राजीवमंडल, स्वीटी, पुष्पा, शिल्पी, रुपा, गणपति, अनिरुद्ध, रितिक, र्सवाग सिंह, सूर्यजीत सिंह, हर्ष वर्धण सिंह, अनुराग सिंह, श्रेष्ठ सिंह, सर्वांग सिंह सहित अभिभावक गण उपस्थित थे।

# 7 घंटे के मेगा ब्लॉक से यात्री रहे परेशान

**काउंटर पर टिकट नहीं मिलने से यात्रियों में दिखा रोष, परेशान यात्रियों ने अधिकारियों से की कार्रवाई की मांग**



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर कियूल रेलखंड के कजरा अभयपुर स्टेशन बीच लगे 7 घंटे का मेगा ब्लॉक से रेल परिचालन व्यवस्था पूरी पूरी तरीके से ठप होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 7:30 से दोपहर 2:30 तक रेलखंड पर लगाए गए ब्लॉक के कारण भागलपुर एवं कियूल की ओर जाने के लिए यात्रियों को ऑटो टोटो एवं फोर व्हीलर जैसे महंगे किराया देकर यात्रा करने के लिए यात्री लाचार एवं मजबूर दिखे। जबकि खगड़िया बेगूसराय जाने के लिए यात्रियों के लिए आए दिन के तरह ट्रेन तो समय पर मिली पर ट्रेन के टिकट लेने में काउंटर पर कर्मियों ने यात्रियों को खूब परेशान किया। वहीं प्लेटफार्म एवं टिकट काउंटर पर लगाए गए टिकट वेंडिंग मशीन भी यात्रियों को टिकट उपलब्ध करवाने में सक्षम साबित नहीं हो रहे थे। लगभग 7 घंटे के इंतजार के बाद पहली ट्रेन पटना के लिए 2:39 पर बांका राजेंद्र नगर इंटरसिटी ट्रेन सैमसंग प्लेटफार्म संख्या एक से खुली। ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म पर देखी गई। इधर मेगा ब्लॉक को लेकर प्लेटफार्म पर इंतजार कर रहे यात्री सदानंद रविदास, दिनेश दास, शिवम भारद्वाज, मोहित कुमार,सुनील कुमार, रॉकी कुमार,नीरज कुमार,राम भूषण महाराज,किशोर कुमार,रंजीत सहित कई ने बताया कि 7 घंटे के मेगा ब्लॉक ने हम यात्रियों को शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान किया है।

# भरहोपुर में शतचंडी महायज्ञ जारीः महायज्ञ के छठे दिन विधिवत पूजन के बाद माता को 56 भोग किया गया अर्पित







**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के भरहोपुर गांव स्थित मां कामाख्या धाम मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण और दुर्गासप्तशती के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शनिवार को महायज्ञ के छठवें दिन विधिवत पूजन के बाद माता को 56 भोग अर्पित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आस्था प्रकट की। यज्ञाचार्य बालकृष्ण आशुतोषाचार्य के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ में प्रधान यजमान विवेक कुमार सिंह के साथ जयननंदन सिंह, मोहन सिंह, पप्पू सिंह, मुन्ना सिंह, रंजय सिंह एवं रौशन सिंह सहित अन्य श्रद्धालु सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। काशी से आए वैदिक आचार्यों- रामभद्र ओझा, पीयूष तिवारी, चितरंजन पाण्डेय, मंजीत तिवारी, गोविंदा पाण्डेय, विवेक मिश्रा, सुनील मिश्रा एवं गुंजन तिवारी आदि के द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भक्ति, शांति व आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। मौके पर वाल्मीकि पांडेय, पूर्व वार्ड सदस्य पिंटू सिंह, मंजीत तिवारी, कमल कुमार सिंह सेंगर, रुचि सिंह, प्रशांत पांडेय, दीपक राज, अवधेश यादव, सतीश यादव, महेश्वर दुबे, युवराज सिंह, विनय, विवेक, विशाल आदि अन्य लोग मौजूद रहे। महायज्ञ की शुरूआत बीते सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई थी। जिसमें भरहोपुर, सरयुपार, कोहड़गढ़, खानपुर, दुबे टोला व गंजपर समेत आसपास के गांवों की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में भाग लिया था। गाजे-बाजे, झांकियों और अश्वारोहियों के साथ निकली यह यात्रा नगर भ्रमण करते हुए डुमाईगढ़ स्थित सरयू नदी घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल लौटे थे। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा के दौरान जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा था। पूर्व वार्ड सदस्य पिंटू सिंह ने बताया कि वाराणसी और अयोध्या से आए संत-महात्माओं के सानिध्य में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से भव्य स्वरूप दिया गया है। यज्ञाचार्य ने बताया कि प्रतिदिन पूजा-पाठ, हवन, यज्ञ मंडप की परिक्रमा, प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को विधिवत हवन-यज्ञ के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति होगी तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं 29 अप्रैल को मशहूर भोजपुरी लोकगीत गायक अजीत आनंद व उनकी टीम सहित अन्य भोजपुरी कलाकारों द्वारा भजन संध्या के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में भरहोपुर गांव सहित क्षेत्र के ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से महायज्ञ में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# सदर अस्पताल के फार्मासिस्ट पर गिरी गाज

**अवैध वसूली मामले में सेवा समाप्त करने व प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जिला पदाधिकारी श्री नवीन ने सदर अस्पताल के संविदा फार्मासिस्ट दयानंद प्रसाद पर बड़ी कार्रवाई की है। अवैध वसूली से जुड़े वायरल वीडियो के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से हटाने तथा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया है। जानकारी के अनुसार, हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें संबंधित फार्मासिस्ट को कथित रूप से अवैध रूप से पैसे लेते हुए देखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच के क्रम में सिविल सर्जन द्वारा आरोपी से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उसका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद तीन सदस्यीय संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में फार्मासिस्ट दयानंद प्रसाद को भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का दोषी ठहराया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर समिति ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने और संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की, जिस पर जिला पदाधिकारी ने अंतिम मुहर लगाते हुए सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया।

इस कार्रवाई के जरिए जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती से जहां भ्रष्ट तत्वों में हड़कंप मचा है, वहीं आम लोगों ने इस पहल की सराहना की है।

## रक्तदान कर बचाई जिंदगी

नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सीमावर्ती जिला अरवल के कलेर प्रखंड के अगनूर निवासी 35 वर्षीय गणेश पासवान की जान समय पर रक्त उपलब्ध कराने के कारण बचाई जा सकी। उनकी तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने तत्काल रक्त की आवश्यकता बताई, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अरविंद हॉस्पिटल के डॉ. अरविंद कुमार ने तुरंत यह सूचना हैंड्स ऑफ प्रकाश चन्द्रा टीम तक पहुंचाई। सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हो गई। दाउदनगर प्रखंड के अरई निवासी हिमांशु शर्मा ने तुरंत रक्त दिया। जिस कारण उनकी जान बचाई जा सकी। इस दौरान चिंटू मिश्रा, अरविंद यादव, अमरेश कुमार और संजू कुमारी मौजूद रहे।

# शहर के प्याऊ खराब, नागरिकों को नहीं मिल रहा पेयजल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के दो जगहों पर पूर्व में प्याऊ केंद्र की स्थिति अत्यंत खराब है। बता दें वर्षों पहले शहर में नागरिकों का प्यास बुझाने के लिए प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था परंतु अब नागरिकों को नल से जल नहीं मिल रहा है। योजना को धरातल पर उतारने की सोच यहीं थी कि नागरिक इससे पानी पीकर अपना प्यास बुझाएंगे परंतु स्थिति क्या है अब धरातल पर देखा जा सकता है। प्याऊ केंद्र का देखभाल कौन करेगा यह जिम्मेवारी किसकी है किसी को मालूम नहीं है। प्याऊ केंद्र में पानी नहीं है। बता दें कि शहर के ब्लॉक मोड़ के पास वर्षों पहले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह की निधि से प्याऊ केंद्र बनवाया गया था। दानी बिगहा के सुधांशु कुमार, अंकित सिह ने बताया कि नागरिकों ने बताया कि कुछ दिन प्याऊ से लोग प्यास बुझाए फिर बेकार हो गया। यही हाल शहर के नावाडीह मोड़ स्थिति महावीर मंदिर के पास बना प्याऊ खराब पड़ा है। मंदिर में पूजा करने जाने वाले श्रद्धालु हाथ पांव धोकर मंदिर में प्रवेश करते थे। नावाडीह निवासी कहते हैं कि जब प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था तो कुछ समय तक अच्छा से चला परंतु इसके बाद देखरेख के अभाव में प्याऊ केंद्र खराब हो गया। पानी के लिए आमजन को इधर-उधर भटकना पड़ता है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद के अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। अगर प्याऊ केंद्र चालू हो जाता है तो नागरिकों को पानी पीकर प्यास बुझाएंगे।

# आग से बचाव को ले किया गया लोगों को जागरूक




नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमण्डल के ओबरा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रविवार को अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव और त्वरित कार्रवाई को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत ओबरा पंचायत के बेल रोड वार्ड संख्या 01, वार्ड संख्या 06 एवं वार्ड संख्या 03 स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में मॉक ड्रिल कर आग से बचाव के उपाय बताए गए। वहीं सन्हौली पंचायत के सुर्खी गांव वार्ड संख्या 02 में भी इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अग्निशमन दल द्वारा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच पंप प्लेट का वितरण किया गया, ताकि आपात स्थिति में प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू पाया जा सके। कार्यक्रम में अग्निक चालक विनय राज, अग्निक आनंद कुमार एवं अग्निक हेमंत कुमार की सक्रिय भूमिका रही। टीम ने लोगों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देने की अपील की। मॉक ड्रिल के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और आपदा के समय सही तरीके से प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

# नगर परिषद दाउदनगर की बड़ी पहल, सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ से लोगों को मिल रही राहत









नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** लगातार बढ़ती गर्मी और तेज धूप से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर नगर परिषद दाउदनगर ने लोगों को राहत पहुंचाने के लिए एक सराहनीय और जनहितकारी पहल शुरू की है। नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ के माध्यम से शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों, दुकानदारों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। गर्मी के इस मौसम में दोपहर के समय तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे खासकर बाहर काम करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था लोगों के लिए राहत का बड़ा साधन बन रही है। बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहां लोग रुककर ठंडा और स्वच्छ पानी पी सकते हैं। नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भीषण गर्मी के कारण किसी भी नागरिक को पानी की कमी से परेशानी न हो। खासकर गरीब, मजदूर और राहगीर वर्ग को ध्यान में रखते हुए इन स्थलों का चयन किया गया है। प्रशासन लगातार इन प्याऊ केंद्रों की निगरानी कर रहा है ताकि स्वच्छता और पानी की उपलब्धता बनी रहे।

स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के इस कठिन समय में यह व्यवस्था किसी राहत केंद्र से कम नहीं है। कई लोगों ने कहा कि पहले बाजार और सड़कों पर चलते समय प्यास बुझाने के लिए काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब प्रमुख स्थानों पर प्याऊ होने से काफी सुविधा हो रही है।

# अधूरे हरिहरगंज बाईपास पर जान जोखिम में डाल रहे वाहन चालक, नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर निर्माणाधीन हरिहरगंज बाईपास इन दिनों हादसों को न्योता दे रहा है। सड़क का निर्माण कार्य अभी पूरी तरह संपन्न भी नहीं हुआ है, लेकिन वाहन चालक ट्रैफिक नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बेधड़क परिचालन कर रहे हैं। सबसे गंभीर स्थिति रॉन्ग साइड (गलत दिशा) से बड़े वाहनों के गुजरने की है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्राउंड रिपोर्ट के मुताबिक, बाईपास का बड़ा हिस्सा अभी निर्माणाधीन है। कई जगहों पर फिनिशिंग और डिवाइडर का काम बाकी है। इसके बावजूद भारी वाहन और ट्रक शॉर्टकट के चक्कर में गलत लेन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि निर्माण स्थल पर पर्याप्त लाइट और संकेतक (साइन बोर्ड) की भी कमी है। गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रकों के कारण छोटे वाहन चालकों और राहगीरों में दहशत का माहौल है। बाइक सवारों का कहना है कि अचानक सामने से भारी वाहन आ जाने के कारण काफी परेशानी होती है। निर्माण कार्य में लगी एजेंसी और प्रशासन की ढुलमुल कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता और इसे आधिकारिक तौर पर नहीं खोला जाता, तब तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए। पुलिस की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। अगर जल्द ही इस दिशा में सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह बाईपास 'ब्लैक स्पॉट' में तब्दील हो सकता है।

## पुलिस पर हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** वाहन जांच के दौरान पुलिस पर जानलेवा हमला मामले में दो आरोपी को देवकुंड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरवल जिले के कुरथा थाना क्षेत्र के धमोल गांव निवासी देवानंद कुमार एवं शशिकांत कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा देर शाम वाहन जांच की जा रही थी, इसी क्रम में बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन ये रुकने की बजाय बाइक तेज कर भागने लगे तभी महिला सिपाही ने पकड़ने का प्रयास किया तो चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में महिला सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इस दौरान भाग रहे दोनों आरोपितों को पुलिस ने खदेड़ कर धर दबोचा। गिरफ्तार कर आरोपितों को थाना लाया गया। तत्पश्चात आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। वहीं जख्मी महिला सिपाही का इलाज करवाया गया।

# भारतीय जीवन मूल्यों और शोध-प्रकाशन के प्रति समर्पण जरूरी : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार के प्रतिष्ठित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चौधरी ने भारतीय जीवन मूल्यों, शोध एवं प्रकाशन के प्रति निरंतर समर्पित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विद्यार्थी और शिक्षक दोनों को समान रूप से प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में 22 अप्रैल से जुबली हॉल में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए अकादमिक जगत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा के साथ शोध और नवाचार को भी प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व कुलपति प्रो. एन. के. यादव इंदु ने भारतीय चिंतन की श्रेष्ठता को रेखांकित करते हुए इसे पाश्चात्य दर्शन से अलग बताया। उन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के चार पुरुषार्थों की व्याख्या करते हुए 'शुभ-लाभ' की अवधारणा के साथ व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। वहीं, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सह निदेशक प्रो. बी. बी. एल. दास ने अपने उद्बोधन में शोधार्थियों को सतत विकास की अवधारणा के अनुरूप पर्यावरण हितैषी नवाचार करने की सलाह दी। उन्होंने 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के सिद्धांत को आत्मसात करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सत्र की शुरुआत में सम्मेलन सचिव डॉ. राज कुमार शाह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संरक्षक प्रो. एच. के. सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और डॉ. ललित शर्मा ने प्रतिवेदकों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# बिहार पेंशनर समाज की पटेल पुस्तकालय में हुई बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शहर के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय में बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों की बैठक हुई, जिसमे पेंशनरों ने अपनी समस्याओं सहित समाज हित विषय पर गहन चर्चा से किया। जिसकी अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगदानंद लाल कर्ण ने किया। प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह, गणेश प्रसाद सिंह ने पेंशनरों की समस्याओं पर विमर्श किया। वहीं परशुराम शर्मा, रामजीत प्रसाद बैठक के दौरान पेंशनभोगियों को आ रही विभिन्न प्रशासनिक और वित्तीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सदस्यों ने पेंशन भुगतान में होने वाली देरी और मेडिकल भत्ते जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। संगठन मजबूती पर कहा एकजुटता ही संघर्ष की ताकत है। जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशनरों को अपने हक और सम्मान के लिए संगठित रहने की आवश्यकता है।

**नियमित बैठक का निर्णयः** संगठन को मजबूत बनाने के लिए निर्णय लिया गया कि भविष्य में भी इस तरह की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी ताकि सदस्यों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सके। जयराम प्रसाद, शिवदयाल चौधरी सहित सभी ने एक स्वर में सरकार से पेंशनरों के कल्याणार्थ योजनाओं को और सरल बनाने की मांग की। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती और आपसी सहयोग का संकल्प लिया गया।

# सफाई के नाम पर लाखों रुपये हो रहे खर्च, गंदगी बरकरार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में सफाई को लेकर हमेशा हंगामा होता रहता है। सफाई का मुद्दा लगातार चर्चा में बना रहता है। नगर परिषद की कार्यप्रणाली इस मामले में अबतक असफल रही है। कचरा फेंकने को लेकर विवाद आम है और कई बार नागरिक इस पर हंगामा भी किया है। हाल के दिनों में नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव सही तरीके से नहीं किया जा रहा है जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि प्रतिदिन शहर में 30 से 40 टन कचरे का उठाव होता है। इसके बावजूद सफाई पर हर माह लगभग लाखों रुपये खर्च होते हैं। यह स्थिति समझ से परे हैं कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद शहर स्वच्छ नहीं हो पा रहा है। शहर के हर गली और मोहल्लों में कचरे का अंबार दिखाई देता है। नगर परिषद को कचरे के निस्तारण के लिए स्थान नहीं मिल रहा है जिससे सफाई कर्मी कचरा लेकर भटकते रहते हैं। नागरिक विकास सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर में कचरे की समस्या गंभीर होती जा रही है। रमेश चौक, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार पर कचरे का ढ़ेर लगा रहता है। नगर परिषद का रवैया इस मामले में उदासीन हैं जिससे जानवर कचरे को तितर-बितर कर रहे हैं और दुर्गंध फैल रही है। इस दुर्गंध के कारण लोगों को सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। सब्जी बाजार में दुर्गंध के कारण रुकना भी मुश्किल हो गया। जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आता है तब ही नगर परिषद के प्रतिनिधि सक्रिय होते हैं। बता दें कि शहर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं परंतु सफाई की कोई व्यवस्था न होने के कारण यह विकास बेमानी लगता है। सम्राट अशोक भवन परिसर में हमेशा 10 से 12 ट्रैक्टर कचरा लादे नजर आते हैं। बता दें कि औरंगाबाद को नगर परिषद बने 24 वर्ष हो चुके हैं परंतु अबतक कचरा प्रोसेसिंग प्लांट नहीं लगाना जा सकता है। जमीन की कमी के कारण्सा

# जिले में आज तेज आंधी- बारिश और वज्रपात के आसार

**40-50 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार में भीषण धूप और हीटवेव से जूझ रहे औरंगाबाद समेत पूरे बिहार के लोगों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग ने आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डा. अनूप कुमार चौबे के मुताबिक अगले चार-पांच दिनों तक गर्मी का असर कम होगा। डा. चौबे ने बताया कि सोमवार 27 अप्रैल को हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने एवं 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। औरंगाबाद समेत कई जिलों में मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक ने सलाह दी है कि जिन किसानों ने अब तक गेहूं की फसल की थ्रेसिग नहीं कराई है वे इसे तुरंत पूरा कर अनाज को सुरक्षित स्थान पर भंडारित कर लें। साथ ही भूसा और कुट्टी को भी संजोने की आवश्यकता है ताकि खराब मौसम में नुकसान न हो। वेटेनरी सर्जन डा. कुमार शैलेंद्र ने सुझाव दिया कि पशुपालक पशुओं को खुले में अथवा पेड़ के नीचे न बांधें। वज्रपात के खतरे को देखते हुए पशुओं को सुरक्षित जगह रखें। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी एक मई तक लोगों को भीषण गर्मी और हीटवेब से राहत मिलेगी। यह बदलाव जनजीवन को सुकून देने वाला है।

# सड़क के गड्ढे ने ली महिला की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शैलूपुर गांव के समीप सड़क पर बने गड्ढे के कारण हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोईवां गांव निवासी जितेंद्र राम की 37 वर्षीय पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संगीता देवी शनिवार को मदनपुर के मंजखड़ गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। रविवार पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे वह एक रिश्तेदार के साथ बाइक से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान शैलूपुर गांव के पास सड़क पर बने गड्ढे में बाइक का पहिया पड़ गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में संगीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। संगीता देवी अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई हैं। बेटों की उम्र 17 एवं 15 वर्ष है, जबकि बेटी की उम्र मात्र 8 वर्ष है। परिवार की जिम्मेदारी अब पूरी तरह उनके पति पर आ गई है, जो पेशे से राजमिस्त्री हैं। परिजनों ने सड़क की बदहाल स्थिति पर गहरा आक्रोश जताया। उनका कहना है कि यदि सड़क पर गड्ढे न होते, तो आज संगीता देवी जीवित होती। यह हादसा एक बार फिर खराब सड़कों और लापरवाहीपूर्ण रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# अग्नि कांड पीड़ितों के लिए आवासन व भोजन की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** बीते दिनों प्रखंड क्षेत्र के पुरन बिगहा में अग्नि कांड के पीड़ितों को सरकारी स्तर से राशन व टेंट की व्यवस्था की गई है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि एक सौ से अधिक अग्नि पीड़ितों को तीन टाइम भोजन व्यवस्था किया गया है। टेंट में शुद्ध पेयजल, भोजन एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 लोगों का झोपड़ीनुमा घर जले थे। इन पीड़ितों में जिन लोगों को पूर्व में आवास योजना का लाभ मिल चुका है। उन्हें चिह्नित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ से लाभान्वित कराने के लिए व्यवस्था किया जा रहा है। आवास योजना प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# हसपुरा स्टेडियम निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा

**स्थानीय खिलाड़ियों को खेलने में होती है परेशानी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** हसपुरा में लंबे समय से स्टेडियम के निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। जब भी फुटबॉल या क्रिकेट मैच का आयोजन होता है तब इस मुद्दे पर चर्चा होती है। चुनाव के समय ग्रामीणों के बीच यह विषय और भी गर्म हो जाता है। हसपुरा में हर वर्ष प्रसिद्ध फुटबॉल और क्रि केट मैच आयोजित होते हैं परंतु स्टेडियम की कमी यहां के खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। स्टेडियम के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की आवश्यकता है। स्टेडियम की कमी के कारण महिला फुटबॉल का आयोजन भी अबतक नहीं हो सका है। ग्रामीण लोरिक सिह का कहना है कि स्टेडियम के अभाव में स्थानीय खिलाड़ियों को न तो उचित अभ्यास मिल पाता है और न ही राज्य स्तरीय मैच देखने का अवसर मिलता है। ग्रामीणों का मानना है कि सरकार को प्रत्येक प्रखंड में खेल सुविधाओं का निर्माण करना चाहिए ताकि खेल को बढ़ावा मिल सके। है परंतु यह ग्रामीणों के लिए केवल एक सपना बनकर रह गया है। प्रखंड मुख्यालय में दो खेल मैदान हैं जिनमें से एक प्रखंड कार्यालय के समीप है और दूसरा कन्या उच्च विद्यालय के पीछे स्थित है। हालांकि इन मैदानों की स्थिति ऐसर है कि भव्य खेल आयोजनों को तो दूर सामान्य मैचों का आयोजन भी मुश्किल हो जाता है।

# हाथ पैर बांध दिव्यांग युवक की पीट-पीट कर हत्या

## पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के वीरपुर पूर्वी वार्ड संख्या 1 मुनीचक गांव में शनिवार के देर रात में एक दिव्यांग युवक को रस्सी से हाथ पैर बांध बेरहमी से पीट पीट कर हत्या कर देने का मामला रविवार की सुबह प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान स्व रामबालक पासवान के 28 वर्षीय दिव्यांग पुत्र गोविंद पासवान के रूप में की गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही वीरपुर थाना के एस आई जीतेंद्र कुमार, ऋषिकेश भारद्वाज, परमा पासवान दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई। स्थिति को बिगड़ते देख वरीय पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर 2 प्रभारी डीएसपी इमरान अहमद घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए और घटना स्थल से साक्ष्य संकलन के लिए एफ एस एल की टीम को भी बुलाया गया। मृतक राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था जिससे उसका जीवन यापन चलता था। पिछले 24 अप्रैल के शाम में ही वो प्रदेश से गांव आया था। मृतक तीन भाई में तीसरे नंबर का था। जानकारी देते हुए मृतक की मां साबो देवी एवं भाभी चांदनी देवी ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर पूर्व में भी पड़ोसी के परिवार के साथ विवाद हुआ था जिसको लेकर मेरे बेटे की हत्या हाथ पैर बांध कर बेरहमी से पीट पीट कर कर दिया। हत्या के बाद हमलोगों को घर सूचना देने आया कि आपका बेटा शराब पीकर बेहोश पड़ा हुआ है जब हम घटना स्थल पर पहुंचे तो मेरे सामने ही मेरा बेटा का हाथ पैर रस्सी खोला और हाथ पैर पकड़ कर टांग कर मेरे घर पर शव को पहुंचाकर सब भाग गया। पुलिस के कड़ी मशक्कत के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बेगुसराय भेजा गया। घटना की जानकारी देते हुए प्रभारी डीएसपी 2 इमरान अहमद ने बताया कि शव को देखकर ऐसा लग रहा है कि ईट पत्थर से कूचकर कर इसकी हत्या की गई है गले पर रस्सी का निशान भी पाया गया है। परिवार के लोगों के द्वारा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साक्ष्य संकलन में जुटी एफ एस एल टीम के द्वारा घटना स्थल से एक खूंटा जिससे पीट पीट कर हत्या करने का प्रतीत एवं बल्ड का सैंपल के साथ अन्य चीजों को साक्ष्य के तौर पर जांच के लिए अपने साथ ले गई है। घटना स्थल पर पहुंच कर वीरपुर पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रवेश सिंह, पंचायत समिति सह एम एल सी प्रतिनिधि अमित कुमार समेत लोगों ने परिजनों को समझाकर बुझाकर स्थिति को शांत कराते दिखे। वहीं कुछ ग्रामीणों ने दबे जुबान से कह रहा था कि लड़का शराबी था और बराबर किसी न किसी के साथ वाद विवाद, मारपीट, गाली गलौज करते रहता था।

# तीन दिनों से लापता युवती का शव कुएं से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांदन (बांका)।** थाना क्षेत्र के गोंरा मंझलाडीह गांव में तीन दिनों से लापता एक युवती का शव कुएं से बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आनंदपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। साथ ही इस घटना की गुत्थी सुलझाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी सूचित किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवती की हत्या कर कुआं में फेंका गया है या आत्महत्या है। जानकारी के अनुसार मृतका की बरामद शव की पहचान चांदनी कुमारी (16 वर्ष), पिता कुंजल यादव गोंरा (मंझलाडीह) गांव निवासी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक युवती नौंवी कक्षा की छात्रा थी और पिछले तीन दिनों से घर से लापता थी। बताया जाता है कि मोबाइल को लेकर मां द्वारा डांट-फटकार लगाए जाने के बाद वह घर से निकल गई थी। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार की सुबह गांव की एक महिला पानी लेने कुआं से पानी लाने के दौरान युवती का शव कुआं में तैरता देखा। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। ग्रामीणों की सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में एएसआई हरेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता लगेगा ।फिलहाल किसी के द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन नहीं मिलने पर यूडी केस दर्ज किया जाएगा। इधर, युवती द्वारा इस तरह का कदम उठाने को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# विशेष अभियान में 442 बेटिकट यात्री धराए



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के रामपुरहाट-मालदा रेलखंड पर आज बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध चलाए गये विशेष टिकट जांच अभियान के तहत कुल 442 बेटिकट लोगों को पकड़ा गया है। मालदा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह ने रविवार को यहां बताया कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर रोक लगाने हेतु रविवार को रामपुरहाट-मालदा रेलखंड पर विभिन्न एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाते हुए 441 बेटिकट लोगों को पकड़ा और उससे जुर्माने के रुप में कुल तीन लाख, 68 हजार, 751 रुपए की राशि वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में वाणिज्य विभाग के अधिकारी और टिकट जांच कर्मियों के साथ साथ रेलवे सुरक्षा बल तथा सरकारी रेल पुलिस की सहभागिता रही है। यह अभियान मालदा रेल मंडल के विभिन्न रेलखंडों पर चलाया जा रहा है और इससे बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों की संख्या में कमी आ रही है। वहीं रेलवे के राजस्व में भी इजाफा हो रहा है।

# बक्सर में नहर पर बने रेलवे पुल का पुर्नस्थापना कार्य तेज

## मेगा ब्लॉक में युद्ध स्तर पर काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर नहर के ऊपर बने रेलवे पुल को पुनः स्थापित करने का कार्य आज तेजी से किया जा रहा है, ताकि रेल परिचालन सुरक्षित और निर्बाध बना रहे। इस कार्य के तहत पुराने पुल को मजबूत करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। रेल यातायात निरीक्षक विंध्याचल पाण्डेय ने बताया कि पुल की स्थिति को देखते हुए तेज रफ्तार ट्रेनों को सावधानीपूर्वक धीमी गति से गुजारा जा रहा था। सुरक्षा के मद्देनज़र इस पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि नेउरा स्टेशन पर सिग्नल संबंधित कार्यों के कारण लगे मेगा ब्लॉक का लाभ उठाते हुए बक्सर-चौसा रेलखंड पर व्यापक स्तर पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान रेलवे के करीब दो दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मचारी भीषण गर्मी में सैकड़ों मजदूरों के साथ लगातार जुटे हुए हैं।

कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए आधुनिक मशीनों, क्रेन और अन्य उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि न्यूनतम समय में काम पूरा कर रेल सेवाओं को सुचारू रूप से बहाल किया जा सके।

इस मौके पर रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें स्टेशन प्रबंधक बक्सर रजत सक्सेना सहित तकनीकी शाखा के अधिकारी भी शामिल थे।

# 'जिसे दुनिया ने बुरा माना, अब वही रावण अपना पक्ष रखेगा' डॉ. अनुपम ओझा की महागाथा अब बड़े पर्दे पर

**डॉ. शशांक शेखर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** भारतीय सिनेमा में अक्सर स्थापित कहानियों को ही दोहराया जाता है लेकिन, अब एक ऐसी फिल्म आ रही है जो सदियों पुरानी मान्यताओं को एक नए नजरिए से परखने का साहस दिखाती है। फिल्म का नाम है रवाना स्पीकस। बेगुसराय के अभिनव ठाकुर इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म का (रावण स्पीक्स) का फर्स्ट लुक मुंबई में आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया है। अभिनव कहते हैं कि यह फिल्म दर्शकों के साथ एक ऐसा संवाद करती है, जो दर्शकों को सही और गलत के बीच के नैतिक द्वंद्व पर सोचने को मजबूर कर देगी। रामा इंटरप्राइजेज की प्रस्तुति व अविजीत मांडल द्वारा निर्मित यह फिल्म प्रतीकात्मक शैली में समाज के दबे हुए सच को सामने लाने का प्रयास है।



**डॉ अनुपम ओझा की महागाथा पर आधारित है कहानी**

फिल्म की सबसे बड़ी मजबूती इसकी जड़ें साहित्य में होना है. यह फिल्म जिले के सिमरी थाना के बड़का सिधनपुरा निवासी मशहूर साहित्यकार और सिनेमा चिंतक डॉ अनुपम ओझा की चर्चित रचना 'मैं रावण नहीं हूं' से प्रेरित है. साहित्य की दुनिया में इस रचना को महागाथा कहा गया है क्योंकि, यह रावण के नजरिए से एक वैकल्पिक पक्ष सामने रखती है. डॉ अनुपम ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सिनेमा पर शुरुआती शोध किया है. यह फिल्म रावण को केवल एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि उसके अपने सिद्धांतों और तर्कों के साथ पेश करती है, जिसे अब तक अनदेखा किया गया था।

**क्या है महागाथा की मूल कहानी**

साहित्य जगत में महागाथा के रूप में विख्यात यह कृति पारंपरिक राम-रावण युद्ध के नैरेटिव से हटकर रावण के अंतर्मन और उसके तर्कों को स्वर देती है. इसमें रावण को एक अहंकारी राक्षस के बजाय एक ऐसे प्रकांड विद्वान और दार्शनिक के रूप में दिखाया गया है, जो स्थापित सामाजिक और नैतिक ढांचों पर सवाल उठाता है। यह रचना रावण के उस वैकल्पिक विमर्श को सामने लाती है, जहां वह अपनी परिस्थितियों और निर्णयों के पीछे के ठोस कारण बताता है. यही वैचारिक गहराई अब सिनेमाई पर्दे पर दर्शकों को एक नई सोच के साथ रोमांचित करने वाली है।

**डायन प्रथा व लौंडा नाच पर कहानी पर बना चुके हैं फिल्म**

निर्देशक अभिनव ठाकुर लौंडा नाच पर आधारित 'द लिपस्टिक बॉय' व डायन प्रथा पर आधारित 'बिसाही' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. उनका विजन हमेशा से चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील विषयों को पर्दे पर उतारने का रहा है. रवाना स्पीकस के माध्यम से वे दर्शकों को एक ऐसी सिनेमाई यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार हैं, जो न केवल देखने में सुंदर होगी बल्कि मानसिक रूप से भी समृद्ध होगी। उनकी कहानियों में शोध का पुट फिल्म को बनावटीपन से दूर रखता है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांग्रेस की स्थिति होगी मजबूत**

**डंडारी।** प्रखण्ड कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पर्टी जिला अध्यक्ष का रविवार को भव्य स्वागत किया। डंडारी प्रखंड के प्रतापपुर गाँव मे पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश सिंह के अध्यक्षता मे डंडारी प्रखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चुनचुन यादव के संचालन मे बजरंगली स्थान परिसर मे एक स्वागत समारोह का आयोजन किया। बेगूसराय जिला कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत क्या अपने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीव दास ने कहा की कांग्रेस पाटी ने मुझे जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर जो भार दिया। उसका निर्वाहन करुँगा आप लोगो के सहयोग से इस जिला मे कांग्रेस को मजबूत ही नहीं करेंगे। आपके सहयोग से सभी विधानसभा क्षेत्र मे कांग्रेस की जीत भी होंगी लोकसभा भी जीतेंगे। इसलिए अभी कांग्रेस का चल रहे सदस्ता अभियान मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस का सदस्य बने और कांग्रेस को मजबूत करे हमलोग राहुल गाँधी के सिपाही है। हमेशा आपके दुखसूख मे खड़े मिलेंगे आज के इस स्वागत समारोह को कांग्रेस नेता राकेश सिंह लखन पासबान सुरंन्द्र कुमार साह सुरेन्द्र यादव अजय कुमार राजू यादव दिलीप महंथ रामस्वरूप शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेस नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का कई मरीजों ने उठाया लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** बरौनी डेयरी रोड स्थित डॉ लाल पैथ लैब्स के अधिकृत कलेक्शन सेंटर आरबी पैथ लैब में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेले का सफल संचालन अनुभवी चिकित्सक डॉ नितिन गौतम, डॉ अजीत कुमार तथा डॉ रुचि रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, प्राथमिक जांच एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ उठाया। मेले में आए मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उचित परामर्श दिया गया तथा आवश्यक जांच कराने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ नितिन गौतम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, तनाव एवं शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना, नियमित व्यायाम करना तथा मानसिक तनाव से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। डॉ अजीत कुमार ने बताया कि अधिकांश बीमारियां प्रारंभिक अवस्था में लक्षण नहीं दिखाती हैं, लेकिन नियमित जांच के माध्यम से उनका समय रहते पता लगाया जा सकता है, जिससे उपचार आसान और कम खर्चीला हो जाता है। आर बी पैथ लैब के ऑनर राकेश कुमार ने लोगों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। डॉ लाल पैथ लैब्स के मैनेजर आनंद कुमार ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना, उन्हें जागरूक करना एवं समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना है। भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने में ग्रामीण मित्र रवि कुमार, रजनीश कुमार के साथ साथ निशांत कुमार, सलाउद्दीन सहित अन्य कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने मिलकर आयोजन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में लैब ऑनर राकेश कुमार ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

# शोषित समाज दल के जिला सम्मेलन में 11 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** रविवार को शोषित समाज दल जिला का दूसरा जिला सम्मेलन समसा पंचायत भवन में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता श्रवण कुमार ने की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए शोषित समाज दल, बिहार के राज्य मंत्री धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि शोषित समाज दल की नीतियों, सिद्धांतों और कार्यक्रमों से ही देश में खुशहाली आएगी। चूंकि देश में केवल शोषित समाज दल के पास ही लिखित नीति, सिद्धांत और कार्यक्रमों की रूपरेखा है बाकी दलों के पास कोई लिखित नीति सिद्धांत और कार्यक्रम नहीं है। इसलिए वे सभी राजनीतिक दल समय समय पर जनता को लुभावने वाला नारा देकर वोट ले लेते हैं। परन्तु उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं कर पाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महामना राम स्वरूप वर्मा और बिहार के पूर्व मंत्री जगदेव प्रसाद ने 1972 को पटना में काफी सोच समझ कर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की हित को ध्यान में रखते हुए शोषित समाज दल की स्थापना की थी। तब से लेकर बगैर विधायक और सांसद के भी जनता के हित में शोषित समाज दल संघर्ष करता आ रहा है। अपने अस्तित्व को बचाता आ रहा है। देश भर में सैकड़ों दल बने सत्ता में भी रहे पर अब विलुप्त हो गया। जनता की समस्याओं के लेकर संघर्ष करते रहने के कारण बिहार के मतदाताओं को शोषित समाज दल पर भरोसा हो गया है। 17 मई को पटना में होने वाले 27 वां राज्य सम्मेलन तथा कानपुर में 1 जून से होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में अवश्य भाग लेंने का आह्वान किया। इसके पूर्व धर्मेंद्र कुमार ने दल का झंडा फहराया और शोषित समाज दल के नेताओं के संकल्पों को दुहराया। 11 सदस्यीय जिला कमिटी का गठन भी किया गया। सर्व सम्मति से श्रवण कुमार को जिलाध्यक्ष, रामाशीष पासवान को जिला उपाध्यक्ष, दीपक कुमार को जिला मंत्री, चमरू सदा को संयुक्त मंत्री, बबीता हिमांशु को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

सम्मेलन में युवा अधिवक्ता विशंभर कुमार, अमित कुमार, घूरन दास, अंजू देवी, बासुकी नाथ पोद्दार, पूर्व वार्ड सदस्य हंसा देवी, लक्ष्मी देवी, राहुल कुमार, उमाशंकर वर्मा, रामाशीष पासवान, चमरू सदा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# छतौना पुल का एप्रोच पथ जर्जर, दुर्घटना की आशंका

## सड़क मार्ग के दोनों तरफ हो गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे, हादसों को दे रहा दावत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बेगूसराय और बखरी अनुमंडल को जोड़ने वाला डफरपुर पंचायत के छतौना बूढ़ी गंडक नदी पर बना छतौना वनद्वार पुल एप्रोच पथ गड्ढे में तब्दील हो गया है। बड़े-बड़े गड्डे हो जाने से दुर्धटना होने की आशंका बनी रहती है। पुल के उत्तरी तथा दक्षिणी किनारे पर पुल के समीप एप्रोच पथ धस गया है, जिससे पुल के किनारे की ऊंचाई बढ गई है। जिससे पुल पर वाहन को चढाने में भी कठिनाई होती है। बता रहे कि प्राक्कलित राशि 13 करोड़ 97 लाख 63 हजार की लागत से ग्रामीण विकास कार्य विभाग की देखरेख में चणाक्या टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड पटना के द्वारा पुल एवं एप्रोच पथ का निर्माण हुआ था। लगभग तीन साल में ही कालीकरण तो उखड़ ही रहा है। कालीकरण सड़क में भी कहीं कहीं गड्ढे हो गए हैं। पुल के उत्तरी छोर पर एक बहुत ही तीखा मोड है, जिस मोड़ पर अचानक कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बन सकती है। जिसका कारण सड़क के दोनों ओर बड़े-बड़े वृक्ष हैं जिनके पत्ते एवं छोटे-छोटे टहनी से से सड़क ओझल पड़ जाता है। सड़क के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता है तो कभी भी बड़ी दुर्धटना हो सकती है। इसी गड्डे के चलते कुछ दिन पहले भी दुर्घटना हो चुकी है। यह सड़क प्रखंड मुख्यालय नावकोठी और अनुमंडल मुख्यालय बखरी को जिला मुख्यालय बेगूसराय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। इस सड़क से होकर सैकड़ों दो पहिया और चार पहिये वाहन गुजरते हैं। विदित है कि 2014 में ही यह पुल बनकर तैयार हो गया था। भू अर्जन नहीं होने के कारण एप्रोच पथ नहीं बन पाया था। भू अर्जन होने के बाद 2021 में एप्रोच पथ बनकर तैयार हुआ। लगभग 3 करोड़ की प्राक्कलित राशि से सड़क का निर्माण किया गया था जबकि एप्रोच पथ 2021 में ही बना। लेकिन पूल के निर्माण होने की तिथि को ही एप्रोच का भी निर्माण तिथि मान लिया गया। विभाग के द्वारा देखरेख नहीं होने के कारण एप्रोच पथ के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है एवं इसकी आशंका भी बनी रहती है। जिला मुखिया संघ के महासचिव सह प्रखंड अध्यक्ष व नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार उर्फ बिड्डू, डफरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार, ललन गुप्ता, विभाकर कुमार, अमरजीत गुप्ता, हरि नंदन महतो, उप मुखिया राजकुमार सिंह, ऋतु रंजन उर्फ छोटू, गौरव कुमार, गोविंद सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने यथाशीघ्र पुल के अप्रोच पथ की मरम्मत करवाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**चांदन (बांका)।** चांदन थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरीपुर पंचायत के परसिया गांव में बिजली की शॉर्ट सर्किट से एक घर में भीषण आग लग गई।आग की लपटे इतनी तेज थी कि जब तक ग्रामीण पहुंचते और आग को बुझाने की प्रयास करते तब तक आग की लपटे पुरी घर को अपने आगोश में ले लिया और घर के अंदर रक्खें गए सभी समान जलकर राख हो गई। हालांकि ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत बावजूद पड़ोस की अन्य घरों को जलने से बचाया जाया जा सका।

# अंगदान और रक्तदान पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** रविवार को समाज सेवा, अंगदान एवं रक्तदान जैसे संवेदनशील विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में देश-प्रदेश के कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पद्मश्री विमल जैन, गुरु रहमान, माँ ब्लड सेंटर के मुकेश हिसारिया ने सम्मानित समाजसेवी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से तिलक एवं दुपट्टा पहनाकर प्रवेश द्वार पर किया गया। प्रदेश सचिव शैलेश महाजन ने स्थानीय सचिव को मंच संचालन हेतु आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत किया। इसके



पश्चात मंचासीन अतिथियों में गंगा प्रसाद, विमल जैन, डॉ सुभाष प्रसाद, प्रदीप चौरसिया, निर्मल जैन, शैलेश महाजन सहित अध्यक्ष सुशील कुमार राय एवं अन्य गणमान्य लोगों को मंच पर आमंत्रित किया गया एवं मंच संचालन निरंजन कुमार सिन्हा जो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता ए के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके बाद 'वंदे मातरम' की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। मंचासीन सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जयमंगला वाहिनी परिवार, वत्स सेवा समिति, सूर्यकला रामजी फाउंडेशन, साई की रसोई, डॉ. भव्या, डॉ. संध्या, अभिनव भगत, सुजीत गुप्ता, जिला सचिव निरंजन कुमार सिन्हा, रिया रानी, ब्लड बैंक कर्मी नीतीश कुमार, सनोज कुमार, सुमित कुमार, गंगा प्रसाद, विमल जैन, डॉ. सुभाष, प्रदीप चौधरी, मनोरंजन वर्मा, निर्मल जैन, शैलेश महाजन, अरुण सत्यमूर्ति, संजीव यादव, गुरु रहमान, मुकेश हिसारिया, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार राय, जिला मीडिया प्रभारी जोशी कुमार, राज कुमार दास, दिलीप सिन्हा, डॉ ए के राय को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन लोगों के लिए प्रेरणा बना जो भविष्य में इस अभियान से जुड़ना चाहते हैं। सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा समाज सेवा ही सच्ची देशभक्ति है। रक्तदान और अंगदान जैसे कार्य किसी भी समाज की संवेदनशीलता को दर्शाते हैं। हमें ऐसे आयोजनों को गांव-गांव तक ले जाना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर समाज के लिए कार्य करें और मानवता की सेवा को अपना लक्ष्य बनाएं। संगठन का कार्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है। डॉ ए. के राय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष सुशील कुमार राय के द्वारा समापन उद्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने संगठन की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# संघ परिवार के इशारे पर काम कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हसनपुर बागर में रविवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेश पासवान ने की। संगठन प्रभारी सुमनजीत सुमन ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केन्द्र की सत्ता पर आसीन पीएम मोदी संघ परिवार के इशारे में काम कर रही है। केन्द्र की सरकार आम लोगों के बीच भ्रामक दुष्प्रचार कर हमदर्दी बटोरने की कोशिश कर रही है। महिला आरक्षण विधेयक 2023 में पारित किया गया था। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में लाभ लेने के लिए फिर से सांसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश कर लोगों का हमदर्द बनकर लाभ लेने की कोशिश कर रही है। पारित महिला आरक्षण विधेयक लागू करने के बजाय पीएम मोदी उस पर कुंडली मार कर बैठी हुई है। पार्टी द्वारा संचालित संगठन सृजन अभियान की विस्तार से चर्चा करते हुए इसे अमलीजामा देने की रणनीति तय की गई। नवचयनित जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास का प्रखंड में नागरिक अभिनन्दन करने पर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर शिव शंकर सिंह उर्फ पलटु सिंह, मो अहमद, जनार्दन महतो, बलबीर शर्मा, श्याम कुमार, कालेश्वर तांती, रघुपति रजक, इंदल कुमार आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान का किया भौतिक सत्यापन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के चित्तौड़िया पंचायत एवं कुरेठा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकान का प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुशील कुमार के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। इस मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि कुरेठा एवं चितौड़िया के विभिन्न जनवितरण प्रणाली के दुकानों का भौतिक सत्यापन किए। जन वितरण प्रणाली के विक्रेता के स्टॉक पंजी रजिस्टर,पीएफ मशीन के साथ-साथ भंडारण का सत्यापन किए। सत्यापन का कॉपी वरीय अधिकारी के पास भेजा जाएगा।



वहीं कुरेठा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता संजय यादव एवं भुवनेश्वर ऋषि के नहीं रहने के कारण उन दोनों जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच नहीं की जा सकी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने भी विभिन्न जन वितरण प्रणाली के दुकानों का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेता सह पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी सहित विभिन्न जनवितरण प्रणाली के विक्रेता उपस्थित रहे।

### विकास सिंह बने बीर कुंवर सेवा परिषद के अध्यक्ष

**कटिहार (नबिटासं)।** शहर के बीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद के पूर्व संरक्षक पंकज सिंह ने की। बैठक में परिषद की ओर से नए अध्यक्ष पद के लिए विकास सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया। साथ ही विकास सिंह को 15 दिन के अंदर नई कमेटी गठन का दायित्व दिया गया। निर्वाचित अध्यक्ष विकास सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि परिषद के द्वारा पूर्व में भी काम किया है आगे भी परिषद के कसौटी पर शत प्रतिशत उतरने का प्रयास करूंगा ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, राज किशोर सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह अधिवक्ता, अरुण सिंह, विनय सिंह, सत्यम समदर्शी, कुमार गौरव, चंचल सिंह, अजय सिंह, लालमोहन सिंह, मौसम सिंह, सुनील कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, रवि शंकर सिंह, अजय सिंह, बृज किशोर सिंह, बिक्कू सिंह, अजय सिंह, अनिकेत राजवार, अभिषेक सिंह, जयंत सिंह, सतीश सिंह, विजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या दो एसएम कालोनी से 7.37 ग्राम के साथ उन्नीस वर्षीय राहुल महतो ऊर्फ सुरेश महतो पिता मानिक महतो को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में मनिहारी थानका इंड संख्या 122/26दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया है।

### स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं परखी, गंगा घाट कटावरोधी कार्य में तेजी के निर्देश

**कटिहार (नबिटासं)।** रविवार को सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने बरारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर जनसुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी पहुंचकर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सकों और कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने इलाज, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों की सुविधा से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देश दिया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने गंगा घाट पहुंचकर वहां चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रवासियों को कटाव की समस्या से राहत मिल सके। मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसके तहत वे लगातार बरारी विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों की निगरानी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और बाढ़ सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर सिमरनजीत सिंह,जहांगीर आलम सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, मिसफायर कारतूस तथा बाइक पुलिस ने की जप्त

**प्राणपुर/कटिहार (नबिटासं)।** प्राणपुर एनएच 31 सड़क बभनी चौक के समीप बीते शनिवार की रात्रि को हवाई फायरिंग करते तीन अपराधी को देख ग्रामीणों ने एक अपराधी मोहम्मद समर उर्फ सोनू साकिन कजरा बसनपुर थाना मनसाही को धड़दबोचा तथा दो अपराधी ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकला। ग्रामीणों ने तुरंत प्राणपुर पुलिस को सूचना दिया। ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना पर प्राणपुर पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के चंगुल से अपराधी को अपने कब्जे में लेते हुए पूछताछ किया तथा तलाशी लिया। तलाशी के दौरान अपराधी के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मिस फायर कारतूस एक बाइक बरामद हुआ। अपराधी से पूछताछ के दौरान मिले निशान देही पर प्राणपुर पुलिस ने बभनी गांव से ललन कुमार यादव साकिन बभनी को घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अपराधी के पॉकेट से 4000 रूपए एवं एक मोबाइल बरामद किया। घटना के संबंध में प्राणपुर थाना प्रभारी अध्यक्ष पवन कुमार चौधरी ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि करीब 3:25 में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि हवाई फायरिंग कर रहे एक बाइक पर सवार तीन अपराधी को जब खदेड़ा गया तो बभनी चौक के समीप एक अपराधी को धड़ दबोचा गया तथा दो अपराधी भागने में सफल हो गया। ग्रामीणों के चंगुल से अपराधी को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मिस फायर कारतूस बरामद हुआ तथा पूछताछ कर उसके निशान देही पर एक अपराधी ललन कुमार यादव साकिन बभनी को दो घंटा के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 4000 रूपए एवं एक मोबाइल बरामद किया गया।शेष एक अपराधी की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान जारी है। प्राणपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों गिरफ्तार अपराधियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, एक गिरफ्तार

**समेली/कटिहार (नबिटासं)।** भूमि विवाद में मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान चार दिन बाद मौत हो गई ।घटना कुरसेला थाना क्षेत्र के मोरसंडा वार्ड नंबर 1 निवासी मसोमात सुनीता देवी पति स्वर्गीय अखिलेश यादव के साथ घटी ।इस संदर्भ में पीडीत महिला ने लिखित आवेदन कुरसेला थाना को प्रेषित किया है। प्रेषित पत्र में लिखा है कि दिनांक 22 अप्रैल की सुबह 5:30 बजे अवधेश यादव, नकुल यादव, सरवन यादव ललटू यादव सभी मेरे फरीकेन ने मुझे बाड़ी में देखकर गाली गलौज हाथापाही करने लगा । यह देखकर मेरी पुत्रवधू बिभा देवी 32 वर्ष पति शैलेश यादव आकर बोलने लगी कि मेरी सासू मां के साथ गाली गलौज जोर जबरदस्ती क्यों कर रहे हैं। इतने में सभी गाली देने लगे सरवन कुमार ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे सिर फट गया ।कुसेर्ला पीएससी में इलाज के बाद पूर्णिया रेफर कर दिया गया ।25 अप्रैल को घायल महिला का इलाज के दौरान मौत हो गई। आज मृत महिला के शव को अतः परीक्षण के लिए कटिहार भेजा गया। कुरसेला पुलिस ने ललटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के हसवर फोरलेन से दो लोगों को 39 लीटर देशी शराब के साथ रविवार को गिरफ्तारकर जेल भेज दिया गया है। इस संदर्भ में मनिहारी थानाकांड संख्या 123/26 के तहत दफा 30(ए), मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं में जेल भेजा गया है।थानाध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चोरी छिपे देशी शराब के साथ हसवर की ओर आ रहे हैं.। इस सूचना के आलोक में हसवर बशफोरलेन पर जांच के दौरान दो लोगों को शराब के साथ पकडा गया।

# देशी कट्टा और चार कारतूसों के साथ पच्चीस हजार का ईनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में सक्रियता बढा दी है। रविवार को इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस की बडी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने मनिहारी थाना कांड संख्या 293/25 के आरोपी को एक देशी कट्टा एवं चार गोली के साथ पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी मिजार्पुर बघार निवासी नथूनी यादव पिता झल्लू यादव को गिरफ्तार कर लिया।




इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने कहा कि 21.11.25 को मेदिनीपुर गोढीटोला निवासी विकास कुमार सिंह (25) पिता बहादुर प्रसाद सिंह ने मनिहारी थाना मे लिखित शिकायत की थी। जब वह और उनके अन्य सहकर्मी उक्त तिथि की रात्री मे मछली मारकर लौट रहा था तो बघार गुमटी के पास चार की संख्या मे बदमाश उनके साथ अकारण मारपीट की, पास रखे रुपए और मोबाईल छीन लिये। इन लोगों के द्वारा भी साहस दिखाते हुए एक बदमाश को देशी कट्टा और मोबाईल के साथ पकड लिया गया था। जबकि तीन बदमाश भाग निकले थे। वादी विकास कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर मनिहारी थाना मे कांड संख्या 293/25 दर्ज की गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक मे विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे थे कि रबिवार को इस कांड का आरोपी पच्चीस हजार का ईनामी बदमाश नथूनी यादव पिता झल्लू यादव को पुलि ने धर दबोचा है।पकडे गये नथूनी के पास से पुलिस ने एक कट्टा सहित चार जिंदा कारतूस बरामद की है।थानाध्यक्ष ने श्री झा ने जानकारी दी कि पकडे गये अपराधी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।नथूनी यादव के विरूद्ध मनिहारी थाना मे ही सात मामले दर्ज हैं। थानध्यक्ष के कहा कि विभिन्न कांडों मे फरार चल रहे वांछित अपराधी बख्से नहीं जाएंगे।आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगें।

# धारदार हथियार से महिला पर हमला हालत गंभीर, दो आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत स्थित वाहिद नगर गांव में घरेलू विवाद में हुए हिंसक झड़प बढ़ता ही जा रहा है। विगत रात वाहिद नगर गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आई एक महिला पर द्वितीय पक्ष के लोगों द्वारा घरेलू विवाद को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल महिला को रिश्तदारों के द्वारा इलाज हेतू नगर गांव आई हुई थी और रात के वक्त वह घर में सो रही थी।इसी दौरान द्वितीय पक्ष के लोगों द्वारा उन पर धारदार हथियार हमला कर दिया गया।घटना में महिला बुरी तरह से घायल हो गई। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी फलका लाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला की प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जख्मी महिला के परिजनों के



सीएचसी फलका लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल महिला रोशन खातून ढकवा थाना धमदाहा जिला पूर्णिया निवासी बतायी जा रही है। मामले में पुलिस ने घायल महिला के पुत्र मोहम्मद सलमान के आवेदन पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जगह-जगह छापेमारी कर रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया था। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के ढकवा गांव निवासी रोशन खातून अपने दामाद अंसार के घर वाहिद अनुसार महिला की इलाज पटना के एक अस्पताल में चल रहा है। जख्मी महिला की स्थिति काफी चिंता जनक बनी हुई है। घटना को लेकर जख्मी महिला के पुत्र मोहम्मद सलमान के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दो आरोपी मोहम्मद निसार व मोहम्मद इरशाद वाहिदनगर, निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि पूर्णिया जिले के ढकवा गांव निवासी रोशन खातून अपने रिश्तेदार के घर वाहिद नगर गांव आई थी। घरेलू विवाद में मारपीट के कारण वे जख्मी हो गई थी।जिसके बाद जख्मी महिला के पुत्र के आवेदन पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है।

# कुरसेला में लगने लगा जाम, घंटों रेंगती रही गाड़ियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** कुरसेला में एनएच 31 पर एक बार फिर जाम की समस्या सिर उठाने लगी है। रोजाना सुबह-शाम जाम की समस्या उत्पन्न हो जा रही है। इस दौरान लंबी दूरी तक ट्रकों और छोटे वाहनों की कतार लग जाती है। जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। हालात इतना बदतर हो जाता है कि गाड़ियां घंटों रेंगती नजर आती है और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार सड़क पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ने और ओवरटेकिंग के कारण यह स्थिति बनती है। जाम की वजह से स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और दैनिक



यात्रियों को खास दिक्कत होती है।

कई जगहों पर सड़क किनारे अतिक्रमण और अनियंत्रित पार्किंग ने भी समस्या को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार जाम लग रहा है। लेकिन इसके समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नियमित ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कर जाम से निजात दिलाई जाय।

## कुरेठा रेलवे स्टेशन से मनिया एनएच 81 सड़क जर्जर राहगीर परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के कुरेठा रेलवे स्टेशन से मनिया एन एच 81 तक कुल 4.150 किमी की सड़क पिछले कई माह से लगातार जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो चुका हैं। मगर संवेदक गहरी नींद में सोई हुई हैं। त्रिमूर्ति इंजिकान्स एंड ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सड़क की मरमती के साथ-साथ पक्की करण को लेकर मनिया के समीप बोर्ड भी लगाया गया हैं। जिसका कार्य आरंभ की तिथि 20 - 11- 2025 हैं जबकि कार्य समाप्ति की तिथि 19 - 11 - 2026 हैं इसके उपरांत भी संवेदक अपना समय किसी तरह से पास कर रहा हैं।

# आंधी-तूफान और वज्रपात से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सुखासन पंचायत के इस्लामपुर गांव में रविवार दोपहर को अचानक आए आंधी-तूफान के बीच वज्रपात ठनका गिरने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान इस्लामपुर निवासी अकमल हुसैन (50) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार अकमल दोपहर करीब 12 बजे अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी बीच हुए वज्रपात की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। मामले की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अतिपिछड़ा समाज की बेटी निवेदिता मंडल बनी जेडीयू की राष्ट्रीय सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जनता दल यूनाइटेड की ओर से अतिपिछड़ा समाज की बेटी श्रीमती निवेदिता मंडल को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर कटिहार में उनके निज आवास पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन, प्रदेश महासचिव शिवप्रकाश गारोदिया,नरेश शर्मा, संजय सिंह एवं अंकित सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने श्रीमती मंडल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।मइस अवसर पर जेडीयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि अब पार्टी संगठन में भी सभी वर्गों और कार्यकताओं को उचित सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि श्रीमती निवेदिता मंडल की यह नियुक्ति न सिर्फ कटिहार बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे साधारण कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा और संगठन को और मजबूती मिलेगी।डॉ. सुमन ने बताया कि श्रीमती मंडल लंबे समय से पार्टी से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उनकी लगन, मेहनत और निष्ठा का ही परिणाम है कि पार्टी ने उन्हें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में कहा कि श्रीमती निवेदिता मंडल के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में जेडीयू और अधिक सशक्त होकर उभरेगी। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती निवेदिता मंडल ने सभी नेताओं एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# कुसार्कांटा वार्ड-4 में हल्की बारिश से सड़क बनी तालाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिले के कुसार्कांटा प्रखंड अंतर्गत स्थानीय पंचायत के वार्ड संख्या 4 में हल्की बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। पिछले तीन वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की सूचना कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी , मुखिया सोनी देवी एवं पंचायत समिति सदस्य को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुखिया जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जब इस संबंध में मुखिया सोनी देवी से बात की गई तो उन्होंने फंड की कमी का हवाला देते हुए अपनी मजबूरी जताई। कभी नाला निर्माण तो कभी सड़क निर्माण का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 4 के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के अंदर काम शुरू नहीं किया गया, तो वे प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर मो. अल्ताफ, मो. आमिर, मो. अलाउद्दीन, मो. राहुल, अशोक साह, अमित साह, हीरालाल साह, राजा साह, दिनेश गोस्वामी, मो. मोहरिल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व सैनिकों की विधवाओं के साथ किया शौर्य संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** स्टेशन हेड क्वाटर कटिहार में शौर्य संबाद आयोजित कर भूतपूर्व सैनिक , सैनिकों तथा वीरनारियों की समस्या सुनी गई। कार्यक्रम में 39 भूतपूर्व सैनिक, 09 सैनिकों की विधवा और 01 वीरनारी शामिल हुए । शौर्य संवाद में उपस्थित जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल संजय कुमार,स्टेशन हेड क्वाटर एडम कमांडडेंट कर्नल प्रणव ओकता, कार्यवाहक स्टेशन कमांडर कर्नल सौरभ सिद्धार्थ,इसीएच एस पोली क्लिनिक के कर्नल कबींद्र कुमार मिश्रा द्वारा शामिल सबों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया तथा बारी-बारी से सबकी समस्या को सुनकर



निदान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि जल्द ही कटिहार में भी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय शुभारंभ हो जाएगा।इसमें राज्य सैनिक निदेशालय तथा जिला प्रशासन कटिहार का बहुत हीं बड़ा योगदान रहा है। वहीं बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा इस वर्ष से वयोवृद्ध योजना लागु किया गया है, जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के भूतपूर्व सैनिकों तथा उनकी विधवाओं को 24000 रुपए प्रत्येक वर्ष एक मुस्त दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से योजना का प्रचार - प्रसार करने की अपील की।ताकि अधिक से अधिक योग्य लाभार्थी योजना से लाभान्वित हो सके । कर्नल सौरभ सिद्धार्थ ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सबों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में सुनी गई मन की बात, सांसद हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** रविवार को स्कॉटिश पब्लिक अररिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ सामूहिक रूप से बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्सुकता एवं जिज्ञासा देखने को मिली, और उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत विचारों, प्रेरणादायक प्रसंगों एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेशों को गंभीरता से ग्रहण किया।





इस अवसर पर अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह तथा विद्यालय के सहायक प्रबंधक कुमार आर्यन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके आगमन से विद्यार्थियों में अत्यधिक उत्साह का वातावरण बन गया। कार्यक्रम के पश्चात एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा का महत्व, युवाओं की भूमिका एवं समाज में बढ़ती चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रश्न प्रस्तुत किए। सांसद ने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों का अत्यंत सरल, सारगर्भित एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन अपनाने, महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है, और उनकी सकारात्मक सोच एवं सही दिशा में किए गए प्रयास राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर माननीय सांसद महोदय ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस प्रकार के आयोजन को अत्यंत सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक प्रबंधक कुमार आर्यन द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सहायक प्रबंधक कुमार आर्यन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के विचारों को सीधे सुनना और उस पर चर्चा करना विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों एवं जिम्मेदारी की भावना को विकसित करता है। साथ ही ऐसे अवसर विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने का मंच प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अनुशासन, सहभागिता एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा, जो इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है।

# अग्निपीड़ितों को निर्गत की गई अनुदान राशि

## प्रभावित क्षेत्र में विशेष शिविर लगाने का दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के बेरी पंचायत में आगलगी की घटना से प्रभावित क्षेत्र का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रभावित 25 परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी पीड़ित परिवारों को जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अंतर्गत आवश्यक सभी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। प्रभावित परिवारों को राहत अनुदान की राशि का चेक तत्काल निर्गत कर दिया गया है तथा पॉलीथिन शीट सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, रेड क्रॉस के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को दैनिक उपयोग की सामग्री एवं बर्तन आदि उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं को सुचारू रूप से पूरा कर सकें।

पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु तत्काल पानी के टैंकर की व्यवस्था की गई है। साथ ही, जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को अविलंब चापाकल अधिष्ठापन कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्थायी रूप से पेयजल की समस्या का समाधान हो सके। स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है, जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को निर्देशित किया गया है कि प्रभावित क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित कर सभी पात्र लाभुकों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाए। इसके अंतर्गत पेंशन योजना, आधार कार्ड पंजीकरण एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस आपदा की घड़ी में त्वरित राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र सामान्य स्थिति में लाया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, अंचल अधिकारी, मदनपुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अग्निपीड़ितों को मिलेगी पांच-पांच डिसमिल जमीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मदनपुर (औरंगाबाद)।** बेरी पंचायत के पुरन बिगहा में आगलगी के पीड़ितों से केन्द्रीय लघु उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने मुलाकात की और यथोचित मदद का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अग्नि पीड़ितों को पांच-पांच डिसमिल जमीन की बासगीत पर्चा देकर आवास निर्माण कराने, बच्चों की पढ़ाई के लिए प्राथमिक विद्यालय खुलवाने, रोड, बिजली और पानी के लिए तीन चापाकल गड़वाने के साथ ही सामुदायिक रसोई व्यवस्था कराने का निर्देश जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा को दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस जमीन पर अग्नि पीड़ित रह रहे है, उस जांच करवाया जाए और उन्हें मालिकाना हक दिया जाए। वैसे, राज्य सरकार का नियम है कि जिस जमीन पर कोई व्यक्ति 12 वर्षों से रह रहा है तो वह जमीन उसके नाम हो जाता है। यहां अग्नि पीड़ितों के घर की आबादी 47 है। यहां एक प्राथमिक विद्यालय, बिजली, पेयजल व्यवस्था के लिए तीन चापाकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही शौचालय, पक्कीकरण रोड का निर्माण और रोजगार की व्यवस्था, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की जाए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अग्नि पीड़ितों के लिए तत्काल आवासन की व्यवस्था की जाए।



जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि कैंप लगाकर वृद्धावस्था पेंशन, जाब कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। जमीन की जांच करा कर पांच-पांच डिसमिल जमीन का बासगीत पर्चा देकर प्रधानमंत्री आवास योजना तहत आवास निर्माण कराने के लिए कार्य किया जाएगा। दो माह का राशन एक साथ दिया जाएगा। सामुदायिक किचन व्यवस्था किया गया है। स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। तत्काल पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर दिया गया है। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम, सहायक आपदा प्रबंधन अंतरा कुमारी, सहायक प्रशासी पदाधिकारी अवधेश कुमार, सीओ मो. अकबर हुसैन, बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, जिला परिषद सदस्य विकाश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, राजू सिद्धि यादव, रत्नेश कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# गैस कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6629 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6967 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है।

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है।

संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 26 अप्रैल तक जिला में कुल नए 209 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 6 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से छह संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 26 अप्रैल को प्राप्त कुल 14 शिकायतों में से 13 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# बिहार के विजन को यूपी ले जाएगी लोजपा रामविलास

**उपेंद्र कश्यप /नबिटा संवाददाता**
**दाउदनगर।** वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए से अलग होकर अकेले 135 सीट पर चुनाव लड़ी। नतीजा जदयू अपने सबसे बुरे दौर में पहुंच गई थी। तब इस पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान ने बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का नारा दिया था। जिसे डॉक्यूमेंट विजन बताया गया था। हालांकि चुनाव अकेले लड़ने को लेकर हुए मतभेद के कारण पार्टी में विभाजन हुआ और वर्ष 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का गठन हुआ। जिसके सर्वे सर्वे चिराग पासवान हैं। अब पार्टी बिहार के छह साल पुराने डॉक्यूमेंट विजन को नए रंग ढंग में डालकर उत्तर प्रदेश ले जाने की तैयारी में है। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है और वहां यह पार्टी सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। तैयारी आरंभ हो गई है। पॉलिटिक्स की चाल बड़ी टेढ़ी होती है। शतरंज में घोड़ा भले ढाई चाल चलता है, लेकिन राजनीति की चाल को अंकों में बताना लगभग असंभव है। पार्टी अपना विस्तार करना चाहती है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में उसने नारा दिया है - यूपी फर्स्ट- यूपी वाले फर्स्ट। यानी बिहार में जो नारा चिराग पासवान ने 2020 में दिया था, और 2025 में एनडीए के साथ रहकर चुनाव लड़ते हुए इसी नारे को आगे बढ़ाती रही उसका उसे लाभ भी हुआ। अब इसी विजन के साथ वह उत्तर प्रदेश पहुंच रही है। कोशिश यह है कि पार्टी इस तरह के नारे से यूपी वालों को प्रभावित कर सके। भले ही केंद्र में एनडीए का हिस्सा है पार्टी, लेकिन उत्तर प्रदेश में चुनाव अकेले लड़ने की तैयारी है। स्थानीय मुद्दों और सामाजिक समूह विशेष कर दलित और बहुजनों के प्रतिनिधि के रूप में खुद को स्थापित करने की पार्टी कोशिश करती हुई दिख रही है। अब इसमें सफलता कितनी मिलेगी यह वक्त बताएगा। परिणाम आने के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। पार्टी की कोशिश यह भी है कि पूर्वांचलियों को प्रभावित किया जाए और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा जाए। महत्वपूर्ण यह है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित बहुजन काफी प्रभावशाली जातीय समूह है। इस वोट बैंक पर कई नेताओं के दावे हैं। ऐसे में लोजपा रामविलास की यह कोशिश एनडीए को लाभ पहुंचा सकती है। पार्टी के पिछड़ा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिला प्रभारी बनाए गए ओबरा के विधायक डॉ प्रकाश चंद्र तथा उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के प्रभारी बनाए गए पार्टी के प्रदेश महासचिव सह डिहरी ऑन सोन के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने बताया कि संगठन विस्तार के लिए 30 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। पार्टी के तमाम विधायक और सांसदों को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गई है। महत्वपूर्ण है कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कुल 27 विधायक और पांच सांसद हैं। जिसमें बिहार से 29 विधायक और पांच सांसद हैं। जबकि झारखंड से एक तथा नागालैंड व मणिपुर से छह विधायक हैं। सभी को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गई है ताकि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से खड़ी हो सके।





पोलिटिक्स बहुत टेढ़ी होती है। इसमें जो आज दिखती है, जरूरी नहीं कल वही हो।

# विपक्ष भ्रम फैलाकर महिलाओं को गुमराह करने का कर रहा है प्रयास




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** महिला आरक्षण के वास्तविक रूप से लागू नहीं हो पाने के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी की महिला नेताओं ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। रविवार को औरंगाबाद शहर के होटल शुभम इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा की प्रदेश मंत्री पूनम रविदास ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में केंद्र सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन विपक्षी दल लगातार इसमें बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में महिला आरक्षण कानून पारित कराया गया, जो महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। इसके बावजूद विपक्ष इस मुद्दे पर भ्रम फैलाकर महिलाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में हाल ही में महिला आरक्षण को शीघ्र लागू करने से जुड़े संवैधानिक संशोधन विधेयक पर विपक्ष ने समर्थन नहीं दिया, जिसके कारण यह आवश्यक बहुमत प्राप्त नहीं कर सका। उनका कहना था कि विपक्ष सार्वजनिक मंचों पर महिला अधिकारों की बात करता है, लेकिन संसद में उनका वास्तविक चेहरा सामने आ जाता है। प्रदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व लाभ योजनाएं और महिला आरक्षण कानून जैसे कदम इसका प्रमाण हैं। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राजनीति न करे और महिलाओं के हित में सकारात्मक सहयोग दे। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिला आरक्षण पूरी तरह लागू होगा और देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी।

## ठगी गिरोह का शातिर बदमाश गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैंक उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर ठगी करने वाले गिरोह का एक शातिर बदमाश को रिसियप पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान बांका जिले के कदरा पथार निवासी सुभाष कुमार पासवान के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बीती 26 मार्च को भलुहारा निवासी धीरज कुमार ने रिसियप स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 50 हजार रूपये निकाले थे। बैंक से बाहर निकलते ही तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें अपनी बातों में फंसाया और झांसा देकर उनके पैसे ठग लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान शुरू किया जिसमें तकनीकी एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर 7 अप्रैल को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि गिरोह के दो सदस्यों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** चलती ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना नबीनगर रोड स्टेशन के पास की है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के देवकली देवलाश गांव निवासी महिपाल यादव के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतक के पुत्र चंद्रकेश कुमार ने बताया कि पिता जी की मानसिक हालत कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। इलाज के लिए रांची गए थे। चिकित्सक से दिखाने के बाद बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस से अपने घर लौट रहे थे। नबीनगर रोड स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद वॉशरूम की ओर गए थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। घटना के बाद चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवाया। स्थानीय लोगों की मदद से डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिपाल यादव अपने पीछे चार बेटे चंदन यादव (24), चंद्रकेश यादव (21), दीपक यादव (17) एवं दीपांशु यादव (12) को छोड़ गए हैं।

## हत्या सहित अन्य अपराधों में 12 लोग भेजे गए जेल

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाए जाने, अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हादसे के पीड़ितों से मिले प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के दिहुली गांव में 26 अप्रैल को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद पीड़ित परिवारों के बीच शोक का माहौल है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी गांव पहुंचकर मृतकों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना ने कई परिवारों को गहरे संकट में डाल दिया है, जिनकी मदद के लिए प्रशासन को तत्परता दिखानी चाहिए। मौके पर ही प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने जिला पदाधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर पीड़ित परिवारों को तत्काल मुआवजा राशि उपलब्ध कराने तथा घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इस पर जिला पदाधिकारी ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि अधिकांश पीड़ित परिवार मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं और इस हादसे के बाद उनकी आर्थिक स्थिति और भी कठिन हो गई है। ऐसे में प्रशासन की त्वरित सहायता बेहद आवश्यक है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि उन्हें हर संभव सहायता दिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे।



नगरपालिका आम/उप निर्वाचन 2026

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
State Election Commission, Bihar

आयोग का है यही विचार। सभी मतदाता की सूची हो तैयार।।

मतदाता सूची संबंधित दावा/आपत्ति 2 दिन शेष

नगरपालिका आम/उप निर्वाचन 2026 हेतु प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 15.04.2026 को कर दिया गया है।

दावा/आपत्ति करने की अवधि दिनांक 15.04.2026 से 28.04.2026 है।

"नागरिक करें जरूरी काम, सूची में खोजें अपना नाम... अगर—"
- नाम छूटा हो, तो तुरंत जुड़वाएं।
- 18+ हो चुके हैं, तो नाम दर्ज कराएं।
- कोई त्रुटि हो, तो सुधार कराएं।
- गलत नाम हो, तो उसे हटवाएं।




प्रारूप मतदाता सूची देखें :-
- जिला कार्यालय
- नगर निकाय के मुख्य कार्यालय
- नगर निकाय के अंचल कार्यालय
- वार्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित थाना अथवा थाना जिसके क्षेत्र अंतर्गत वार्ड या वार्ड का अंश स्थित है
- वार्ड क्षेत्र अंतर्गत डाकघर
- नगर निकाय बाजार,आम वाचनालय एवं आम पुस्तकालय
- आयोग के वेबसाइट www.sec.bihar.gov.in पर

कैसे करें आवेदन

ऑफलाईन
- मतदाता अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र में सीधे निबंधन पदाधिकारी (अनुमंडल पदाधिकारी) / रिवाइजिंग अथॉरिटी (प्राधिकृत पदाधिकारी) को दे सकते हैं।
- सारे प्रपत्र निबंधन पदाधिकारी (अनुमंडल पदाधिकारी)/ रिवाइजिंग अथॉरिटी (प्राधिकृत पदाधिकारी) के कार्यालय में उपलब्ध है या फिर आयोग के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।
- आवेदन जमा करने पर पावती रसीद अवश्य प्राप्त करें।

ऑनलाइन
- मतदाता आयोग की वेबसाइट www.sec.bihar.gov.in पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में भी आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदन करने के बाद स्वतः यूनिक नम्बर प्राप्त होंगे, इसी यूनिक नम्बर के माध्यम से आप अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं।

निर्धारित प्रपत्र जिसमें आवेदन देना है :-
- मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए - प्रपत्र-2
- किसी मतदाता से संबंधित विशिष्टियों के संशोधन के लिए - प्रपत्र-2A
- किसी मतदाता के नाम पर आपत्ति के लिए -प्रपत्र-3

कृपया ध्यान दें
- प्रारूप प्रकाशन की तिथि - 15.04.2026 को
- दावा आपत्ति प्राप्त करने की अवधि (पोर्टल पर प्रविष्टि) - 15.04.2026 से 28.04.2026
- दावा/आपत्ति का निष्पादन की अवधि - 17.04.2026 से 04.05.2026
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन - 13.05.2026

नोटः-24 जिलों में से 19 जिलों (भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, सीतामढ़ी, दरभंगा, सहरसा, गयाजी, जहानाबाद, बेगूसराय, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, नालंदा, प.चंपारण, पुर्णिया, रोहतास, वैशाली) में नगरपालिका उप निर्वाचन, 04 जिलों (औरंगाबाद, पटना, पू.चंपारण, सारण) में नगरपालिका आम एवं उप निर्वाचन तथा 01 जिले (सिवान) में नगरपालिका आम निर्वाचन कराया जाना है।

PR No.- 001911 (Panchayati Raj)D. 2026-27

SECBIHAR | sec.bihar.gov.in | secbihar@gmail.com | हेल्पलाइन नंबरः 1800 3457 243

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा जनहित में जारी